UPHIN/2016/74800

हिन्दी साप्ताहिक

नई सोच, नया जुनून...

करण वाणी

4 हिंसा से नहीं विकास से होगा..

5 जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व...

6 परिनिर्माण दिवस पर दी श्रद्धांजली

● वर्ष : 09 ● अंक : 11 ● लखनऊ, सोमवार 14 अक्टूबर 2024 ● मूल्य : 2 रु. ● पृष्ठ : 08

सीएम योगी की मां की तबीयत खराब, गोरखपुर से देहरादून पहुंचे

देहरादून। सीएम योगी आदित्यनाथ की मां की तबीयत खराब हो गई है। मां का हाल जानने वह रविवार की दोपहर देहरादून के जॉली ग्रांट अस्पताल पहुंचे। सीएम योगी सुबह गोरखपुर में थे जहां जनता दर्शन के दौरान उन्हें सैकड़ों फरियादियों से मुलाकात की। इसी के बाद पता चला कि सीएम की मां की तबीयत खराब है। रविवार पूर्वाह्न सीएम गोरखपुर से देहरादून के लिए रवाना हुए। वहां एयरपोर्ट से वह सीधे अस्पताल गए और मां से मुलाकात की। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उनकी मां की हालत स्थिर है।

सीएम योगी को आज नई दिल्ली में भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक में भी शामिल होना है। मिली जानकारी के अनुसार सीएम योगी रविवार दोपहर देहरादून पहुंचे। एयरपोर्ट से वह सीधे जॉलीग्रांट अस्पताल गए। वहां उन्हें होंने अपनी माता सावित्री देवी (उम्र 80 वर्ष) से मुलाकात की। सीएम योगी ने कुछ देर तक मां से बात की। उन्होंने डॉक्टरों से भी उनकी तबीयत के बारे में जानकारी ली। सीएम योगी के आगमन को देखते हुए देहरादून एयरपोर्ट से जॉलीग्रांट अस्पताल तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

संकोच नहीं करेंगे

जरूरत पड़ने पर पूरी ताकत से होगा हथियारों का इस्तेमालः राजनाथ सिंह

राजनाथ सिंह की दो टूक

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने बयान में सिंह के हवाले से कहा, भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान करता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने देश की सुरक्षा को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा कि भारत ने कभी किसी देश पर घृणा या द्वेष के कारण आक्रमण नहीं किया, लेकिन अगर इसके हितों को खतरा हुआ तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। विजयादशमी के अवसर पर सिंह ने पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर शस्त्र पूजा की। उन्होंने कहा कि यह अनुष्ठान एक स्पष्ट संकेत है कि अगर आवश्यकता हुई तो हथियारों व उपकरणों का पूरी ताकत से उपयोग किया जाएगा। सुकना स्थित 33 कोर को त्रिशक्ति कोर के नाम से जाना जाता है। यह सिक्किम सेक्टर में चीन से लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार है।रक्षा मंत्रालय ने बयान में सिंह के हवाले से कहा, 'भारत ने कभी भी किसी देश पर घृणा या बुरी नीयत से हमला नहीं किया। हम तभी लड़ते हैं जब कोई हमारी अखंडता और संप्रभुता का अपमान करता है या उसे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करता है।

जब धर्म, सत्य और मानवीय मूल्यों के विरूद्ध युद्ध छेड़ा जाता है, यही हमें विरासत में मिला है। हम इस विरासत को संरक्षित करना जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि अगर हमारे हितों को खतरा है तो हम बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेंगे। शस्त्र पूजा एक स्पष्ट संकेत है कि अगर आवश्यकता हुई तो हथियारों, उपकरणों का पूरी ताकत से उपयोग किया जाएगा। इस कार्यक्रम में थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, मनोनीत रक्षा सचिव आरके सिंह, पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी, सीमा सड़क संगठन के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल रघु श्रीनिवासन, त्रिशक्ति कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जुबिन ए मिनवाला और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बाबा सिद्दकी की हत्या का यूपी कनेक्शन

पकड़े गए तीन संदिग्धों में से दो बहराइच का, जांच में जुटी पुलिस

एजेंसी

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी (अजीत पवार) के नेता बाबा सिद्दकी की हत्या की जांच में मुंबई पुलिस जुटी हुई है। इस बीच इस हत्याकांड से यूपी का कनेक्शन भी सामने आ रहा है। जिन दो संदिग्धों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया है उनमें से एक यूपी के बहराइच के कैसरगंज इलाके के गुंडारा गांव का रहने वाला है। बाबा सिद्दकी की हत्या में मुंबई पुलिस ने दो संदिग्धों को वारदात के दो घंटे के अंदर ही गिरफ्तार कर लिया था।

इनमें से एक यूपी के बहराइच का और दूसरा हरियाणा का बताया जा रहा है। जबकि एक फरार संदिग्ध भी पकड़े गए बहराइच वाले आरोपी के गांव का ही बताया जा रहा है। यूपी पुलिस ने भी मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक इस

मामले में अधिकारिक रूप से कुछ नहीं कहा है। मिली जानकारी के अनुसार यूपी पुलिस ने बाबा सिद्दकी हत्याकांड में फरार बताए जा रहे शिवा गौतम की तलाश में बहराइच के गंडारा गांव स्थित उसके घर पर दबिश भी दी है। पुलिस ने दोनों आरोपितों के परिवारीजनों से पूछताछ की है। कुछ पुलिसकर्मी उनके घरों पर तैनात भी हैं। रविवार सुबह से ही बहराइच का यह गांव चर्चा में है। सुबह-सुबह गांव में यह चर्चा फैल गई कि बाबा सिद्दकी हत्याकांड में मुंबई पुलिस ने गांव के धर्मराज कश्यप पुत्र राधेश्याम को हिरासत में लिया है। जबकि उसका साथी इसी गांव का शिवा गौतम उर्फ बाल किशुन फरार है। पुलिस उसकी तलाश में है। यही नहीं, कुछ देर बाद ही कैसरगंज थाने की पुलिस ने गांव में शिवा गौतम की तलाश में दबिश भी दे दी। शिवा तो नहीं मिला लेकिन पुलिस ने उसके परिवारीजनों से पूछताछ की।

गांववालों का कहना है कि शिवा के परिवार के कुछ लोग थाने भी गए हैं। गांव में पुलिस और मीडिया कर्मियों का तांता लगा है। कौतुहल वश आसपास के ग्रामीण भी आरोपियों के घरों के आसपास इकट्ठा हो गए थे। लोग हैरत में हैं।

क्या बोली फरार शिवा की मां

शिवा की मां सुमन ने कहा कि उसका बेटा तीन साल पहले तक टेंट हाउस में मजदूरी करता था। बाद में पुणे चला गया था। इस साल होली से पहले आया था। होली बाद फिर चला गया। एक बेटी की शादी हो चुकी है। शिवा की एक बड़ी बहन है। उसके कुल तीन भाई और तीन बहनें हैं। शिवा कभी कभार ही घर पर पैसे भेजता था। बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में चर्चित हुए दोनों आरोपियों का थाने में कोई भी आपराधिक रिकार्ड नहीं है।

बेहद गरीब परिवार से हैं दोनों आरोपी

धर्मराज और शिवा बेहद गरीब परिवारों से हैं। गांव में दोनों के घर कच्चे बने हैं। छत पर पॉलीथिन बंधी है ताकि बारिश में छत टपके नहीं।

यूपी में फिर पुलिस एनकाउंटर

मारा गया डेढ़ लाख का इनामी राजेश, इंस्पेक्टर और सिपाही को भी लगी गोली

संवाददाता

बुलंदशहर। यूपी में एक बार फिर पुलिस और बदमाश के बीच एनकाउंटर हुआ है। इमसें डेढ़ लाख के इनामी बदमाश राजेश को मार गिराया गया है। राजेश के खिलाफ 50 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। उस पर पुलिस ने कुल डेढ़ लाख रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। एनकाउंटर के दौरान अहार थाना प्रभारी और एक सिपाही को भी गोली लगी है। बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र में यह एनकाउंटर हुआ है।मारा गया अपराधी राजेश बुलंदशहर के ही थाना अहार क्षेत्र के सिहालीनगर गांव का रहने वाला था। उसके खिलाफ दर्ज 50 से अधिक मुकदमों में ज्यादातर लूट, डकैती और गैंगस्टर के मामले थे। यह पुलिस एनकाउंटर अनूपशहर के सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में हुआ है। पुलिस का कहना है कि राजेश विभिन्न मामलों में वांछित था। पुलिस को काफी दिनों से उसकी तलाश थी। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने उसकी घेराबंदी की। पुलिस ने राजेश से आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में उसे गोली लगी और वह मारा गयाबुलंदशहर पुलिस ने कुछ घंटों के अंतराल पर ही इस दूसरे एनकाउंटर का सामना किया। इसके पहले 12 अक्टूबर की रात में पुलिस ने एक एनकाउंटर में बाबूलाल और गोलू नामक दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। बाबूलाल और गोलू से खुर्जा नगर पुलिस की मुठभेड़ तब हुई जब पुलिस मदनपुर चौराहे के पास संदिग्ध वाहन की चेकिंग कर रही थी। उसी समय दो संदिग्ध व्यक्ति एक बाइक पर आते दिखे।

इटावा-आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दो विदेशी महिला समेत तीन की मौत

संवाददाता

इटावा। यूपी के इटावा जिले में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर माइलस्टोन-125 पर भीषण सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में दो विदेशी महिला समेत तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया।इटावा मुख्यालय से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह, उप जिलाधिकारी विक्रम सिंह राघव, ताखा उप जिलाधिकारी श्वेता मिश्रा और उसराहार थाना प्रभारी मंसूर अहमद पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार को क्रेन की मदद से कुदरेल चौकी पर खड़ा कर दिया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि यह दर्दनाक हादसा माइलस्टोन-125 पर खरगुआ गांव के पास हुई। कार अपने आगे चल रहे किसी वाहन से टकरा गई। हादसे में कार चालक संजीव कुमार, तीन सगी बहनें क्रिस्टन उर्फ तबस्सुम (20), आतिफा (25), नाज (30), कैटरीना और राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए।

अस्पताल में उपचार के दौरान नाज, कैटरीना और कार चालक संजीव कुमार की मौत हो गई। मृतकों में शामिल दो विदेशी लड़कियों में से एक रूस की और एक अफगानिस्तान की रहने वाली है।मृतकों के परिजनों ने बताया कि सभी लोग लखनऊ घूमने गए थे और वापस लौटते समय यह हादसा हो गया।

कुरुक्षेत्र-खजुराहो एक्सप्रेस में लगी आग

यात्रियों में मची अफरा तफरी, चेन पुलिंग कर रोकी ट्रेन

एजेंसी

छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर में रविवार को बड़ा हादसा टल गया। यहां कुरुक्षेत्र से खजुराहो जा रही ट्रेन संख्या 11842 के एक कोच में आग लग गई। आगजनी की घटना के बाद ट्रेन में अफरा-तफरी का माहौल हो गया।

इस दौरान घबराए यात्रियों ने ट्रेन की चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन को ईशानगर स्टेशन पर रोक दिया गया। यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों की सूझबूझ से आग पर काबू पा लिया। आगजनी के कारण ट्रेन अपने निर्धारित समय से एक घंटे की देरी से रवाना हुई। इस आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। दरअसल कुरुक्षेत्र से खजुराहो जा रही गाड़ी संख्या 11842 के डी-5 कोच में ईशानगर स्टेशन के समीप अचानक आग लग गई। कोच से धुआं निकलते देख यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई । आग को यात्रियों सहित स्टेशन मास्टर ने देख लिया था। ट्रेन में सवार यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक लिया। ट्रेन के ष्ठ5 कोच जनरल होने के कारण इसमें बड़ी संख्या में यात्री बैठे हुए थे। यात्रियों को ट्रेन से नीचे उतारा गया। इस घटना के बाद रेल कर्मचारियों ने तुरंत जांच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की। इसके बाद आग को बुझाया गया। बताया गया है कि मोटर की बेल्ट गर्म होने के कारण आग लग गई थी। करीब एक घंटे बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

कन्नड़ जाने बिना कर्नाटक में नहीं रह सकते

एजेंसी

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने 1 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस पर कन्नड़ झंडा फहराना अनिवार्य कर दिया है। राज्य के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि राज्य के स्थापना दिवस पर बेंगलुरु में सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी क्षेत्र समेत सभी शिक्षण संस्थाओं, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और कारखानों में कन्नड़ ध्वज जरूर फहराया जाए। उन्होंने कहा कि शहर और बेंगलुरू शहरी जिले में रहने वाले लगभग 50 प्रतिशत लोग अन्य राज्यों से हैं। उन्हें भी कन्नड़ सीखने को प्राथमिकता देनी चाहिए।

शिवकुमार ने कहा, 'हम मैसूर राज्य का नाम बदलकर कर्नाटक किए जाने के 50 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। 1 नवंबर कन्नड़ लोगों के लिए उत्सव का दिन है। बेंगलुरू के प्रभारी मंत्री के तौर पर मैंने एक नया कार्यक्रम तैयार किया है, जिसके तहत सभी स्कूलों और कॉलेजों, कारखानों, आईटी-बीटी क्षेत्र सहित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से कन्नड़ ध्वज फहराया जाना चाहिए।' उन्होंने बताया कि इस संबंध में आदेश जारी किया जाएगा।मंत्री ने कहा कि वह कारखानों और व्यसायिक संस्थानों से सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए नहीं कह रहे हैं। मगर, कन्नड़ ध्वज अनिवार्य रूप से फहराया जाना चाहिए।

कर्नाटक में कन्नड़ जाने बिना नहीं रहा जा सकता

अनौपचारिक लेकिन व्यापक रूप से मान्यता प्राप्त पीले व लाल 'कन्नड़ ध्वज' को 1960 के दशक में वीर सेनानी मा राममूर्ति ने डिजाइन किया था। शिवकुमार ने कहा, 'राज्योत्सव क

ा सरकारी समारोह एक स्थान पर आयोजित किया जाएगा, लेकिन निजी और सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में भी अनिवार्य रूप से समारोह आयोजित किए जाने चाहिए।' शिवकुमार ने कहा कि हर किसी को यह महसूस करना चाहिए कि कर्नाटक में कन्नड़ जाने बिना नहीं रहा जा सकता। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में एक नवंबर को कन्नड़ ध्वज फहराने के साथ स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस की तर्ज पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाने चाहिए।

9 विधायकों संग हो गए बागी

सीएम पद की मांग पर अड़े राव इंद्रजीत सिंह

एजेंसी

चढ़ीगढ़। हरियाणा में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्टूबर को होना है। इससे पहले ऐसी खबरें आईं कि पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद को लेकर खींचतान चल रही है। कहा गया कि गुरुग्राम से बीजेपी सांसद राव इंद्रजीत सिंह बागी हो गए हैं। मीडिया में कहा गया कि इंद्रजीत के साथ 9 विधायक हैं और वे सीएम पद की मांग पर अड़े हुए हैं। हालांकि, राव इंद्रजीत सिंह ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट करके खुद ही चीजों को साफ कर दिया। उन्होंने इस तरह की खबरों को पूरी तरह से गलत बताया। इंद्रजीत सिंह ने लिखा, कुछ मीडिया चैनलों पर तथ्यहीन खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमे मुझे 9 विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, आधारहीन समाचार है। मैं और सभी साथी विधायक भारतीय जनता पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हुए हैं।हाल ही में हरियाणा में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 90 में से 48 जीतों पर जीत दर्ज की। कांग्रेस के खाते में 37 सीटें गईं। खास बात यह है कि दक्षिण हरियाणा के अहीरवाल क्षेत्र में बीजेपी ने 11 में से 10 सीटों पर विजय पताका लहराया। यहां के ज्यादातर उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री और गुड़गांव के सांसद राव इंद्रजीत सिंह के करीबी माने जाते हैं। राव की बेटी आरती सिंह राव ने अटेली सीट से जीत दर्ज की। वह भी इस बार मंत्री पद की दौड़ में शामिल बताई जा रही हैं। मालूम हो कि इंद्रजीत सिंह केंद्र में प्लानिंग, कल्चर और स्टैटिस्टिक्स एंड प्रोग्रामिंग इम्प्लिमेंटशन विभाग के राज्यमंत्री हैं। इनके अलावा, अनिल विज का भी नाम सीएम पद की रेस में चल रहा था। उन्होंने खुद इसे लेकर अपनी इच्छा जाहिर थी।चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा आलाकमान ने यह साफ कर दिया था कि नायब सिंह सैनी ही अगले मुख्यमंत्री होंगे।

जो यहां से चले गए थे, अपने घर वापस आएंगेः फारूक अब्दुल्ला

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अब वहां सरकार बनाने की कवायद जोरों पर है। इसी बीच, नेशनल कॉन्फ्रेंस के मुखिया फारूक अब्दुल्ला ने कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश के जो लोग अपना घर-बार छोड़कर चले गए थे, वे अब वापस आएंगे।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा, मुझे उम्मीद है कि हमारे भाई-बहन, जो यहां से चले गए थे, अपने घर वापस आएंगे और अपने घर को संभालेंगे। अब समय आ गया है, उन्हें अपने घर लौट आना चाहिए, जल्दी आना चाहिए। हम अपनी तरफ से हर पहल करें। हम केवल कश्मीरी पंडितों के बारे में नहीं सोचते, बल्कि जम्मू के लोगों के बारे में भी सोचते हैं।

गाजियाबाद के डासना मंदिर में आयोजित महापंचायत खत्म

हिरासत में लिए गए कई लोग

संवाददाता

गाजियाबाद। महंत नरसिंहानंद की टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद के बाद विधायक नंद किशोर गुर्जर समेत डासना मंदिर समिति की ओर से आयोजित महापंचायत समाप्त हो चुकी है। विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि हिंदुओं की अस्मिता पर हमला करने वालों पर एनएसए लगाकर उनकी गिरफ्तारी की जानी चाहिए।महापंचायत में शामिल भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने कहा कि महापंचायत में लिए गए निर्णय के अनुसार, भारत में रहने वाले दस करोड़ रोहिंग्या बांग्लादेशियों को निकाला जाना चाहिए, जिन्हें कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में वोट के लिए बसाया है।इसके अलावा उन्होंने कहा कि मंदिरों और हिंदुओं की अस्मिता पर हमला करने वालों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाना चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत उनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए और कम से कम मृत्यु दंड की सजा दी जानी चाहिए।उन्होंने कहा कि, हमनें केंद्र सरकार से अनुरोध किया कि वह कठोर कानून बनाए, ताकि इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने वालों को भी मृत्यु दंड की सजा मिल सके।

महाकुंभ में होगी नेत्र कुंभ की स्थापना

शिविर में दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी

नेत्र कुंभ की परियोजना पर 9.15 करोड़ रुपए की आएगी कुल लागत

संवाददाता

लखनऊ/प्रयागराज। योगी सरकार प्रयागराज में होने जा रहे ऐतिहासिक महाकुंभ 2025 को भव्य, दिव्य, सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए दिन रात काम कर रही है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इसी क्रम में मेला प्रशासन द्वारा महाकुंभ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं स्नानार्थियों के लिए नेत्र कुंभ की स्थापना भी की जा रही है। 9 करोड़ से अधिक धनराशि से स्थापित होने वाला यह नेत्र कुंभ (नेत्र शिविर) श्रद्धालुओं को एक अस्थाई नेत्र देखभाल सुविधा प्रदान करेगा, जहां मेले के दौरान श्रद्धालुओं की दृष्टि सुधार, मोतियाबिंद सर्जरी और चश्मे का वितरण जैसी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। नेत्र कुंभ के लिए एक बड़ी केंद्रीय इकाई मुख्य मेला क्षेत्र में स्थापित की जाएगी।

हजारों श्रद्धालुओं को मिलेगा लाभ

महाकुंभ 2025 में रिकॉर्ड संख्या में पूरे देश और दुनिया से श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। योगी सरकार और मेला प्रशासन इन श्रद्धालुओं के लिए महाकुंभ को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए अपनी ओर से शत प्रतिशत प्रयास कर रहा है। नेत्र कुंभ की स्थापना उसी दिशा में उठाया गया कदम है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 में 9.15 करोड़ रुपए से अधिक का बजट प्रस्तावित किया गया है। इसके माध्यम से महाकुंभ के दौरान स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की नेत्र देखभाल सुरक्षित की जा सकेगी। यदि किसी श्रद्धालु को मोतियाबिंद सर्जरी की आवश्यकता होगी तो उसका भी प्रबंध किया जाएगा। वहीं नेत्र चेकअप के साथ ही चश्मे का वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। हजारों श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सकेगा।

14 साल की रेप पीड़िता हो गई गर्भवती

हाईकोर्ट ने दे दी 29 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत

एजेंसी

महाराष्ट्र। बॉम्बे हाई कोर्ट ने 14 साल की एक रेप पीड़िता को मेडिकल बोर्ड के ओपीनियन के खिलाफ 29 हफ्ते का गर्भ गिराने की इजाजत दे दी है। जेजे अस्पताल के मेडिकल बोर्ड ने गर्भपात के खिलाफ अपने विचार रखे थे। जस्टिस सारंग कोटवाल और नीला गोखले की बेंच ने कहा, पीड़िता की सुरक्षा और इच्छा किसी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है।

बता दें कि पीड़िता की प्रेग्नेंसी 24 सप्ताह की सीमा को पार कर चुकी थी। इसके बाद पीड़िता की मां ने हाई कोर्ट का रुख किया। पीड़िता के मां-बाप दिहाड़ी मजदूर हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि एक जानने वाले शख्स ने ही जुलाई में उसके साथ रेप किया था। 1 अक्टूबर को भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धारा और पॉक्सो के तहत केस दर्ज किया गया था। उस वर्क वह 27 हफ्ते की प्रेग्नेंट थी।9 अक्टूबर को डॉक्टरों के बोर्ड ने पाया कि 19.1 हफ्ते के बाद भ्रूण में कोई समस्या नहीं थी।

संक्षिप्त खबरें

तमंचा और कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। रविवार को उ0नि0 सुरेश कुमार मय हमराह थाना फुरसतगंज देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान अभियुक्त अभिषेक सिंह उर्फ ओम सिंह पुत्र विजय सिंह निवासी ग्राम ब्रह्मनी थाना फुरसतगंज जनपद अमेठी उम्र 18 वर्ष को मोहइया, केशरिया नहर पुलिया के पास से समय करीब 08ः00 बजे रात में गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

प्रतिबंधित हरे वृक्ष कटान जोरों पर, दरोगा करते हैं मैनेज

अमेठी। जिले भर मे प्रतिबंधित हरे बृक्षो का कटान विना अनुमति के धडल्ले से चल रहा है। सूत्रो की माने तो तीन हजार रुपए अवैध हरे बृक्ष प्रतिबंधित बिना अनुमति के स्थानीय थाना मे ठेकेदार को देना पडता है। प्रति बृक्ष एक हजार रुपए बन बिभाग के कार्यालय मे ठेकेदार को देना पडता है। पांच सौ रुपए प्रति बृक्ष सोशल मीडिया या यूट्यूब चैनल वाले को ठेकेदार को बृक्षो के अबैध कटान पर देना पडता है। यह बात लकडी ठेकेदार उमाशंकर ने बतायी। उन्होने यह भी बताया कि सोशल मीडिया या यूट्यूब चैनल को स्थानीय पुलिस देने के लिए कहती है। सोशल साइट्स पर चलने पर मुकदमा लिखना पडता है। कागजी कार्रवाई करना पडता है। उप बन क्षेत्राधिकारी का कहना है कि पुलिस सहयोग नही करती है। इस नाते अबैध वृक्ष कटान पर रोक नही लग पाती है। पुलिस ठेकेदारो की मिलीभगत है। शासन की मंशा है,और बन बिभाग भी चाहता है हरे बृक्ष प्रतिबंधित का कटान ना हो।

थानाध्यक्ष का कहना है कि बन बिभाग शिकायत दर्ज कराये। पुलिस कार्यवाही करने को तैयार है। जगह-जगह अबैध लकडी के स्टॉल लगे है। यह बन बिभाग की जिम्मेदारी है।

अवैध तमंचे के साथ एक युवक गिरफ्तार

अमेठी। मुंशीगंज पुलिस ने शुक्रवार की रात अवैध तमंचे के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गश्त के दौरान मुखविर की सूचना पर कोरारी लच्छनशाह के पास दूबेपुर (कनकसिंहपुर) निवासी आरोपी सत्यम चौरसिया को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि उसके पास से अवैध तमंचा व कारतूस बरामद किया है। प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की साथ ही उन्होंने किसी भी घटना की जानकारी होने पर पुलिस को सूचित करने की बात कही। और कहां कि कोई भी अपराधी बक्सा नहीं जाएगा द्य

जनपद मुख्यालय में हुआ मैकबेल हॉस्पिटल का उद्घाटन

अमेठी। जिले में गौरीगंज मुख्यालय पर मैकबेल अस्पताल का रविवार को उद्घाटन किया गया इस उद्घाटन समारोह में गौरीगंज सदर विधायक राकेश प्रताप सिंह वह जीएसटी एडिशनल कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला उपस्थित रहे साथ ही साथ अस्पताल के कर्मचारी व अधिकारी गण मौजूद रहे व्हाई इस दौरान अस्पताल प्रबंधन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि हमारा अस्पताल आधुनिक चीजों वह उपकरणों से पूरी तरह से लैस है और सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करके अस्पताल का उद्घाटन किया गया है यही नहीं उन्होंने यह भी बताया कि जिन मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ जाना पड़ता था अब उसके लिए उन्हें लखनऊ नहीं जाना पड़ेगा हमारे अस्पताल में वह सुविधा उपलब्ध करा दी जाएगी जिसको लेकर उन्होंने सारी व्यवस्थाएं पूर्ण कर रखी है, इस दौरान जीएसटी कमिश्नर भूपेंद्र शुक्ला से बात की गई अस्पताल पूरी तरह से सुख सुविधाओं से लैस है सुचारू व्यवस्थाएं की गई है यही नहीं मरीज के साथ आने वाले व्यक्तियों को भी रोकने की व्यवस्था की गई है साथ दवाएं भी उचित दर पर दी जाएगी।

ट्रक से कुचलकर साइकिल सवार युवक की दर्दनाक मौत

हैदरगढ़। कस्बा में शनिवार की शाम भिटरिया मार्ग पर ट्रक से कुचलकर एक साइकिल सवार किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। कस्बा हैदरगढ़ के ही निवासी विनोद कुमार सिंह की पुत्री तान्या घर से साइकिल से कुछ सामान लेने चौराहे जा रही थी।घर से दो सौ मीटर दूर नहर पुलिया पर पीछे से आ रहे ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दी।ट्रक का पहिया किशोरी के सिर को रौंदता हुआ निकल गया।दुर्घटना में किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई।सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक किशोरी के शव एवं ट्रक को कब्जे में ले लिया।

संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आई नवविवाहिता की मौत

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन की चपेट में आई एक नव विवाहिता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। थाना लोनीकटरा अन्तर्गत छन्दरौली रेलवे क्रासिंग गेट संख्या 175 सी के नजदीक शनिवार प्रातः लगभग 12बजे ग्राम भवनीयापुर निवासी पूजा रावत 22 वर्ष गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गयी जिसके कारण घटना स्थल पर ही पूजा की मौत हो गई। उल्लेखनीय है गत 21अप्रैल को पूजा का विवाह जनपद रायबरेली के शिवगढ़ थाने के गांव नयनखेडा निवासी रोहित रावत के साथ हुई थी। घटना के दो दिन पूर्व पूजा ससुराल से मायके आई थी। सूचना पर पहुंची लोनीकटरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेने के बाद पंचनामा पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा है।

पति सहित चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी। ससुरालीजनों के उत्पीड़न की शिकार हुई एक विवाहिता ने पति सहित चार लोगो के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है। थाना लोनीकटरा अन्तर्गत ग्राम इलियासपुर निवासी अर्चना पत्नी देवेन्द्र ने दर्ज कराई गई प्राथमिकी में पति,देवर शैलेन्द्र, ससुर गंगाप्रसाद व सास पर आरोप लगाया है कि वह एक राय होकर आये दिन उसे प्रताड़ित करने के अलावा दहेज की मांग करते हैं। दहेज देने से मना करने पर शुक्रवार को गाली गलौज करने के साथ मार-पीट कर घर से भगा दिया और दो लाख रुपए ससुराल से लाने को कहा दहेज न देने पर जान से मार डालने की धमकी ससुरारी जनों ने दी है।

गहरे पानी में डूबकर बारह वर्षीय किशोर की मौत

बाँगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली बांगरमऊ के ग्राम रतई पुरवा निवासी एक 12 वर्षीय किशोर स्नान करने के दौरान गहरे पानी में डूब गया। साथियों के शोर मचाने पर पहुंचे ग्रामीणों ने किसी तरह उसे मृत अवस्था में बाहर निकाला। किशोर का शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। ग्राम भिखारीपुर पतासिया के मजरा रतई पुरवा निवासी रामविलास का पुत्र शोभित 12 वर्ष आज रविवार को गांव के अन्य बच्चों के साथ खेलते-खेलते गंगा नदी की कटान से बने पोखर के पास जा पहुंचा और उसमें स्नान करने लगा। तभी वह गहरे पानी में डूब गया। बच्चों के गुहार मचाने पर पड़ोसी खेतों पर काम कर रहे ग्रामीण दौड़े और करीब आधा घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाद बच्चे को ढूंढ निकाला। किंतु तब तक किशोर की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची मां राधा देवी अपने बेटे का शव देखते ही दहाड़े मारकर रोने-बिलखने लगी। मृत किशोर का पिता कानपुर की एक गुटखा फैक्ट्री में काम करता है। घटना की सूचना किशोर के पिता को भेज दी गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक के एक भाई आलोक 8 वर्ष और एक बहन अनाया 2 वर्ष है। सूचना मिलते ही पिता कानपुर से चल चुका है।

रावण पुतला दहन के साथ मनाया गया दशहरा महोत्सव

पाटन,उन्नाव। अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक विजय दशमी का त्यौहार पूरे क्षेत्र में रावण पुतला दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। तहसील बीघापुर क्षेत्र के कस्बा बिहार में 50 वां दशहरा महोत्सव गौरी शंकर जन कल्याण समिति द्वारा रावण का पुतला दहन के साथ मनाया गया। इस मौके पर मेंलें का जैसा माहौल देखने को मिलता है। दिन में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां निकाल कर डोली के साथ गांव भ्रमण किया गया। विजयदशमी के दिन रावण पुतला दहन के पूर्व कन्हैया यादव का वीर रस आल्हा गायन तत्पश्चात रावण पुतला दहन एवं रात्रि में कानपुर की आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

शोभायात्राओं के साथ माँ दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

संवाददाता

बांगरमऊ,उन्नाव। नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित माता दुर्गा की मूर्ति विसर्जन यात्रा ने बीते शनिवार को सुबह करीब 11 बजे पवित्र कल्याणी नदी के लिए प्रस्थान किया। यात्रा चौघड़ा, छोटी बाजार, खत्रियाना, मस्तू टोला और मेमारन टोला होते हुए कल्याणी नदी के तट पर पहुंची। विसर्जन यात्रा की अगुवाई प्रदेश के पूर्व राज्यमंत्री चौधरी अशोक कुमार सिंह बेबी के साथ उनके पारिवारिक चौधरी संजीव सिंह, चौधरी आशीष सिंह गोलू, भुवनेश सिंह, सुनील सिंह चौधरी प्रमेश सिंह के अलावा कृष्णकांत श्रीवास्तव खजांची, बब्लू गुप्ता, राजीव सिंह, अनूप सिंह, उपेंद्र व सुधीर कुमार मिश्र सद्धू आदि श्रद्धालु भक्तों ने की।

इसी प्रकार नगर मोहल्ला न्यू कटरा स्थित माता दुर्गा मंदिर प्रांगण में

आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा की समाप्ति पर शनिवार को मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा कटरा व नानामऊ मार्ग तिराहा होते हुए बिल्हौर मार्ग से पवित्र कल्याणी नदी के तट पर पहुंची। विसर्जन यात्रा में क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार सहित नगर के विमलचंद्र शुक्ल, ज्ञानेश द्विवेदी, सर्वेश तिवारी, हरिओम तिवारी सभासद, श्रीकांत अग्निहोत्री, सुरेश दीक्षित, विनोद दीक्षित, अरुण कुमार द्विवेदी प्रधान, महेश दीक्षित, भोले शर्मा, दुर्गा शरण त्रिपाठी, अमन त्रिपाठी, छंगा शर्मा, रामशंकर मिस्त्री, ऋषि शुक्ला, गुड्डू शर्मा, नंदकिशोर द्विवेदी, विभु बाजपेई, मोहित शुक्ला, रोहित तिवारी व कौशल बाजपेई तथा राम नरेश सिंह सहित हजारों लोग शामिल हुए।

दोनों यात्राओं के कल्याणी नदी यात्रा के तट पर पहुंचने के बाद सभी प्रतिमाएं ÷जय माता दी÷ के उद्घोष के साथ पवित्र जलधारा में विसर्जित कर दी गईं। यात्रा के आगे युवा भक्तों की टोलियां डीजे की धुन पर नृत्य करती चल रही थीं। यात्रा के दौरान रास्ते में जगह-जगह दर्जनों नागरिकों ने विसर्जन यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया।

नगर के मोहल्ला चौधराना स्थित पुरातन रामलीला मैदान में आयोजित परंपरागत राम लीला महोत्सव अंतर्गत भगवान राम और दशानन के मध्य संजीव द्वंद्व युद्ध का मंचन बीते शनिवार को देर शाम मूल स्थल के बजाए करीब एक किलोमीटर दूर स्थित इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विशाल प्रांगण में आयोजित किया गया। जहां कुशल कारीगरों द्वारा निर्मित करीब 20 मीटर लंबा भारी-भरकम रावण के पुतले को स्थापित किया गया। भगवान राम द्वारा आपने तीक्ष्ण वाण से नाभि को भेदते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा।

बाइक डिवाइडर से टकराई, सैलानी की मौत

संवाददाता

बाँगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम नसिरापुर के सामने आज रविवार को तड़के सैलानियों की तेज रफ्तार तीन रेसलर बाइकों में से एक बाइक सवार का बैग हैंडिल में लटक जाने से बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार सैलानी गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी सैलानियों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम आनन-फानन एंबुलेंस के जरिए बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पश्चिम बंगाल प्रांत के जनपद मुर्शिदाबाद के थाना ब्रह्मपुर अंतर्गत गांव चोवापुर निवासी 40 वर्षीय विक्रम बोत्रा पुत्र कमल सिंह गांव के ही साथी प्रलय हल्दर पुत्र प्रवीन हल्दर व विद्युत मजूमदार पुत्र सुबीर कुमार मजूमदार के साथ अलग अलग रेसलर बाइकों से भ्रमण हेतु लद्दाख जा रहा था। तभी रास्ते में

आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित ग्राम नसिरापुर के सामने आज रविवार को सुबह करीब 6ः30 बजे सैलानी विक्रम बोत्रा का बैग अचानक बाइक के हैंडल में लटक गया। जिससे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में बाइक सवार विक्रम बोत्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। अन्य साथी सैलानियों की सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम एंबुलेंस से घायल सैलानी को आनन-फानन बांगरमऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

बांगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ गंगा पुल पर बीते शनिवार को देर रात अज्ञात वाहन ने सब्जी बेचकर वापस घर लौट रहे किसान की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल चकनाचूर हो गई और साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नौबत गंज निवासी किसान मंशाराम 45 वर्ष पुत्र बउवा सब्जियों की खेती करता था। वह बीते शनिवार को अपने खेत से सब्जी तोड़कर बिक्री करने गंगा पार स्थित ग्राम नानामऊ की बाजार गया था। बिल्हौर मार्ग स्थित नानामऊ गंगा पुल पर रात करीब साढ़े नौ बजे अज्ञात वाहन ने किसान की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।

शान्ति पूर्वक सरयू नदी में दुर्गा प्रतिमाओ का हुआ विसर्जन

संवाददाता

रामनगर। तहसील रामनगर के संजय सेतु के पास बह रही सरयू सरयू नदी मे दशमी के दिन दुर्गा प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया।भक्तो ने भारी भीड़ के साथ आकर माता की आरती के बाद उनका विधिवत विसर्जन किया।सुरक्षा के भारी बंदोबस्त थे।रामनगर ब्लॉक की कुल 82 प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया।

शनिवार को सरयू नदी में विसर्जन के समय हजारों की संख्या में श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली पर मां की प्रतिमा रखकर डीजे की धुन पर नाचते गाते हुए प्रतिमा विसर्जन स्थल सरयू नदी घाट पंहुचे जंहा उन्होंने पूजा आरती कर प्रतिमा विसर्जित की। प्रतिमा विसर्जन स्थल के पास एडीएम न्यायिक इंद्रसेन् यादव, एडिशनल एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा, सी ओ सौरभ श्रीवास्तव ,एसडीएम पवन कुमार, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह, कोतवाल रत्नेश कुमार पांडेय साहित तहसील के लेखपाल मौजूद रह कर सुरक्षा व्यवस्थाए देखते रहे। पांच नावे विसर्जन के लिए लगाई गई थी तथा 20 गोताखोर लगे हुए थे जो नावो पर दुर्गा प्रतिमा को रखकर सरयू नदी में विसर्जन कर रहे थे। पूरे सरयू नदी के घाट पर मेला लगा हुआ था।

राम नगर की प्राचीन रामलीला राम राज्याभिषेक के साथ हुई सम्पन्न

संवाददाता

रामनगर बाराबंकी। विगत चार दिनों से हो रही रामनगर कस्बे की पुरानी रामलीला भरत मिलाप व भगवान राम के राजतिलक के साथ सम्पन्न हो गई। रामनगर कस्बे के बेहतरीन कलाकारों ने रामलीला में एक से एक भूमिका निभाई जो सराहनीय रही। शाम सात बजे रामनगर थाने के नीचे भगवान राम व भरत का मिला हुआ तो ग्रामीणों ने जमकर जयकारे लगाए।

धनुष यज्ञ मैदान अंदर बाजार में भगवान राम का भव्यता के साथ राजतिलक हुआ। कार्यक्रम में आरती करने के लिए रामनगर स्टेट की रानी मृणालिनी सिंह व राजकुमारी मौजूद रहीं जिन्होंने भगवान राम की प्रथम पूजा अर्चना कर आशीर्बाद प्राप्त किया।।उसके बाद फिर अन्य लोगों ने भगवान राम की पूजा अर्चना की। रामनगर स्टेट की रानी मृणालिनी सिंह ने लोगो का आभार व्यक्त

करते हुए कहा कि मर्यादा पुरूषोत्तम श्री राम, सीता मैया, भगवान लक्ष्मण और भगवान हनुमान के आशीर्वाद से रामनगर रामलीला मैदान में भव्य और दीप्तिमय रामलीला हुई।रामनगर की रामलीला को सदैव स्वर्गीय राजा रत्नाकर सिंह रैकवार कराया करते थे जिन्हे रामलीला बहुत प्रिय थी।

उनके हृदय में रामनगर रामलीला समिति के प्रत्येक सदस्य और नागरिकों के प्रति गहरा प्रेम और स्नेह था।इस बार जिन्होंने रामलीला उत्सव के लिए अपना बहुमूल्य समय दिया और राज घराने की विरासत को संरक्षण करने में समर्थन किया तथा परिवार को सम्मानित करते हुए रामलीला को भक्तिभावना व निष्ठा से किया उन सभी का करौली की युवरानी अंशिका कुमारी, राजकुमारी कमलाक्षी सिंह, राजकुमारी कात्यायनी सिंह और राजकुमारी दिव्य ज्योति बहुत आभारी हैं राजकुमारी कमलाक्षी ने अपने पिता की स्मृति में कोठी अमर सदन में राम, लक्ष्मण और सीता माँ की सवारी की तिलक और पूजा भी की।

कलेक्ट्रेट भवन बन कर तैयार, डीएम को करना होगा इंतजार

संवाददाता

अमेठी। जनपद का सृजन हुए14साल बीत गए, इसके बाद भी जनपद वासियों को नये कलेक्ट्रेट भवन में काम सुरू होने के लिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। भवन बनकर भले ही तैयार हो गया हो लेकिन अभी वहां काम पूरी तरह से सुरू होने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। अभी कुछ काम बाकी है काम पूरा होने के बाद ही नये भवन में कलेक्ट्रेट का काम सुरू किया जाएगा। पिछले कई वर्षों से जामों रोड पर कलेक्ट्रेट का निर्माण चल रहा है। भवन तैयार हो जाने के बाद फर्नीचर का बजट सरकार की तरफ से जारी कर दिया गया है। लगभग सभी कक्षों में फर्नीचर लगा दिया गया है। इसके बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि नये भवन में कलेक्ट्रेट जल्द सुरू कर दिया जाएगा। परन्तु अभी इसमें एक नई अड़चन आ रही है। कलेक्ट्रेट के चारों तरफ बाउंड्री वॉल का काम अभी नहीं हो सका है। जिससे प्रशासनिक अधिकारी वहां कलेक्ट्रेट का काम अभी चालू करने में पीछे हट रहे हैं। बाउंड्री वॉल न होने से तमाम तरह की परेसानी का सामना करना पड़ सकता है।इस लिए जिम्मेदार अभी वहां पर काम शुरू करने से पीछे हट रहे हैं। और भी अभी समस्या है।जिसे पूरा करने के लिए शासन से बजट मांगा गया है। शासन से जुड़े लोग यह बताते हैं कि 4करोड का बजट शासन से मांगा गया है।जब बजट मिल जाएगा तो अधूरा पड़ा काम पूरा कर कलेक्ट्रेट चालू किया जाएगा। इस सम्बन्ध में जब जिम्मेदार से बात की गई तो एडीएम अर्पित गुप्ता ने बताया कि बजट का इंतजार है सूत्रों की माने तो नवंबर माह में जनपद में दो कोर्ट चालू होने वाली है, जिससे पहले कलेक्ट्रेट में काम का शुरू हो सकता है।

ज़मीनी विवाद में भाई की पत्नी की पीट-पीट कर हत्या

संवाददाता

बेलहरा, बाराबंकी। जमीनी विवाद के चलते बडे भाई व उसके पुत्रों ने अपने पिता की पिटाई शुरू कर दी। बीच बराव कराने आई छोटे भाई की पत्नी की लाठी डन्डों से पीट पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

आरोपियों को लिया गया हिरासत में, शव भेजा पोस्टमार्टम के लिये

थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र ग्राम बिहुरा निवासी मोल्हेराम गौतम की बेलहरा रोड पर तीन बीघे बेशकीमती भूमि है। मोल्हेराम ने अपने दो पुत्र मंशा गौतम व राममूर्ति गौतम को एक एक बीघे का हक दे रखा है जबकि एक बीघे की स्वयं देखरेख करता है। पिता के हिस्से की एक बीघे जमीन को

हथियाने को लेकर आये दिन मंशा लडाई झगड़ा करता था।

शनिवार को रात मंशा उसके पुत्र राहुल, श्यामू, रामू व उसका साला राजेश निवासी सरैंया जनपद सीतापुर ने एकराय होकर घर के बाहर सो रहे मोल्हे की लाठी डन्डों से पिटाई शुरू कर दी। ससुर को पिटता देख राममूर्ति की पत्नी लीलावती व पोती पूजा, जूली व पोता अंकित बीच बराच करने पहुंचे तो सभी आरोपियों ने सभी को लाठी डन्डों से जमकर पीटना शुरू कर दिया। जिसमें लीलावती गम्भीर रूप से घायल होकर अचेत होकर गिर गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेन्स के माध्यम से लीलावती को उपचार के लिए सीएचसी फतेहपुर भेजा जहां पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

मृतका के पति ने बताया कि वह पल्लेदारी का कार्य करता है जब यह मारपीट हो रही थी वह घर पर मौजूद नही था। आरोपी बडे भाई मंशा के तीनों पुत्र विदेश में कार्य करते है इस समय सभी घर पर मौजूद थे। मृतका के पति की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मृतका लीलावती के दो पुत्र अंकित 18 वर्ष पंकज 12 वर्ष व दो पुत्रियां जूली 17 वर्ष, पूजा 16 वर्ष है जिसमें से एक पुत्र व दो पुत्रियां पढाई करने के लिए जाते है मृतका का पति राममूर्ति पल्लेदारी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मां की हुई अचानक मौत के बाद सभी बच्चे बदहवाश हो गये और फूट-फूटकर रो रहे है।

राममूर्ति व मंशा का घर आसपास

राममूर्ति व मंशा का घर आसपास की है देर रात जब पिता मोल्हे सो रहा था तभी जमीन को अपने पक्ष में लिखने के लिए आरोपियों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी थी। शोरगुल सुनकर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गये थे लोगो ने बीच बराव कराने का काफी प्रयास किया लेकिन सभी के सिर पर खून सवार था इस मारपीट में मंशा उसके पुत्र राहुल, रामू, श्यामू को भी चोटे आई है पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

सुरक्षा के बीच प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

संवाददाता

मसौली बाराबंकी। विजयदशमी पर्व क्षेत्र में बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। क्षेत्र की 71 प्रतिमाओं को देर रात तक विसर्जन किया गया है। सुरक्षा व्यवस्था में तहसील प्रशासन, पुलिस और पंचायत राज विभाग के लोग मुस्तैद रहे।

क्षेत्र के कस्बा मसौली बाजार, कटरा, ज्योरी, शहावपुर, गुरेला, करपिया, कपरियनपुरवा, बड़ागांव, बिन्दौरा, धरौली सहित 71 स्थानों की प्रतिमाओं को सुबह से रथयात्रा गांव के विभिन्न मोहल्लों से होते हुए बाराबंकी रामनगर हाईवे पहुंचकर कल्याणी नदी विसर्जन घाट पर पहुंचकर प्रतिमाओं का विसर्जन देर रात तक चलता रहा। रथयात्रा के साथ अमीर गुलाल उड़ाते हुए बैंड बाजा, डीजे की धुन पर मां के गीतों पर महिलाएं,पुरुष और बच्चे झूमते

नजर आए। छोला चावल, बून्दी, हलवा आदि का प्रसाद का वितरण जगह जगह किया जा रहा था।

बाराबंकी रामनगर हाईवे पर स्थित कल्याणी नदी में प्रतिमाओं का विसर्जन शनिवार की सुबह करीब दस बजे से ही इक्का दुक्का शुरू हो गया था। परन्तु शाम साढ़े 5 बजे कई प्रतिमा स्थापित वाहनों की भीड़ हाइवे बढ़ गई।जिस कारण जाम लग गया। पुलिस प्रशासन की जोरदार मुस्तैद से प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा। जो करीब साढ़े 8 बजे के बाद आवागमन सुचारू रूप से चालू हो सका।

इस मौके पर एसडीएम सदर आर जगत सांई, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट एवं खण्ड विकास अधिकारी मसौली काव्या सी, क्षेत्रधिकारी रामनगर सौरभ श्रीवास्तव, थाना प्रभारी यशकांत सिंह, एडीओ पंचायत जानकी राम,सहित तहसील प्रशासन, पंचायत राज विभाग सहित लोग मुस्तैद थे।

डेंगू बुखार से युवक की मौत,क्षेत्र में दहशत

बांगरमऊ उन्नाव। नगर के मोहल्ला भटपुरी में डेंगू बुखार से एक युवक की मौत हो गई। डेंगू बुखार से हुई मौत की खबर से बुखार के मरीजों में दहशत फैल गई। मोहल्ला भटपुरी निवासी अकरम खान 22 वर्ष पुत्र आबिद खान नगर के नौनिहालगंज बाजार में जूते चप्पल की दुकान लगता था। उसे चार दिन पहले तेज बुखार आया था। परिजनों ने उसे नगर के ही एक निजी क्लीनिक में दिखाया था। क्लीनिक के डॉक्टर ने डेंगू होने के संभावना बताकर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन आनंन -फानन उसे लखनऊ के अपोलो हॉस्पिटल ले गए। जहां के चिकित्सकों द्वारा उसकी जांच कराई गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। डेंगू बुखार से हुई मौत को लेकर बुखार पीड़ितों में दहशत का माहौल है। गौरतलब है कि नगर में फैली जगह-जगह गंदगी और जल जामव के कारण रोगजनित मच्छरो का पनपना जारी हैं।

पूर्व विधायक ने मा दुर्गा मूर्ति विसर्जन स्थल का किया भ्रमण

संवाददाता

रामनगर। मा दुर्गा मूर्ति विसर्जन स्थल सरयू नदी पर पंहुच कर निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी ने व्यवस्थाए देंखी। तथा क्षेत्र से आए सभी भक्तो से मुलाक़ात की।उन्होंने दशहरा पर्व की शुभकामनाए देते कहा कि असत्य पर सत्य की जीत के रूप मे इसे मनाएं। उन्होंने रामनगर क्षेत्र की सरयू नदी संजय सेतु के पास बनाए गए दुर्गा मूर्ति विसर्जन स्थल को देख मौजूद तहसीलदार,कोतवाल से बात चीत की तथा विरसर्जन के साथ आए विभिन्न गाँवो के कमेटी अध्यक्षों साहित सभी लोगो से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि पर्व सभी को सामजिक एकता में बाँधते है इसी लिए इसे मिल जुल कर मनाने की परम्परा है । उनके साथ आशीष कुमार,शैलेन्द्र सिंह, नानमून शुक्ला, राजेश अवस्थी, श्यामू शुक्ला आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

सरकारी अस्पताल में अल्ट्रासाउंड मशीन खा रही धूल, मरीजों को प्राइवेट में खाली करनी पड़ती जेब

पुरवा,उन्नाव। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था न होने से निजी स्वास्थ्य केंद्रों में अल्ट्रासाउंड कराने के लिए अपनी जेबें खाली करनी पड़ती है गरीब मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है। पुरवा तहसील मुख्यालय सहित अनेक सरकारी और गैर सरकारी ऑफिस का सेंटर है कई इंटर कॉलेज है उसके साथ ही कई महाविद्यालयो से घिरा हुआ कस्बा है हजारों छात्र छात्राएं प्रतिदिन इस कस्बे के कॉलेज में अध्ययन के लिए आते हैं बीमार होने पर सरकारी अस्पताल पहुंचते हैं क्षेत्रीय गरीब ग्रामीण भी अपना इलाज कराने के लिए हॉस्पिटल का चयन करते हैं, मरीजों की आवश्यकता और मर्ज को देखते हुए मरीज़ों को डॉक्टर अल्ट्रासाउंड की सलाह देते हैं। तब गरीब की जेब पर मार पड़ता है ओपीडी में मरीजों की संख्या प्रतिदिन औसातन 400 तक पहुंच जाती है अल्ट्रासाउंड मशीन धूल खा रही है ग्रामीण एवं कस्बे के गरीबों ने इस अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था की मांग स्वास्थ्य मंत्री से की है।

महिला सिपाहियों ने लिया हेलमेट लगाकर गश्त करने का संकल्प

बाँगरमऊ, उन्नाव। नगर के नौनिहालगंज बाजार में स्थित माँ भुवनेश्वरी देवी मन्दिर पहुंचकर महिला सिपाहियों ने माँ के दर्शन किये तथा दो पहिया वाहनों पर हेलमेट लगाकर गश्त करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीछक प्रेम चन्द्र सी ओ अरविन्द चौरसिया व कोतवाल राजेश पाठक ने महिला सिपाहियों को हेलमेट लगाकर गश्त पर रवाना किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी से लटका मिला युवक का शव

निन्दूरा संवाददाता। घुघटेर कोतवाली क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थितियों टीन सेट में युवक का रस्सी के सहारे लटका मिला शव सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा घुघटेर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम आमावां गांव निवासी संदीप कुमार 26 पुत्र जसकरन का संदिग्ध परिस्थितियों में घर में टीन सेट के पाइप में रस्सी के सहारे शुक्रवार सुबह लटका मिला शव टीन में लटका युवक का शव देखकर घर में हड़कंप मच गया ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए मुख्यालय भेजा इस संबंध में कोतवाली प्रभारी शिवकुमार ने बताया युवक शराब का आदी था शराब के नशे में फांसी लगाकर आत्महत्या किया शव को पीएम के लिए भेजा गया पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। ग्रामीणों का कहना है कि शादी के बाद से ही युवक अपने माता-पिता भाइयों से अलग होकर टीन सेट के निचे अपनी पत्नी बच्चों के साथ रहता था बृहस्पतिवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है युवक शराब का आदी था हर रोज शराब के नशे में घर आता था।

त्यौहार से पूर्व आबकारी विभाग का छापा, मचा हड़कंप

सिरौली गौसपुर, बाराबंकी। आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेश के क्रम में चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम आबकारी व पुलिस विभाग की टीम ने थाना बदोसरांय क्षेत्र के मरकामऊ, व पंजरौली की देशी शराब, वियर की दुकानों का चेकिंग की गयी। शुक्रवार को आबकारी इन्स्पेक्टर शिवानी सिंह चौहान आबकारी विभाग की टीम एंव थानाध्यक्ष बदोसरांय सन्तोष कुमार पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के साथ मरकामऊ,की देशी विदेशी बीयर की दुकानों तथा दरिगापुर में देशी शराब,पंजरौली की विदेशी एंव देशी शराब की दुकानों का निरीक्षण किया। आबकारी निरीक्षक शिवानी सिंह चौहान ने बताया है कि चेकिंग में दुकानों के स्टाक सेल्स रजिस्टर आदि की जांच की गयी दुकानें नियमानुसार संचालित पायी गयीं है।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

बाराबंकी। जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में जहांगीराबाद रेलवे स्टेशन के पास गुरुवार की रात करीब आठ बजे ट्रेन की चपेट में आकर एक अधेड़ की मौत हो गई। स्टेशन अधीक्षक ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंची जहांगीराबाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर मृतक की शिनाख्त के प्रयास किये लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस द्वारा छानबीन के दौरान ग्रामीणों ने मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के ही डमौल मजरे दरहरा गांव निवासी रामलखन उर्फ नेपाली (45) पुत्र स्व. भागू के रूप में की। सूचना पर रोते बिलखते परिजन भी पहुंच गए। प्रभारी इस्पेक्टर गीता द्विवेदी ने बताया कि मृतक मानसिक रूप से कुछ कमजोर था। रेल लाइन के किनारे वह क्या करने गया था या कैसे पहुंचा इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

फेस्टिवल में खरीदारी पर उपहार की बारिश

बाराबंकी। नवरात्रि के सीज़न में एलजी शॉपी ने खरीदारी करने वाले ग्राहकों को एयर कंडीशनर उपहार के रूप में वितरित किया। शोरूम के संचालक मोहम्मद् आलम ने बताया की अक्टूबर माह से शुरू हुआ यह ऑफर दीपावली ताकि चलेगा। उन्होंने बताया की नेवर बेफो ऑफर के तहत ग्राहकों में विजेताओं को निश्चित उपहार दिये जायेंगे। श्री आलम ने बताया की इस बार बीते कई वर्षों की तुलना में ग्राहकों की अच्छी खरीदारी देखने को मिल रही है।

डीएम एसपी द्वारा जायस में किया गया भ्रमण

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा दुर्गा पूजा, दशहरा व जुमे की नमाज के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र जायस/कस्बा जायस का भ्रमण किया गया एवं प्रभारी निरीक्षक जायस व गस्त/पिकेट ड्यूटी पर तैनात अधि0/कर्म0गण को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

दिव्यांग बच्चों को कराया जाएगा भ्रमण

अमेठी। दिव्यांग बच्चों को शैक्षिक भ्रमण कराया जाएगा।डी सी समेकित शिक्षा शशिकांत ने बताया कि परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को जिले के बाहर भ्रमण पर ले जाया जाएगा। बच्चों को लखनऊ चिड़ियाघर ले जाने की योजना बनीं है शैक्षिक भ्रमण से बच्चों को कुछ नया सीखने को मिलेगा।

पुलिस चौकी पर किया गया कन्या पूजन

अमेठी। मुंशीगंज परतोष पुलिस चौकी प्रभारी संजय सिंह ने नवरात्रि के समापन पर नवमी पर कन्या भोज का आयोजन किया. इस दौरान 9 कन्याओं की पूजा की गई और उन्हें भोजन कराया गया साथ ही कन्याओं को गिफ्ट भी दिए गए। मुंशीगंज थाना अंतर्गत आने वाले पुलिस चौकी परतोष पर चौकी प्रभारी संजय सिंह ने नौ दिन तक ड्यूटी पर रहते हुए अखंड नवरात्रि व्रत किए थे। उन्होंने बताया कि ड्यूटी होने कारण वे नवरात्रि में घर नहीं जा सके। लेकिन, उन्होंने नवरात्रि व्रत जरूर किए। नवरात्रि समापन पर उन्होंने कन्याओं को भोज कराया और उन्हें उपहार दिया।चौकी में कन्या भोज को लेकर सभी पुलिसकर्मियों ने सहयोग किया।

60 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमेठी। शुक्रवार को उ0नि0 कर्मवीर सिंह थाना कमरौली मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त मो0 दानिश पुत्र सैय्यद महताब निवासी निदूरा थाना कूरेभार जनपद सुलतानपुर उम्र करीब 28 वर्ष को उतेलवा बस स्टॉप के पीछे से समय करीब10:24 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 60 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

डीएम-एसपी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

- 143 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का किया गया शुभारंभ
- ग्रामीणों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की किया अपील

संवाददाता

अमेठी। जनपद में शिक्षा को बढ़ावा देने तथा हर बच्चे के हाथ में किताबों को पहुंचाने एवं गरीब तथा ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को निशुल्क किताबें उपलब्ध कराने तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी निशा अनंत द्वारा 15 अगस्त 2024 को कलेक्ट्रेट में पुस्तक संग्रहालय का शुभारंभ किया गया था जिसमें जनपद वासियों से किताबें दान देने की अपील की गई थी उन्हीं किताबों को अब जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में पहुंचाया जा रहा है जिसके क्रम में सुक्रवार को जनपद की 143 ग्राम पंचायतों में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है विकासखंड गौरीगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत आनापुर में जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पंचायत सचिवालय में स्थापित पुस्तकालय का फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

इसके साथ ही अध्ययन कक्ष का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके गांव में आज पुस्तकालय खुला है गांव के विकास के लिए यह पहला कदम है। उन्होंने सभी ग्राम वासियों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि आप लोग अपने बच्चों को प्रतिदिन पुस्तकालय में पढ़ने के लिए भेजे, स्कूल से आने के बाद पुस्तकालय भेजें, यहां पर कक्षा 1 से 12 तक तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की किताबें एवं अखबार आदि उपलब्ध हैं जिन्हें बच्चे पढ़ कर ज्ञान हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए लाइब्रेरी में बेहतर पढ़ाई हो पाती है आप लोग अपने बच्चों को बेहतर संस्कार दें। उन्होंने कहा कि जब तक आप लोग अपने बच्चों को पढ़ाएंगे नहीं तब तक आपके गांव व देश का विकास संभव नहीं है। उन्होंने उपस्थित महिलाओं से अनुरोध करते हुए कहा कि आप लोग अन्य कार्यों को करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को लाइब्रेरी में और पुस्तकें बढ़ाने के निर्देश दिए तथा सुरक्षा की दृष्टि से लाइब्रेरी में सीसीटीवी कैमरा भी लगवाने को कहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी ग्राम वासियों को आगामी त्योहारों की हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी और शिक्षा की इस मुहिम को और आगे तक बढ़ाने की अपील किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने इस पहल के लिए सभी को धन्यवाद दिया तथा कहा कि आप लोग भी इस पुस्तकालय में किताबें दान दे सकते हैं जिससे गरीब और ज्ञानार्जन करने वाले बच्चों को पढ़ाई करने में मदद मिल सकेगी, किताबों को हर उम्र के लोग पढ़ सकते हैं आप लोग इस सुविधा का अधिक से अधिक इस्तेमाल करें और लाभान्वित हों। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में आज जनपद की 143 ग्राम पंचायत में पुस्तकालय का शुभारंभ किया गया है।

कैंसर की बीमारी से परेशान था बुजुर्ग, लगाई फांसी

संवाददाता

सफीपुर, उन्नाव। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मरौदा मझवारा गांव में हृदय विदारक घटना सामने आई है। जहां 60 वर्षीय रामबहादुर तिवारी ने बीमारी से तंग आकर फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। रामबहादुर तिवारी पुत्र होरीलाल कई वर्षो से कैंसर जैसी घातक बीमारी से जूझ रहे थे जिससे उनका मानसिक और शारीरिक रूप से बुरी तरह से प्रभावित होने स्वाभाविक था। बीमारी के लगातार बढ़ने और इसके कारण होने वाले कष्टो से निराश होकर उन्होंने आत्महत्या का यह कदम उठाया। परिजनों के अनुसार रामबहादुर तिवारी लंबे समय से कैंसर की बीमारी से ग्रस्त थे अत्यधिक कष्ट के चलते परिवार की स्थित भी बेहद कठिन हो गई थी।उनके इलाज में खर्च हो रही बड़ी रकम और उनकी लगातार बिगड़ती हालत में परिवार को भी तनाव में डाल दिया था। उनकी पत्नि गायत्री इस स्थित से हताश होकर अपने मायके चली गई थी। परिवार पर पड़े इस भारी मानसीक दबाव ने। रामबहादुर तिवारी को गहरे अवसाद में ढकेल दिया और अंततः उन्होंने यह कठोर निर्णय लिया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची कोतवाल श्याम नारायण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

चेन छीनकर भाग रहे बदमाश की श्रद्धालुओं की धुनाई

सुबेहा । शौच के लिए घर से बाहर निकलीं बालिका से मोबाइल छीनकर भाग रहे बदमाश को पकड़ कर श्रद्धालुओं ने जमकर धुनाई किया। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने लूटे गए मोबाइल को बरामद कर लिया है।नगर पंचायत सुबेहा में शनि बाजार स्थित भिटारी वार्ड की पूर्व सभासद श्रीमती लक्ष्मी देवी का निवास स्थान है। गुरुवार रात 11 बजे श्रीमती सभासद की पुत्री सावित्री लघुशंका के लिए घर से बाहर निकलीं। उसी समय एक बदमाश ने सावित्री से मोबाइल छीनकर भागने लगा। थोड़ी दूर स्थित हनुमान मंदिर परिसर में श्रद्धालु भजन-कीर्तन में मंत्र मुग्ध थे। पीड़िता सावित्री ने जोर जोर से मोबाइल छीने जाने आवाज लगाई। आवाज़ सुनते ही श्रद्धालुओं ने भाग रहे बदमाश की घेराबंदी करके पकड लिया। सबसे पहले बदमाश की पिटाई हुई। उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने थोड़ी देर बाद लूटे गए मोबाइल को बरामद कर लिया। साथ ही मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नवरात्रि पर कवियों ने बाँधा समां

संवाददाता

मसौली बाराबंकी। नवरात्रि पर्व को लेकर शुक्रवार को कवि सम्मेलन के नाम रही। कस्बा मसौली, कटरा और बांसा में दुर्गा पूजा समिति द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कस्बा मसौली के बाजार स्थित दुर्गा मन्दिर पर स्थापित मां दुर्गा पांडाल परिसर में कवि सम्मेलन की अध्यक्षता रामेश्वर प्रसाद द्विवेदी संचालन राम किशोर तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वन्दना से हुई तत्पश्चात कवि सम्मेलन में अमेठी के रामेशवर प्रसाद द्विवेदी ने पढ़ा इतना महान कौन देश है बताएं जरा बिटिया,जहां की यमराज को पछाड़ती, नारी स्वाभिमान को बचाना गीध राज जहां। फतेहपुर के हास्यकवि समीर शुक्ला ने पढ़ा हमार गांव मुंदरी में जइसे नगीना, बड़े-बड़े छाडत हैं देख के पसीना।अंकिता शुक्ला कानपुर ने पढ़ा किसी भी अजनबी का इंतज़ार मत करना,भले ही दोस्त बना लेना प्यार मत करना। भवानी प्रसाद तिवारी कमल ने पढ़ा काहे हमका रहेंव कढ़ाई, तनिक बतावा मितवा। संदीप अनुरागी ने पढ़ा अतना जादा चोटिन छोटे,सब खाना पानी भूला है,भोरहे शीशा मा मुहं देखिन, तौ बहुत जोर से फूला है।

इस मौके पर दुर्गा पूजा समिति मसौली अध्यक्ष प्रेम नन्द वर्मा, अखिलेश यादव, कमलेश मिश्रा सहित लोग मौजूद थे।

दुर्गा जागरण मे देवी गीतों पर झूमे भक्त, मां के सुंदर भजन व सुंदर प्रस्तुत की गई झांकी

संवाददाता

पाटन,उन्नाव। शारदीय नवरात्र के अवसर पर अष्टमी को मां भगवती का जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ । इस मौके पर मां के सुंदर भजन व सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई।

महागौरी की उपासना के आठवें दिन ग्राम जप्सरा में मां भगवती के दरबार में कानपुर किदवई नगर की मां भगवती जागरण एंड पार्टी द्वारा जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया । जिसमें भजन गायिका नेहा गुप्ता, श्रेया जी, भारत आदि कलाकारों द्वारा सुंदर देवी भजन आज मेरी मैया को किसने सजा दिया जैसे भजन प्रस्तुत किए गए वही विनीत झांकी ग्रुप कानपुर द्वारा सुंदर झांकी प्रस्तुत की गई ।

जिसमें मां शेरावाली, शंकर पार्वती का नृत्य, फूलों की होली, मयूर नृत्य जैसे कार्यक्रम सम्मिलित रहे। दर्शक व श्रोता रात भर मां के गीतों में झूमते रहे ,तथा झांकियों का भरपूर आनंद लिया। आयोजक योगेंद्र सिंह उर्फ बाबा की ओर से आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया गया।

इस मौके पर सांसद साक्षी महाराज के प्रतिनिधि के रूप मे अमितेश सिंह उर्फ नंदू ने कार्यक्रम में शिरकत किया । इस मौके पर उन्होंने हमेशा समिति को सहयोग देने की बात कही। कार्यक्रम में माधव सिंह ,राज बहादुर सिंह, शिक्षक संघ सुमेरपुर के अध्यक्ष विनोद सिंह, शिक्षक आनंद सिंह, पूर्व शिक्षक गौरी शंकर सिंह, धुन्नी सिंह, मोनू सिंह पूर्व प्रधान, दयाशंकर, उपेंद्र, मनोज सिंह, दया शंकर तिवारी , जीतेन्द्र सिंह , महेश शुक्ला, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम का संचालन जीआई सी प्रधानाचार्य दिलीप सिंह भदवरिया ने किया।

अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

संवाददाता

बाराबंकी। कुर्सी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुनीमपुर बरतारा गांव निवासी मोनू रावत (25) पुत्र भागीरथ गुरवार को घर से अपनी बाइक से कस्बा कुर्सी बाजार गया था। देर शाम वह वापस घर लौट रहा था। मोनू बाइक लेकर लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग स्थित कपूर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा था कि इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन चालक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में वह सड़क पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी देवा भेजा। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने मोनू को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। परिजन उसे लेकर लखनऊ पहुंचे थे कि रास्ते में ही मोनू की मौत हो गई। रोते बिलखते परिजन मोनू के शव को लेकर घर लौट आए थे। बाइक के सामने अचानक आ गया था सांड कोठी थाना क्षेत्र के भुलियागंज गांव निवासी रजकला (42) गुरुवार को अपने देवर रमेश के साथ सफदरगंज थाना क्षेत्र में आई थी। शाम को दोनों बाइक से घर वापस लौट रहे थे। मुश्की नगर गांव के पास जंगल से अचानक एक सांड निकल कर रमेश की बाइक के सामने आ गया। जिससे इनकी बाइक सांड से टकरा कर अनियंत्रित होकर पलट गई। दोनों सड़क पर गिर कर घायल हो गए। रजकला को सिर पर गंभीर चोट आई। लोगों ने घायल को आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रमेश को भी उपचार किया गया।

लेखन प्रतियोगिता में गौरी विजयी

संवाददाता

मसौली (बाराबंकी)। श्री दुर्गा पूजा महोत्सव समिति भवानी नीम चबूतरा कटरा मसौली धाम द्वारा बाल प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रतिभा खोज सम्मान एवं पुरस्कार वितरण किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव , क्षेत्राधिकारी रामनगर द्वारा मां को पुष्प अर्पण किया गया तत्पश्चात समिति के अध्यक्ष श्री रतन प्रकाश द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी स्वरचित कविता लेखन में गौरी प्रजापति प्रथम स्थान, डांडिया सौम्य शक्ति ग्रुपडांस में सौम्या पटेल, कुमार कार्तिकेय पटेल, वैष्णवी विश्वकर्मा, योगिता, निबंध लेखन श्रेया सोनी, सौम्या यादव, पोस्टर में पालक रावत, सौम्या पटेल, अनंत वर्मा , क्विज प्रतियोगिता में वैष्णव, पल्लवी वर्मा, प्रतिष्ठा जूही प्रथम स्थान पर पुरूस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सौरभ श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी, राम नगर, बाराबंकी के हाथों से सम्मानित की गयी। और मुख्य अतिथि श्री सौरभ श्रीवास्तव जी द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन करते है कहा गया की आज के मोबाइल युग में ऐसी शैक्षणिक गतिविधियों की प्रतियोगिताऐ करवाना सम्मानीय बात है और आयोजक टीम बधाई की पात्र है, ऐसी प्रतियोगिताओं से बच्चों में शैक्षणिक रूप से निखार आता है।। मुख्य आयोजक श्री अमित कुमार पटेल द्वारा कहा गया कि ऐसे कार्यक्रम आज के आधुनिक समय में बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों से उत्साहवर्धन होता है।

इस अवसर पर कस्बा इंचार्ज राज़ करन सिंह नरेंद्र श्री दुर्गा पूजा महोत्सव समिति अध्यक्ष रतन प्रकाश वर्मा, बाल प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक अमित कुमार पटेल, पप्पू सोनी, हंसराज वर्मा, विन्देश्वरी वर्मा ,अंकित वर्मा, अर्जुन वर्मा, सौरभ वर्मा, संतोष यादव, आदि उपस्थित रहे।

नकब लगाकर चोरों ने हज़ारों उड़ाये

सुबेहा । थाना क्षेत्र के पूरे विशंभर मजरे संडवा गांव में चोरों ने नकब लगाकर नकदी सहित चांदी के जेवरात उठा ले गए। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दिया है।

पूरे विशंभर गांव निवासी जगजीवन के घर पर चोरों ने गुरुवार रात नकब लगाकर अंदर प्रवेश हो गए। इनकी पत्नी किसी वैवाहिक आयोजन में शामिल होने गयी थीं। घर पर जगजीवन अपने बेटे के साथ बाहर टीनशैड के नीचे सो रहे थे। उसी का फायदा उठाते हुए चोरों ने ईंट दीवार में नकब लगा दिया। पीड़ित ने बताया कि चोर घर अंदर पहुंच कर सभी बक्सों को खंगाला।

जिसमें रखें पांच सौ ग्राम चांदी के जेवरात उठा ले गए। आगे बताया कि शाम को भट्ठा मालिक ने मजदूरी के तौर पर हमें 15 हजार रुपए दिए थे।उन रुपयों को लाकर में चावल के अंदर रख दिया था। चोरों ने उन रुपयों को भी उठा ले गए। घटना की जानकारी घर मालिक को सुबह हुई।

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर कन्या पूजन समारोह कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता

बाराबंकी। प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में महिला सुरक्षा, सम्मान तथा स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति-5.0 के दृष्टिगत अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर राज्य मंत्री खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा की उपस्थिति में जीआईसी ऑडिटोरियम में कन्या पूजन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में 51 बालिकाओं-कन्याओं का कन्या पूजन कार्यक्रम, नवरात्र के दौरान जन्म लेने वाली 25 बालिका शिशु एवं उनकी माताओं को सम्मानित कर विभिन्न विभागों की विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के साथ सम्बन्धित विभागों की योजनाओं से पात्रता के अनुसार आवेदन कराकर मौके पर ही सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा लोगों की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

साथ ही 10 होनहार छात्राऐं जिन्होंने हाईस्कूल एवं इण्टरमीडियट-2024 की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रर्दशन करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति-पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बालिकाओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम व महिला-बच्चियों से सम्बन्धित अपराध के सम्बन्ध में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों को जागरुक किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती राजरानी रावत, सदस्य विधान परिषद अवनीश कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद अगंद कुमार सिंह, विधायक कुर्सी साकेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक हैदरगढ़ दिनेश रावत, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

नवरात्रि पर्व पर मंदिरों की सुरक्षा रही चाक चौबंद

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। नवरात्रि पर्व पर क्षेत्र के देवी मन्दिरों पर शांति व्यवस्था एंव मेलार्थियों की सुरक्षा हेतु राजस्व व पुलिस प्रशासन सक्रिय रहा। तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा लेखपाल आशुतोष मिश्रा आदि के साथ अमरादेवी स्थित धामसी देबी के मंदिर परिसर एंव कोतवाली बदोसरांय पुलिस द्वारा अमरादेबी में बनाई गई अस्थाई पुलिस चौकी आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात मातन मन्दिर बदोसरांय,कटेहरा देवी मन्दिर कोटवा धाम के बडे बाबा जगजीवन दास एंव बसन्ता फूफू मन्दिर परिसरों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

तहसीलदार नरसिंह नारायण वर्मा ने बताया है कि क्षेत्र के समस्त मन्दिरों पर हवन पूंजन सुरक्षा व्यवस्था के साथ कराया जा रहा है मंदिरों के मुकामी थानों की पुलिस मेलार्थियों की सुरक्षा व्यवस्था का दायित्व संभाले हुए है।

कांग्रेस नेताओ ने किया जनता से संवाद

संवाददाता

अमेठी। शारदीय नवरात्र पर्व पर कांग्रेस नेताओ ने जनता से संवाद स्थापित किए। लोगो की फरियाद सुनी। तथा शारदीय नवरात्र पर्व की लोगो को बधाई दी। हिन्दू का पर्व दशहरा शान्ति से मनाए। रामलीला भी देखे ।दशहरा का मेला भी परिवार के साथ आवश्य देखे। मेले मे मिठाई खरीदे। लोगो को दशहरा की बधाई दे। नवदुर्गा की झांकी सजी है। उन्हे भी देखे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने अमेठी मे नवरात्र पर्व पर लोगो से संवाद स्थापित किया।

कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल ने भी लोगो से संवाद स्थापित किए। मिठाई खरीदे। लोगो को दशहरा की बधाई दे। नवदुर्गा की झांकी सजी है। उन्हे भी देखे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने अमेठी मे नवरात्र पर्व पर लोगो से संवाद स्थापित किया । कांग्रेस पूर्व मंत्री आशीष शुक्ल ने भी लोगो से संवाद स्थापित किए।तथा समस्याओ को सुना। तथा शिकायतो के निस्तारण सुनिश्चित करने की बात कही। लोगो को नवरात्र पर्व के साथ दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई दी।

इस अवसर पर कांग्रेस किसान जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ल,दिवाकर पाण्डेय, अशोक कुमार शुक्ल, बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति भेटुआ सभापति सुनील कुमार शुक्ल आदि नेता भी मौजूद रहे। काग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस नेताओ से भी संवाद किए। लोगो ने गर्मजोशी से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय का अभिनन्दन किए।

सम्पादकीय

हिंसा से नहीं विकास से होगा नक्सलवाद का खात्मा

अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं।

लोकतंत्र का रास्ता छोड़ कर हथियारों के बल पर क्रांति लाने का ख्वाब पाले नक्सलियों को इसकी कीमत अपने खून से लगातार चुकानी पड़ रही है। हथियारों के बल पर हिंसा के जरिए दहशत फैलाने वाले नक्सलियों को यह समझ में नहीं आया कि क्रांति वहां होती है, जहां राजशाही या तानाशाही का शासन हो। लोकतंत्र में लोकतांत्रिक तरीकों से अपनी मांग मनवाई जा सकती है। इसका सीधा रास्ता है चुनाव की प्रक्रिया के जरिए अपने मनपसंद प्रतिनिधियों को चुनना और कानून बनवाना। इसके विपरीत हथियारों के बलबूते हिंसा के रास्ते पर चलने का नतीजा खून-खराबे के अतिरिक्त कुछ नहीं हो सकता। नक्सली प्रभावित इलाकों में सुरक्षा बलों की लगातार कसती जा रही घेराबंदी में बड़ी तादाद में युवा नक्सलियों की जान जा रही है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर-दंतेवाड़ा सीमा के पास सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के साथ जंगल में हुई मुठभेड़ में 32 माओवादियों को मौत के घाट उतार दिया। अब तक ऐसी सैकड़ों मुठभेड़ों में भटके हुए युवा हजारों की संख्या में अपनी जान गंवा चुके हैं। सुरक्षा बलों की संख्या और मजबूती के सामने नक्सली कहीं नहीं टिक सकते। यह जानते हुए भी नक्सलवाद एक हारी हुई लड़ाई है, गुमराह नक्सली जान देने पर आमदा हैं। इससे ज्यादा अफसोसजनक बात क्या हो सकती है, बदलाव के लिए जिन युवाओं के हाथों में कलम, कम्प्युटर या ऐसे ही समाज और राष्ट्रनिर्माण के उपकरण हो सकते हैं, उनके हाथों में हथियार हैं। इसमें भी उन्हें कहीं चैन-सुकून नहीं है। पुलिस की गोली जंगलों में कब उनका काम तमाम कर दे, इसका डर उन्हें दिन-रात सताता रहता है। परिवार और समाज से दूर यायावरों की तरह जंगलों में भटकने वाले नक्सलियों पर हर वक्त मौत का साया मंडराता रहता है।देश की आजादी को 75 साल से ज्यादा हो गए। देश में बदलाव लाने के लिए नक्सलियों के हिंसात्मक आंदोलन को भी 6 दशक से ज्यादा का समय हो गया। नक्सलियों का दायरा लगातार सिकुड़ता जा रहा है। कभी आठ-दस राज्यों में प्रभाव रखने वाले नक्सलियों का दायरा सिमटता हुआ दो-तीन राज्यों में रह गया। देश की पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त और सशक्त कार्रवाई के सामने नक्सली बौने साबित हुए हैं। इस वर्ष अब तक दंतेवाड़ा और नारायणपुर समेत सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग मुठभेड़ों में 171 माओवादियों को मार गिराया है। नक्सलवाद की शुरुआत पश्चिम बंगाल के एक छोटे से गांव नक्सलबाड़ी से हुई थी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता कानू सान्याल और चारू माजूमदार ने सरकार के खिलाफ 1967 में एक मुहिम छेड़ी थी। देखते ही देखते ये एक आंदोलन बन गया और चिंगारी फैलने लगी। इस आंदोलन से जुड़े लोगों ने खुद सरकार के खिलाफ हथियार उठा लिए। सरकार के खिलाफ ये विद्रोह उन किसानों का था, जो जमींदारों के अत्याचार से परेशान हो चुके थे। इसमें कोई संदेह नहीं कि जंगलों में पैतृक अधिकारों से वंचित आदिवासियों ने सरकारी तंत्र के जुल्म-सितम से तंग आकर कोई विकल्प नहीं देख कर नक्सली विचारधारा का दामन थामा। राज्यों की सरकार ने दशकों तक इन इलाकों में विकास को तरजीह नहीं दी। इससे नक्सलियों के कुप्रचार का रास्ता और भी आसान हो गया। यही वजह रही कि पश्चिमी बंगाल से शुरु हुआ नक्सलवाद सीमावर्ती राज्यों में फैलता चला गया। बीते दशकों के दौरान नक्सलियों और सुरक्षाबलों को भारी जनहानि उठानी पड़ी। नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य ठप्प पड़ गए। इसका फायदा उठा कर कट्टर नक्सलियों को युवाओं को बहकाने का मौका मिल गया। नक्सलवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने दो स्तरीय नीति बनाई। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के राहत पैकेज और हिंसा करने वालों के प्रति सख्ती की नीति अपनाई। इसी के तहत राज्यों में आत्समर्पण करने वाले नक्सलियों को अनुग्रह राशि देने का प्रावधान किया गया। इनके पुनर्वास की योजना को मंजूरी दी गई। विवाह करने के लिए भी राशि का प्रावधान किया गया ताकि युवा हिंसा का रास्ता छोड़ कर परिवार-समाज के साथ सामान्य जीवन बिता सकें। इसके अलावा केंद्र और राज्य संयुक्त तौर पर नक्सलियों से निपटने की रणनीति पर लगातार कार्यरत हैं।

नक्सलियों के राहत पैकेज की रफ्तार बेशक धीमी हों, किन्तु इसका फायदा उठा कर अब तक बड़ी संख्या में युवा हथियार छोड़ कर सामान्य जीवन व्यतीत करने में सफल रहे हैं। नक्सलियों पर सुरक्षा बलों पर दवाब के साथ जरूरत इस बात की है कि विकास की रफ्तार तेज की जाए। नक्सलवाद के जड़ सहित खात्मे के लिए दवाब और विकास की रणनीति जरूरी है।

शास्त्र-शस्त्रों के पूजन पर आरएसएस का नजरिया कितना सही!

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

> हमारी यह परंपरा शास्त्रों के साथ शस्त्र पूजन और विधिवत शक्ति आराधना के लिए प्रेरित करती है। महाकवि निराला के मन और ह्दय से जब राम की शक्ति पूजा कविता प्रस्फुटित हो रही होगी, तब निश्चित ही उन्हें अपनी इसी परंपरा का ही स्मरण रहा होगा। निराला जब इस कविता को लिख रहे थे, तब कोई सामान्य भावभूमि नहीं रही होगी, वह विशेष थी, राम की शक्ति पूजा अंधकार से होकर प्रकाश में आने की कविता है।

भारत में अनादि काल से परम्परागत शस्त्र, शास्त्र और शक्ति पूजन हो रहा है। हमारी यह परंपरा शास्त्रों के साथ शस्त्र पूजन और विधिवत शक्ति आराधना के लिए प्रेरित करती है। महाकवि निराला के मन और ह्दय से जब राम की शक्ति पूजा कविता प्रस्फुटित हो रही होगी, तब निश्चित ही उन्हें अपनी इसी परंपरा का ही स्मरण रहा होगा। निराला जब इस कविता को लिख रहे थे, तब कोई सामान्य भावभूमि नहीं रही होगी, वह विशेष थी, राम की शक्ति पूजा अंधकार से होकर प्रकाश में आने की कविता है। राम कथा इस देश की सबसे लोकप्रिय कथा है, इसलिए वे इसे अपनी कविता के कथानक के लिए चुनते हैं, यह युद्ध सामान्य युद्ध नहीं है। यह राम-रावण का युद्ध रामत्व अर्थात् सत्य के पक्ष में युद्ध है। आपको हर वक्त कोई रावण मिलेगा और उससे संघर्ष करता हुआ सुविचार श्रीराम के रूप में मिलता है। इस युद्ध में निराला की जो सबसे बड़ी चिंता रही और जिसकी ओर वे सभी का ध्यान आकर्षित करते हैं, वह यह कहना है, अन्याय जिधर है उधर शक्ति, अतः वे अपना सर्वस्व शक्ति के लिए समर्पित कर देने की बात कहते हैं। वैसे भी देवी दुर्गासप्तसती में कहती भी हैं -

यो मां जयति संग्रामे यो में दर्पं व्योपहति।
यो में प्रतिबलो लोके स मे भर्ता भविष्यति।। (श्रीदुर्गासप्तशती,पञ्चमोऽध्यायः, श्लोक120)

अर्थात् जो मुझे संग्राम में जीत लेगा, जो मेरे अभिमान को चूर्ण कर देगा और संसार में जो मेरे समान बलवान होगा, वही मेरा स्वामी होगा इसका संदेश साफ है जो शक्ति सम्पन्न है, मां शक्ति की कृपा भी उसी ओर है। शक्ति अच्छा-बुरा नहीं देखती, वह आपकी सामर्थ्य देखती है कि आप उसके ताप को सहन करने में सक्षम हैं कि नहीं । निराला श्रीराम के मुख से कहलवाते भी हैं कि अन्यायी शक्तियाँ काफी संगठित है, इसलिए हमें सज्जन शक्ति को एकत्र आना है। वस्तुतः राम की व्यथा ही मानव मन की व्यथा है, जोकि सत्य के मार्ग पर चलते हुए धर्म की जय होते देखना चाहती है। यहां राम को जाम्वन्त की सलाह काम आती है, वे कहते हैं-

हे पुरुष-सिंह, तुम भी यह शक्ति करो धारण,आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर,
तुम वरो विजय संयत प्राणों से प्राणों पर;
रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सका त्रस्ततो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त,
शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन,छोड़ दो समर जब तक न सिद्धि हो, रघुनंदन! (कविता- राम की शक्ति-पूजा)

और उसके बाद हम देखते हैं कि परिस्थितियां पलट चुकी होती हैं। भगवान श्रीराम शक्ति की आराधना करते हैं, उसके बाद वे शक्ति को अपने साथ खड़ा पाते हैं।

वस्तुतः देखा जाए तो मां भगवती की आराधना के नौ दिन और इन नौ दिनों में नित्य प्रति शास्त्रों का पठन, मां भगवती के पूजन के साथ ही उनके हाथों में विराजमान विविध शस्त्रों का पूजन हर सनातनी हिन्दू विधि विधान से करते हैं और उसके बाद अंतिम दसवें दिन दशहरे पर अस्त्र-शस्त्रों का व्यापक स्तर पर सामूहिक पूजन करने की परंपरा हमारे समाज में सदियों से चली आ रही है। जिसके पास जो है यथाशक्ति छुरी, तलवार, गड़सा, धनुष-बाण, पिस्तौल, बंदूक या अन्य कुछ भी जो हमारी रक्षा करने में सहायक हो सकता है वह कोई भी अस्त्र हम विधि विधान से दशहरे पर उसका पूजन करते हैं । साथ ही जिन घरों में विद्या अध्ययन की परंपरा है और जो व्यापार से जुड़े हैं वे शस्त्रों के साथ अपने ग्रंथों व तराजू की पूरा करना नहीं भूलते।

वस्तुतः इस संदर्भ में परंपरा हमें यही कहती है कि जो हमें आगे बढ़ाने में सहायक हैं, वे हमारे सच्चे मित्र शस्त्र, शास्त्र और सामूहिक समाज की शक्ति है, जिसे हम देवी रूप में पूजते हैं । शस्त्रों की पूजा से परंपरा यह संकेत करती है कि जो शक्तिशाली है उसी के सभी मित्र हैं, कमजोर का कोई मित्र नहीं । कई उदाहरण भी हमारे सामने इस संदर्भ में मौजूद हैं । संभवतः यही कारण रहा कि हमारे ऋषि-मुनि अरण्यों में रहने के बाद भी शास्त्र के साथ शस्त्र की शिक्षा देते रहे। उनकी परा और अपरा विद्या भी शस्त्र और शास्त्र से मुक्त नहीं है।

शस्त्र और शास्त्र आपके आत्मिक बल को संवर्धित करनेवाले हैं। अथर्ववेद में कहा ही गया है, 'पाशविक बल से कई गुना अधिक शक्तिवान आत्मिक बल होता है। ये आत्मिक बल जितने परिमाण से बढ़ेगा, उतने ही परिमाण से शत्रु के पाशविक बल घटेंगे।' उदाहरण प्रत्यक्ष है-रावण जब पाशविक शस्त्रों से सुसज्जित होकर रथहीन श्रीराम के सामने पहुँचा तब विभीषण से श्रीराम ने कहा - जिसके रथ के पहिये शौर्य तथा धैर्य हैं, सत्य और शील ध्वजा पताका हैं , बुद्धि प्रचंड शक्ति है , श्रेष्ठ विज्ञान कठिन धनुष हैं, अचल मन तरकस है , ज्ञानी गुरु का आशीर्वाद रूप कवच है इसके समान विजय उपाय न दूजा, इसलिए ही अंत में विजय श्रीरामजी की ही होती है।

इसी तरह से ऋग्वेद में आज्ञा दी गई है कि जो मायावी, छली, कपटी अर्थात् धोखेबाज है, उसे छल, कपट अथवा धोखे से मार देना चाहिए। मायाभिरिन्द्रमायिनं त्वं शुष्णमवातिरः। ।1।11।6।

हे इन्द्र! जो मायावी, पापी, छली तथा जो दूसरों को चूसने वाले हैं, उनको तुम माया से मार दो।

फिर महापण्डित विदुर ने जो लिखा वह भी ध्यान देने योग्य है। वे कहते हैं -

कृते प्रतिकृतिं कुर्याद्विंसिते प्रतिहिंसितम् ।
तत्र दोषं न पश्यामि शठे शाठ्यं समाचरेत् ॥
(महाभारत विदुरनीति)

अर्थात, जो आपके साथ जैसा बर्ताव करें उसके साथ वैसा ही करिए, हिंसा करने के वालों के साथ हिंसक रूप में ही आचरण करें, इसमें कोई दोष नहीं । छल करनेवालों को छल से ही मार दो । जैसे महाभारत में श्री कृष्ण ने गदा युद्ध के अवसर पर भीम को यही मंत्रणा दी थी कि है भीम छल कपट से दुर्योधन को मारो, क्योंकि वह इसी योग्य है। भगवान श्रीकृष्ण कहा भी है **-ये हि धर्मस्य लोप्तारो वध्यास्ते मम पाण्डव।**

धर्म संस्थापनार्थ हि प्रतिज्ञैषा ममाव्यया॥
(महाभारतम् -7.156.28)

(हे पाण्डव! मेरी निश्चित प्रतिज्ञा है कि धर्म की स्थापना के लिए मैं उन्हें मारता हूं, जो धर्म का लोप (नाश) करने वाले हैं।)

सरोकार

शक्ति-पूजा का पर्व है दशहरा

रमेश सर्राफ धमोरा

भारतीय संस्कृति वीरता की पूजक व शौर्य की उपासक है। व्यक्ति और समाज के रक्त में वीरता प्रकट हो इसलिए दशहरे का उत्सव रखा गया है। भारत कृषि प्रधान देश है। जब किसान अपने खेत में फसल उगाकर अनाज घर लाता है तो उसके उल्लास और उमंग का पारावार नहीं रहता। इस प्रसन्नता के लिये वह भगवान की कृपा को मानता है और उसे प्रकट करने के लिए उनका पूजन करता है। भारतवर्ष में यह पर्व विभिन्न प्रदेशों में विभिन्न प्रकार से मनाया जाता है। दशहरा शब्द हिंदी के दो शब्दों दस और हारा से मिलकर बना है। जहां दस गणित के अंक दस (10) और हारा शब्द पराजित का सूचक है। इसलिए यदि इन दो शब्दों को जोड़ दिया जाए तो दशहरा बनता है। जो उस दिन का प्रतीक है जब दस सिर वाले दुष्ट रावण का भगवान राम ने वध किया था। दशहरा अथवा विजयदशमी पर्व को भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाए अथवा दुर्गा पूजा के रूप में। दोनों ही रूपों में यह शक्ति-पूजा का पर्व है। शस्त्र पूजन की तिथि है। हर्ष और उल्लास तथा विजय का पर्व है।

दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का संहार किया था तो देवताओं को हराकर स्वर्ग पर अधिकार करने वाले महिषासुर का 10 दिन तक चले भयंकर युद्ध के बाद मां दुर्गा ने वध किया था। इसीलिये इसको विजयादशमी के नाम से जाना जाता है। अश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को इसका आयोजन होता है। इसे असत्य पर सत्य की विजय के रूप में मनाया जाता है। इसी दिन लोग नया कार्य प्रारम्भ करते हैं। इस दिन शस्त्र-पूजा की जाती है। इस दिन जगह-जगह मेले लगते हैं। रामलीला का समापन होता है। रावण का विशाल पुतला बनाकर उसे जलाया जाता है। कर्नाटक में मैसूर का दशहरा भी पूरे भारत में प्रसिद्ध है। मैसूर में दशहरे के समय पूरे शहर की गलियों को रोशनी से सज्जित किया जाता है और हाथियों का शृंगार कर पूरे शहर में भव्य जुलूस निकाला जाता है। इस समय प्रसिद्ध मैसूर महल को दीपमालाओं से दुल्हन की तरह सजाया जाता है। इसके साथ शहर में लोग टार्च लाइट के संग नृत्य और संगीत की शोभायात्रा का आनंद लेते हैं। पंजाब में दशहरा नवरात्रि के नौ दिन का उपवास रखकर मनाते हैं। इस दौरान यहां आगंतुकों का स्वागत पारम्परिक मिठाई और उपहारों से किया जाता है। यहां भी रावण-दहन के आयोजन होते हैं व मैदानों में मेले लगते हैं। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू का दशहरा बहुत प्रसिद्ध है। अन्य स्थानों की ही भांति यहां भी दस दिन अथवा एक सप्ताह पूर्व इस पर्व की तैयारी आरंभ हो जाती है। स्त्रियां और पुरुष सभी सुंदर वस्त्रों से सज्जित होकर ढोल, नगाड़े, बांसुरी आदि वाद्य यंत्रो को लेकर बाहर निकलते हैं।

पहाड़ी लोग अपने ग्रामीण देवता का धूम धाम से जुलूस निकाल कर पूजन करते हैं। देवताओं की मूर्तियों को बहुत ही आकर्षक पालकी में सुंदर ढंग से सजाया जाता है। साथ ही वे अपने मुख्य देवता रघुनाथ जी की भी पूजा करते हैं। इस जुलूस में प्रशिक्षित नर्तक नटी नृत्य करते हैं। इस प्रकार जुलूस बनाकर नगर के मुख्य भागों से होते हुए नगर परिक्रमा करते हैं और कुल्लू नगर में देवता रघुनाथजी की वंदना से दशहरे के उत्सव का आरंभ करते हैं। दशमी के दिन इस उत्सव की शोभा निराली होती है। महाराष्ट्र में नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा को समर्पित रहते हैं जबकि दसवें दिन ज्ञान की देवी सरस्वती की वंदना की जाती है। इस दिन विद्यालय जाने वाले बच्चे अपनी पढ़ाई में आशीर्वाद पाने के लिए मां सरस्वती के तांत्रिक चिह्नों की पूजा करते हैं।

तमाम दुष्प्रचार के बावजूद दलितों की पसंदीदा पार्टी कैसे बन गयी भाजपा?

इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया था जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है।

कांग्रेस की ओर से भाजपा पर अक्सर आरक्षण को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जाता है। इसी आरोप की वजह से लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा नुकसान भी हुआ और वह अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत हासिल करने से चूक गयी। लेकिन उसके बाद मोदी सरकार ने सबक लिया और एक भी ऐसा अवसर नहीं आने दिया जब दलितों के मन में अपने आरक्षण को लेकर कोई शंका हो पैदा हो। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की वजह से एससी और एसटी वर्ग के मन में आशंकाएं पनपीं तो मोदी सरकार ने साफ कर दिया कि एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्पष्ट कर दिया कि डॉ. भीम राव आंबेडकर के बनाये संविधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में 'मलाईदार तबके' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह स्पष्टीकरण आरक्षण के मुद्दे को लेकर समाज में भ्रम फैलाने वालों पर करारी चोट कर गया।इसके अलावा, इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है। विपक्ष के इस हमले पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने लेटरल भर्ती विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिये। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और इसमें सुधार किया जायेगा। सरकार ने साथ ही देश को यह भी बताया कि लेटरल एंट्री के जरिये नियुक्तियों की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी। यह विषय भी दलितों और पिछड़ों को आश्वस्त कर गया कि मोदी के रहते आरक्षण को कोई खतरा नहीं है।इसके अलावा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐसा बयान दे दिया जिससे कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का बड़ा मौका मिल गया। दरअसल विदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में आरक्षण खत्म करने की बात कह दी। उनका यह बयान देखते ही देखते वायरल हो गया। कांग्रेस और राहुल गांधी तमाम सफाई और स्पष्टीकरण देते रहे लेकिन यह मुद्दा तूल पकड़ चुका था। राहुल गांधी के इस बयान को इस तरह से पेश किया गया जैसे कांग्रेस तत्काल आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके बाद अपनी हर सभाओं में कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस कान खोलकर सुन ले... जब तक मोदी है, तब तक बाबा साहेब अंबेडकर के दिए आरक्षण में से रत्ती भर भी लूट करने नहीं दूंगा। भाजपा ने आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान से उपजे विवाद को खूब तूल दिया जिससे कांग्रेस को जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों में नुकसान उठाना पड़ा है।अगर आप जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि भाजपा ने जम्मू में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी सात सीटों पर कब्जा कर लिया है जबकि हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 में से आठ सीटों पर कब्जा किया है। यह दर्शाता है कि दलित समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ फिर खड़ा हो गया है। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पांच सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। जम्मू और कश्मीर में 2014 के विधानसभा चुनावों में (2022 में परिसीमन से पहले जिसके परिणामस्वरूप सीटें 83 से बढ़कर 90 हो गईं) भाजपा ने जम्मू में एससी के लिए आरक्षित पांच सीटें जीतीं थीं और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। चुनाव परिणाम वाले दिन जब शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय पर विजयी संबोधन दिया था तब उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के दमदार प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला था।देखा जाये तो हरियाणा में कांग्रेस को दलितों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा में पार्टी के सबसे बड़े दलित चेहरे कुमारी शैलजा की बजाय भूपिंदर सिंह हुड्डा को सीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया। हम आपको याद दिला दें कि हुड्डा के पिछले दो कार्यकालों की पहचान जाटों के दबदबे के रूप में की जाती है। हुड्डा के कार्यकाल में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं, विशेषकर मिर्चपुर में दो दलितों की हत्या की घटना लोगों के मन में ताजा थीं। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इन घटनाओं का जिक्र तो किया ही साथ ही कांग्रेस पर दलित पृष्ठभूमि के कारण शैलजा को हाशिए पर रखने का आरोप भी लगाया। भाजपा ने राज्य में दलितों के उप-वर्गीकरण की मांग का भी समर्थन किया।

नजरिया

मानसिक स्वास्थ्य के लिए सुधारें जीवन शैली

गिरीश्वर मिश्र

स्वस्थ रहना, यानी अपने आप में (आत्मस्थ!) रहना हमारी स्वाभाविक स्थिति होनी चाहिए पर समकालीन परिवेश में यह संभव नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य में थोड़ा बहुत उतार-चढ़ाव तो ठीक होता है और वह जल्दी ही संभल भी जाता है पर ज़्यादा विचलन होने पर वह असह्य हो जाता है और तब व्यक्ति को 'बीमार' या 'रोगी' कहा जाता है। तब मन बेचैन रहता है, शरीर में ताक़त नहीं रहती और दैनिक कार्य और व्यवसाय आदि के दायित्व निभाना कठिन हो जाता है, जीवन जोखिम में पड़ता-सा लगता है और उचित उपचार के बाद ही स्वास्थ्य की वापसी होती है। किसी स्वस्थ आदमी का अस्वस्थ होना व्यक्ति, उसके परिवार, सगे-सम्बन्धी और परिजन और मित्र सभी के लिए पीड़ादायी होता है और जीवन की स्वाभाविक गति में व्यवधान उपस्थित हो जाता है। रोग की तीव्रता के अनुसार उसका असर कम या ज्यादा अवधि तक बना रह सकता है। रोग होने का मुख्य कारण व्यक्ति की आनुवंशिक पृष्ठभूमि के साथ, उसकी

जीवन शैली और वे भौतिक, सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ भी होती हैं जिनमें हम जीवन यापन करते हैं।तीव्र सामाजिक परिवर्तन के दौर में लगातार बदलाव आ रहे हैं। गौरतलब है कि अक्सर मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के बीच भेद किया जाता है हालाँकि यह सोच ठीक नहीं है। मानसिक परेशानी के चलते शारीरिक बीमारियाँ और शारीरिक रोग से मानसिक रुग्णता होना एक आम बात है। शरीर और मन को अलग रखना ग़लत है क्योंकि स्वास्थ्य और अस्वास्थ्य दोनों ही स्थितियों में ये एक संयुक्त इकाई के रूप में ही काम करते हैं। हम रोग का अनुभव भी करते हैं और उससे निपटने की कोशिश भी करते हैं। जब जीवन की घटनाएँ ख़ास तौर पर त्रासद (ट्रूमेटिक) होने लगती हैं तो मानसिक की आहट मिलने लगती है। इस दृष्टि से बेरोज़गारी, सामाजिक अन्याय, पारिवारिक विघटन, जीवन-हानि, और ग़रीबी जैसी स्थितियाँ आम आदमी के मानसिक स्वास्थ्य के लिए चुनौती बनती जा रही हैं। कम्प्यूटर, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धि जैसे तकनीकी हस्तक्षेपों के चलते काम-काज अधिकाधिक स्वचालित होते जा रहे हैं। इससे न केवल कर्मियों की ज़रूरत घटती जा रही है बल्कि कार्य की प्रकृति भी बदल रही है। स्मार्टफ़ोन और टेबलेट जैसे सूचना और संचार के उपकरणों के नए-नए माडल शान-शौक़त का प्रतीक भी बनते जा रहे हैं। सोशल मीडिया की लत भयानक साबित हो रही है। लोग 'लाइक' और 'सब्सक्राइब' करने के अनुरोध से आजिज़ आने लगे हैं। ऐसे उपकरणों के न होने पर आदमी की हैसियत कम आंकी जाती है जो मानसिक अस्वस्थ्यता का कारण बनती है। साथ ही शारीरिक श्रम से बचने और फ़ास्ट और जंक फ़ूड खाने से शरीर बेडौल हो रहा है और लोग क़िस्म-क़िस्म के रोगों के भी शिकार हो रहे हैं। वैश्विक स्तर पर हुए स्वास्थ्य-सर्वेक्षणों में दुश्चिंता, ओसीडी, पीटीएसडी, फोविया, बाई पोलर डिसऑर्डर आदि मनोरोगों से ग्रस्त लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। लोग मादक द्रव्य, तम्बाकू, मद्यपान और विभिन्न ड्रग्स का सेवन भी तेज़ी से कर रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रपटें इक्कीसवीं सदी में स्वास्थ्य का भयावह चित्रण कर रही हैं। स्थिति की भयावहता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि अकेले उत्तरी अमेरिका में सन 2022 में 326 बिलियन डालर अवसाद (डिप्रेशन) के उपचार में खर्च हुआ था। दस वर्ष पहले 2010 में यह खर्च 210.5 बिलियन डालर का था। प्रौढ़ जनसंख्या में एक तिहाई लोग अनिद्रा रोग से ग्रस्त है।

गौरतलब है कि 1999 के बाद आत्महत्या के मामलों में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत में 2017 में हुए सर्वेक्षण में हर सात भारतीयों में से एक किसी न किसी मनोरोग से ग्रस्त होता पाया गया। आज अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं और आर्थिक संसाधन बढ़ने के साथ जीवन-विस्तार यानी शरीर की आयु तो बढ़ गई पर आदमी का मन कमजोर होने लगा। अल्ज़ाइमर और ड़ेमेंशिया के रोगी प्रौढ़ होते लोगों में तेज़ी से बढ़ रही हैं। इस बीच बृद्ध जनों को लेकर पारम्परिक सामाजिक-सामुदायिक समर्थन भी कमजोर हुआ है। अस्तित्व का व्यापकीकरण, नई प्रौद्योगिकी, पारिवारिक विघटन, और समाज के ताने-बाने में आ रहे बदलाव अवसाद को तेज़ी बढ़ा रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सीमा सिंह द्वारा प्वांइट ऑफसेट, 86/98 कुर्मी टोला गुरुगोविन्द सिंह मार्ग, लालकुआं, लखनऊ-226018 से मुद्रित एवं पहाड़पुर, पोस्ट बंथरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक-पंकज सिंह मो-9415067370 आरएनआई - UPHIN/2016/74800 मेल आईडी-karnvaninews@gmail.com website : karnvaninews.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।)

संक्षिप्त खबरें

12 अक्तूबर को होगा भूमि पूजन

बांगरमऊ,उन्नाव। स्थानीय ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित एक बैठक में भगवान परशुराम मंदिर निर्माण हेतु क्षेत्र के ग्राम हफीजाबाद के निकट कल्याणी नदी के पावन तट पर स्थित बाबा बलखंडेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में सर्वसम्मति से भूमि का चयन कर लिया गया है। अब मुहूर्त के अनुसार कल 12 अक्टूबर दिन शनिवार को सायं 03 बजे से भूमि पूजन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। ब्राम्हण समाज ने क्षेत्र के नागरिकों से कार्यक्रम में भाग लेने की पुरज़ोर अपील की है।

आपसी झगडे से छुब्ध होकर अधेड फाँसी पर झूला

बांगरमऊ,उन्नाव। चार भाइयों के बीच हुए झगड़े से क्षुब्ध होकर एक भाई ने फांसी पर झूलकर अपनी जान दे दी। फांसी के फंदे पर शव झूलता देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के ग्राम अरगूपुर निवासी नौमीलाल 40 वर्ष पुत्र गुरुदयाल का बीते बुधवार को देर रात अपने बड़े भाई गुड्डू और छोटे भाई बब्लू व महेंद्र से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। इसी से क्षुब्ध होकर नौमीलाल घर की बाउंड्री के अंदर रखे छप्पर की बड़ेरी से रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर झूल गया। रात करीब 12 बजे परिजन लघुशंका करने कमरे के बाहर निकाले तो नौमीलाल को फांसी पर झूलता देखकर उनकी चीख निकल गई। सूचना पर पहुंची बेहटा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव फांसी के फंदे से नीचे उतारा और विधिक कार्यवाही कर शव पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेजा। मृतक अभी अविवाहित था। जवान बेटे की अचानक मौत से मां-बाप रो-रोकर बेहाल हैं।

थाना प्रभारी ने दिया चौकीदारों को दिये निर्देश

पाटन,उन्नाव। आगामी त्यौहारों को लेकर प्रभारी निरीक्षक ने चौकीदारों के साथ बैठक दिशा निर्देश दिए तथा हाजिरी के प्रति सजग रहने की हिदायत दी। गुरुवार को आगामी त्यौहारों को लेकर कार्यरत चौकीदारों की बैठक थाना परिसर में आयोजित की गई। प्रभारी निरीक्षक सुरेश चंद्र मिश्र चौकीदारों को उनके कर्तव्य का बोध कराते हुए कहा कि आप सबको आने वाले त्योहारों को लेकर सजग रहना होगा तथा अपने-अपने क्षेत्र में जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी वहीं थाना हाजा में होने वाली ड्यूटी के प्रति गंभीर रहने को कहा तथा कहा कि इसमें शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी वैसे थाने में 24 चौकीदार कार्यरत है किंतु थाने में साफ सफाई को लेकर इनकी उदासीनता के विषय में साफ तौर पर देखा जा सकता है। इस मौके पर क्षेत्र के चौकीदार बैठक में उपस्थित रहे।

जनपद का बिजली विभाग बना भ्रष्टाचार का अड्डा

अमेठी। जनपद में विद्युत विभाग अपनी मनमर्जी के लिए जाना जा रहा है इन्हें किसी का डर नहीं है,आपको बताते चले कि जनपद के मुख्यालय स्थित बिजली विभाग कार्यालय है जहां पर पिछले कई महीनों से जमे बिजली विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण जिनका ट्रांसफर हो चुका है बावजूद इसके वह कर्मचारी और अधिकारी अपने उन्हीं स्थानों पर जमे है और मलाई काट रहे हैं जबकि देखा जाए तो प्रदेश सरकार के आदेश पर जिन अधिकारियों का ट्रांसफर हो जाता है वह अधिकारी व कर्मचारी अपने ट्रांसफर वाले जगह पर पुनः जाकर अपना चार्ज संभालता है, ऐसे में माना जा सकता है कि कही न कही से बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी अपना कमांऊ क्षेत्र छोड़ने के लिए राजी नहीं हो रहा है, वही जबरदस्ती छोटे बकायादारो को परेशान कर बिजली काटने का कार्य बहुत ही शालीनता से करते देखा जा रहा है जिस कारण जनपद के कई नगर पालिका व कस्बावासी एवं ग्रामीण आए दिन परेशान होते रहते है मगर इस पर अभी तक किसी भी आलाधिकारी की नजर नहीं पड़ रही है

अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा की गई गोष्ठी

अमेठी। जनपद में गुरुवार को अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन ,एस0बी0 शिरडकर द्वारा त्यौहार दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली,छठ पूजा आदि के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद का भ्रमण किया गया । सर्वप्रथम पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में अपर पुलिस महानिदेशक को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी एवं पुलिस महानिरीक्षक अयोध्या परिक्षेत्र,प्रवीन कुमार, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक के साथ जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ गोष्ठी कर आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए । इस दौरान जनपद में अपराध की घटनाओं की समीक्षा कर उस पर प्रभावी नियंत्रण लगाने व त्यौहारों को शान्तिपूर्वक सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निर्देश दिए गये तथा उपस्थित अधि0/कर्म0 को शासन व उच्चाधिकारीगण के आदेशों के पालन हेतु निर्देशित किया गया ।

लोडर वाहनों पर ढोई जा रही हैं सवारियां, जिम्मेदार मौन

अमेठी। जिले में माल वाहक वाहनों पर खुले आम सवारी ढोई जा रही है। पिकप और छोटा हाथी सवारी पर भर कर पैसा कमाया जा रहा है। जिस कारण आए दिन हो रही दुर्घटना से लोग हताहत हो रहे हैं। लेकिन इसे रोकने के लिए जिम्मेदार विभाग लाचार नजर आ रहा है। जिले की सभी सड़कों पर पिकप पर सवारियां ढोई जा रही हैं।कुछ पिकप पर तो बैठने की सीट बनी होती है। बाकी पर जानवरों की तरह भर सवारियां ढोई जा रही है।इन गाड़ियों को सवारियां ढोने का कोई अधिकार नहीं होता हैं।ि नयम को धता बाता कर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। सवारियां ढोने का कोई अधिकार नहीं होता हैं।नियम को धता बाता कर लोगों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। गंगा स्नान ,शादी में लोग इन पर सवारियां भर कर जाते हैं।जब इस सम्बन्ध में एसआई शोभानाथ राम से बात की गई तो उन्होंने बताया कि ऐसी सवारियों को अभियान चला कर जुर्माना किया जा रहा है।और लोगों से भी अपील की जा रही है कि ऐसा न करें। कुछ दिन पूर्व पिकप पलटने से 16 लोग घायल हुए थे ।टीएस आई ने लोडर वाहन पर न बैठने के लिए लोगों से की अपील की।

जागरूकता अभियान वन स्टॉप सेन्टर द्वारा हुआ आयोजित

अमेठी। जनपद में महिलाओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस-5 के अंतर्गत 10.10.2024 को ग्राम सभा रामदीन का पुरवा गौरीगंज में श्रीमती गायत्री देवी द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओ के साथ लैंगिक उत्पीडन अधिनियम 2013 तथा लड़के ओर लड़कियां एक समान है, परन्तु व्यवहारिक रूप से लोग इसे अपने पर लागू नही करते है। बचपन से ही उनके साथ भेदभाव शुरू हो जाता है। बेटा-बेटी का फर्क मिटाने के बाद ही सही मायने में नारी सशक्तिकरण की अवधारणा चरितार्थ होगी। आज बेटिया हर क्षेत्र में लड़कों से आगे है। लड़कों की तरह लड़कियों को भी समान शिक्षा और समान अवसर दिया जाए, तो बेटियां सफलता का परचम लहरा सकती है। आज समाज को अपनी रूढ़िवादी सोच बदलनी होगी। महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि 25000 के बारे मे एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन योजना के बारे में विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18वर्ष से कम उम्र के बालक/बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा,घरेलू हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने एवं अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई । किरन सिंह ने महिलाओ को सचेत करने के उद्देश्य से विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा महिला हेल्पलाइन 181, 1090, साइबर सुरक्षा 1930 आपातकालीन पुलिस सेवा 112, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 चाइल्ड लाइन 1098 की जानकारी भी प्रदान किया गया ,दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह जैसे कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने के लिए सभी को जागरूक किया गया। अंतिमा शुक्ला ने महिलाओं को पम्पलेट विलरित किया इस कार्यक्रम के दौरान श्रीमती गायत्री देवी केन्द्र प्रबंधक,किरन सिंह काउंसलर ,अंतिमा शुक्ला व महिलाएं मौजूद रही।

दो बेटियों ने दो मुख्य प्रशासनिक अधिकारियों की संभाली कमान

एक बेटी ने पुलिस कप्तान बन की जनसुनवाई, दूसरी बेटी ने जिलाधिकारी की संभाली कमान

संवाददाता

उन्नाव। महिला शक्ति मिशन के अन्तर्गत पुलिस कप्तान ने छात्रा को अपनी कुर्सी पर एक दिन की कप्तानी सौंपी।वहीं जिलाधिकारी की कुर्सी पर दूसरी छात्रा को एक दिन की जिम्मेदारी दी गई। दोनों छात्राओं ने अपने अपने पदों का बखूबी निर्वहन किया।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं को सशक्तिकरण करने के उद्देश्य से संचालित महिला मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत बीते दिवस पुलिस अधीक्षक उन्नाव दीपक भूकर ने अपने कार्यालय में केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 07 की छात्रा खुशबू चौरसिया को पुलिस अधीक्षक उन्नाव के रूप में कार्यभार दिया। पुलिस अधीक्षक के रूप में खुशबू ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जन समस्याओं को सुनकर उनके तत्परता से निदान हेतु संबंधित को आदेशित किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा पुलिसिंग की बारीकियों के संदर्भ में खुशबू को विस्तृत जानकारी दी । इस अनूठी पहल से जहाँ एक तरफ क्षेत्रीय बेटियाँ आत्मविश्वास से लबरेज दिख रही हैं।

वही महिलाओं में विधिक जागरूकता का प्रसार भी हो रहा है। जबकि महिला एवं बाल विकास विभाग, उ0प्र0 द्वारा माह अक्टूबर, 2024 से माह दिसम्बर, 2024 तक आयोजित होने वाली गतिविधियों के तहत दिनांक 05.10.2024 को आयोजित कला एवं निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाली राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज उन्नाव की कक्षा 12 की छात्रा/बालिका राहेमीन को एक दिन का सांकेतिक जिलाधिकारी तथा बालिका खुशबू चैरसिया को एक दिन का सांकेतिक पुलिस अधीक्षक बनाया गया तथा बालिकाओं को उक्त पदों के पदगत दायित्यों की जानकारी प्रदान की गयी, जिससे देश-प्रदेश में बालिकाओं में संवैधानिक व प्रशासनिक पदों पर पहुंचने की प्रेरणा मिलेगी।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी व तहसीलारों की बैठक

किसानों के अंश निर्धारण की शिकायत को दूर करने का सख्त दिया निर्देशः डीएम

संवाददाता

उन्नाव। जिलाधिकारी द्वारा जनपद के सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदारों के साथ बैठक की गयी, जिसमें मुख्य रूप से वरासत अभियान, दाखिल खारिज (नामान्तरण), खसरा फीडिंग तथा जनसामान्य से जुड़े हुए महत्वपूर्ण बिन्दु खतौनी में खातेदारों के अंश निर्धारण के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

बीते दिवस जिलाधिकारी ने जनपद मुख्यालय में समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक तहसील में ग्रामवार खतौनयों के अंश निर्धारण के सम्बन्ध में यदि जनसामान्य को किसी प्रकार की समस्या है, तो वह किसी भी कार्य दिवस में तहसील में अंश निर्धारण की शिकायत दर्ज करा सकते हैं। प्रत्येक तहसील में इस हेतु एक काउन्टर बनाया जायेगा, जिसमें अंश निर्धारण के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त करने हेतु एक बैनर लगाया जायेगा तथा प्राप्त होने वाली शिकायतों का ग्रामवार रजिस्टर तैयार किया जायेगा तथा उनका समय से निस्तारण करते हुए जनसामान्य को अवगत कराया जायेगा। उक्त कार्य की समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की जायेगी।

अतः जनसामान्य को यदि खतौनी में अंश के सम्बन्ध में कोई शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में किसी भी कार्य दिवस में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बांगरमऊ,उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में संडीला मार्ग स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची सरकारी एंबुलेंस घायल को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। हरदोई जनपद के ग्राम काजीपुर निवासी राजकुमार 50 पुत्र रामसेवक आज़ गुरुवार को बाइक के जरिए बेहटा मुजावर की ओर से बांगरमऊ आ रहा था। तभी शाम करीब 04 बजे रास्ते में संडीला मार्ग स्थित आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे अंडर पास के निकट अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुण्यतिथि पर सपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

संवाददाता

अमेठी। अमेठी जिले में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पार्टी कार्यालय में मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

सपा के जिला अध्यक्ष राम उदित यादव ने इस मौके पर कहा कि मुलायम सिंह यादव सामाजिक न्याय के प्रणेता जमीन से जुड़े हुए नेता थे। संघर्षों के बल पर देश के सबसे बड़े सूबे के मुख्यमंत्री व देश के रक्षामंत्री रहे। नेताजी अपने कार्यकाल में बहुत से ऐसे कार्य किए जिसे लोग आज भी याद करते हैं। सपा नेता सुखराम यादव ने नेताजी को याद करते हुए बताया कि नेताजी विशाल प्रतिभा के धनी थे। हम लोग आज अगर प्रधान , बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य हो रहे हैं तो ये नेताजी की देन है। जब नेताजी रक्षा मंत्री थे तो उस समय सबसे साहसिक निर्णय सैनिकों का शव उनके घर सम्मान के साथ भेजने का कार्य किया। ऐसे बहुत से कार्य हैं। सपा नेता एडवोकेट राजेश मिश्रा ने कहा कि नेता जी का सपना स्वास्थ्य, शिक्षा, और मुफ्त इलाज का था जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है जिससे की सामाजिक न्याय व सद्भाव की भावना लोगों के बीच बन सके। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राम उदित यादव, राजा सिंह, राजेश मिश्रा एडवोकेट,चौधरी सुखराम यादव, विधान सभा अध्यक्ष मनीराम वर्मा, प्रतिभा यादव, सूबेदार यादव, अरशद वारसी, अंकुश यादव ,दीपू तिवारी, मुकेश विश्वकर्मा, कमलेश यादव, आनंद वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

इफ्को के प्रबन्ध निदेशक उदय शंकर अवस्थी पहुंचे अपने पैतृक गांव

सांसद विधायकों सहित लोगों का दिनभर लगा रहा तांता

कुल देवी की पूजा के साथ हवन पूजन, कन्यभोज, भण्डारे का किया आयोजन

संवाददाता

पाटन,उन्नाव । इफ्को के प्रबन्ध निदेशक उदय शंकर अवस्थी शरदीय नवरात्र के अवसर पर अपने पैतृक गांव सथनी बालाखेड़ा पहुंच कर कुल देवी का हवश पूजन कर कन्या भोज के साथ भण्डारे का आयोजन किया । जिसमें बड़ी संख्या मे पहुंचकर लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।

शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर इफ्को उर्वरक कम्पनी के प्रबन्ध निदेशक उदय शंकर अवस्थी बुधवार को सुबह अपने पैतृक गांव पहुंच कर कुल देवी की पुजा के साथ हवन कर कन्या भोज कराया । 51 कन्याओं को वर्तन व दक्षिणा देकर विदा किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इफ्को किसानों की उन्नति , विकास और उनकी आय बढाने के लिए हर स्तर पर कार्य करती हैं । किसानों को उन्नत बीज , कीटनाशक दवाएं , समय पर खाद सहित आधुनिक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कराती रहती हैं ।

कार्यक्रम मे उपस्थित सांसद साक्षी महराज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जलेबी वाले बयान पर चुटकी ली । और कहा कि राहुल गांधी बहुत बड़े परिवार से तालुक रखते है ।

कार्यक्रम मे आई एफ एफ डी सी के निदेशक आनन्द अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, बांगरमऊ विधायक श्री कांत कटियार, मोहान विधायक बृजेश रावत, सहकारिता मरिमज्ञ वीर प्रताप सिंह , जिला सहकारी बैंक लि. उन्नाव अध्यक्ष अरुण सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमितेश सिंह नन्दू , समाजसेवी मुन्ना सिंह मंडफहा, सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई, राव रामबक्स सिंह पी. जी. कालेज गौरा प्रबंधक बैजनाथ सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बीघापुर प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई , राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ लखनऊ मंडल अध्यक्ष संतोषानंद अवस्थी, अविनाश बाजपेई, पप्पू अग्निहोत्री, दिवाकर सिंह, नागेश सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अपना दल एस की बैठक सम्पन्न, सदस्यता अभियान तेज

संवाददाता

बांगरमऊ ,उन्नाव। अपना दल एस द्वारा आज हरदोई रोड स्थित विधानसभा कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में लखनऊ मंडल के उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने सदस्यता अभियान तेज करने और अपना दल एस की नीतियों को जन जन तक पहुचाने की अपील की । दल के मंडल उपाध्यक्ष श्री पटेल ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि बचे हुए बूथ एवं सेक्टर जल्द से जल्द पूरा करे । उन्होंने कहा कि आगामी 17 अक्टूबर को अपना दल के संस्थापक डॉश सोनेलाल पटेल का परिनिर्वाण दिवस है । इस मौके पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी सदस्यता अभियान को गति देते हुए दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाये । श्री पटेल ने कहा कि आगामी 4 नवंबर को दल के स्थापना दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम की भव्यता बढ़ाये । भविष्य की सभी बैठको में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शामिल हो इसके लिए मण्डल उपाध्यक्ष ने विशेष मंथन किया । कार्यक्रम के अंत में जन्नतुन बानो को सक्रिय सदस्यता दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष अमरेश पटेल ने तथा संचालन कार्यवाहक विधानसभा अध्यक्ष विकास पटेल ने किया । मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष डॉ राजेश पाल, अल्पसंख्यक मंच के महासचिव अमन खान, सांस्कृतिक मंच के जिला उपाध्यक्ष बंसीलाल अर्कवंशी, जिला सचिव अमन शर्मा, सेक्टर अध्यक्ष शैलेंद्र कटियार, आशीष गुप्ता, अतहर खान, सुनील, मोनू पाल याद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

किन्हौली में मनरेगा से बनने वाली हाट बाजार का भूमि पूजन हुआ सम्पन्न

दो महीने के अंदर बन कर तैयार होगी ग्रामीण हाट बाजार

संवाददाता

रामनगर। ब्लॉक रामनगर के किन्हौली ग्राम पंचायत में मनरेगा से करीब 32 लाख की लागत से हाट बाजार बनेगी।गुरुवार को निवर्तमान विधायक शरद अवस्थी की मौजूदगी में बीडीओ जितेंद्र कुमार ने अपने स्टॉफ के साथ वैदिक मंत्रो के बीच भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की शुरुआत कराई।

इस अवसर पर निवर्तमान विधायक ने कहा कि सरकार मनरेगा योजना से गाँवों का विकास कर रही है ।बाजार बनने से अब दुकानदारों का सामान बरसात से भीगेगा नही।ग्रामीणों को भी एक जगह सब घरेलू सामान मिल जाएगा। बीडीओ ने कहा कि इस हाट बाजार के निर्माण से छोटे छोटे दुकानदारों को स्थाई बाजार मिलेगी और अपने व्यवसाय को कर स्वावलंबन की राह पर चलेंगे। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।इसी के साथ ग्राम पंचायत की आमदनी भी बढ़ेगी । जॉइंट बीडीओ नंद कुमार पांडेय ने कहा कि ब्लॉक में इसके पहले बड़नपुर में हाट बाजार बनी थी।किन्हौली में दूसरी बनेगी।ग्रामीण एरिया में इन बाजारो का आजीविका चलाने में बड़ा योगदान है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे एडीओ कृषि डा दलजीत सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत मजबूत हो यह सरकार का संकल्प है।उसी क्रम में ग्रामीण हाट बाजार बन रही है।ग्राम प्रधान दिनेश सिंह,राजा सिंह ,अनिल सिंह ने आए अतिथियों का स्वागत किया।

जनपद में दी गई महानायक को श्रद्धांजलि

अमेठी। भारत के सबसे बड़े उद्योगपतियों में से एक , माँ भारती के सच्चे सुपूत,उद्योग जगत के महानायक रतन जी टाटा। सही अर्थों में समाजसेवी श्री रतन टाटा के मृत्यु से देश को अपूर्ण क्षति हुई है।रतन जी टाटा के निधन पर सेंट मेरी विद्यालय, रानी गणेश कुंवरि महाविद्यालय आदि संचालित सभी विद्यालयों में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर कुंवरानी मधुरिमा सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, सुधाकर श्रीवास्तव, राज़ नारायण उपाध्याय, एस0पी0 सिंह इस अवसर पर कुंवरानी मधुरिमा सिंह, पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, सुधाकर श्रीवास्तव, राज़ नारायण उपाध्याय, गुड्डू मिश्रा प्रधान, कल्लू शुक्ला आदि ने शोक संवेदना प्रकट किया। कुंवरानी मधुरिमा सिंह ने बताया कि रतन जी टाटा अपनी आय का साठ प्रतिशत केवल दान देते थे।आज हमें उनके विचारों व आदर्शों को जीवन में लाना चाहिये।

हाथों में बैनर लेकर छात्राओं ने निकाली रैली

सीओ व प्रशिक्षु सीओ ने किया जागरूक

संवाददाता

कोठी। स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को एचएलवी इंटर कॉलेज परिसर से सीएचसी कोठी तक मिशन शक्ति फेज-5 तहत महिलाओं व बालिकाओं के सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन विषय पर छात्राओं साथ रैली निकाली। छात्राएं हाथों में सशक्त नारी, सशक्त प्रदेश का बैनर लेकर पहचानो अपने अधिकार के नारे लगाएं। रैली में सीओ हैदरगढ़ आलोक पाठक, प्रशिक्षु सीओ गरिमा पंत व इंस्पेक्टर कोठी संतोष कुमार सिंह टीम आदि शामिल थी।

जो स्कूल परिसर से शुरू होकर सीएचसी कोठी से लौटकर परिसर सभा रूप ले लिया। प्रशिक्षु सीओ गरिमा पंत ने छात्राओं को उनके अधिकार के बारे में जागरूक किया। जिसमे महिला व बच्चों से संबंधित समस्याओं घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पाक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध आदि पर जानकारी दी।

इसी क्रम में इंस्पेक्टर संतोष सिंह ने गुड टच बैड टच, अश्लील इशारे व रास्ते में फाब्तियां कसने वाले शोहदों निस्संकोच व निडर थाने पर शिकायत करने की अपील छात्राओं से की। पुलिस ने वूमेन पावर लाइन (1090), पुलिस आपातकालीन सेवा (112), सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076), चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098), वन स्टाप सेन्टर (181), साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930), स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102), एम्बुलेन्स सेवा (108) व जनसुनवाई पोर्टल आदि जानकारी साझा की।

इस मौके पर एचएलवी प्रबंधक संतोष कुमार सिंह एसएसआई शिवसागर तिवारी व छोट्टू चौधरी दरोगा सरफराज अहमद व शिवअंजोर मिश्र मौजूद थे।

जादू टोने का आरोप लगा सास-बहू को पीटा

शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली अंतर्गत हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बहरौला गांव में श्रीदेवी पत्नी स्व विद्याधर और उनकी बहू श्रीकांती पर गांव के कुछ लोगों ने जादू टोने का आरोप लगाकर बुरी तरह से पीट दिया। आरोपियों का कहना था कि श्रीकांती के जादू के कारण उनकी भैंस दूध नहीं दे रही है, जिसके चलते उन्होंने महिलाओं को पीटा और उन्हें धमकी दी। पीड़ित महिलाओं ने इस मामले की शिकायत हाजीपुर चौकी प्रभारी संतोष यादव के अलावा जिसके चलते उन्होंने महिलाओं को पीटा और उन्हें धमकी दी। पीड़ित महिलाओं ने इस मामले की शिकायत हाजीपुर चौकी पहुची। उन्होंने बताया कि इस हमले के बाद से उनका परिवार दहशत में जी रहा है। उक्त लोगो के हमें जादू टोने वाली कहकर बदनाम करने के चलते गांव के लोग भी हमें नीचा दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी है।

सपा संस्थापक मुलायम की मनाई गई पुण्यतिथि

संवाददाता

बांगरमऊ,उन्नाव। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेता जी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर आज नगर के बाईपास मार्ग पर पावर हाउस के समीप स्थित केंद्रीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नेता जी को गरीबों और मजलूमों का मसीहा बताया।

श्रद्धांजलि सभा में सभी कार्यकर्ताओं ने नेता जी को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा ने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह ने पार्टी महिला सभा की जिलाध्यक्ष अल्वी मिश्रा ने कहा कि नेता जी मुलायम सिंह नेही स्थानीय निकाय चुनावों आरक्षण लागू कर दलितों और पिछड़ों को भी पंचायत की सर्वोच्च कुर्सी पर आसीन होने का मार्ग प्रशस्त किया।

पार्टी के जिला सचिव श्रवण कुमार यादव, महिला सभा की गंजमुरादाबाद ब्लॉक अध्यक्ष मोना सैनी, मुकीम अहमद, रेशमा गौतम, शिवम यादव, पुष्पा राठौर, रामदुलारी, मनीष दीक्षित व आसिफ अली आदि कार्यकर्ताओं ने भी नेता जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। इसके अलावा सपा के जिला सचिव श्रवण कुमार यादव द्वारा अपने आवास मोहल्ला चौघड़ा में भी नेता जी मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

संक्षिप्त खबरें

समयावधि में किसान करें आवेदन

अमेठी। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद हेतु 100 कुन्तल आलू बीज (लाल प्रजाति) आवंटित हुआ है, आलू बीज आधारित प्रथम की दर रू0 3495 एवं आधारित द्वितीय की दर रू0 2680 है। उन्होंने बताया कि जनपद में आलू बीज राजकीय बिक्री केन्द्र अमेठी मुंशीगंज रोड, बी0एस0एन0एल0 ऑफिस के बगल) 12 अक्टूबर से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर नकद विक्रय किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त तिथि को कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी अमेठी में प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर किसानों को बीज उपलब्ध कराने के बाद ही बीज उपलब्ध होने की दशा में अन्य किसानों को बीज उपलब्ध कराया जायेगा।

जहरीला कीड़ा काटने से एक महिला सहित दो की हालत गम्भीर

बाँगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरियावर निवासी तुलसी की पत्नी शांती 27 वर्ष बीते मंगलवार की शाम अपने घर में जानवरों को चारा-पानी कर रही थी। तभी अचानक किसी जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। यह देखकर परिजन आनन-फानन रात में उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा आज बुधवार की सुबह फतेहपुर 84 थाना क्षेत्र के ग्राम भुलभुलिया खेड़ा निवासी प्रिंस 14 वर्ष पुत्र महेश को भी जहरीले कीड़े ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने किशोर का उपचार कर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

पुलिस ने दबोचा अवैध तमंचा के साथ गैंगस्टर

शुक्लागंज, उन्नाव। एसपी के निर्देश पर चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के दौरान बुधवार को गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने गैंगस्टर सौरभ निषाद को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई कार्यवाही में कोतवाली प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की एसआई राम प्रताप ने गुप्त सूचना के आधार पर अपनी टीम के साथ कल्लू पुरवा निवासी सौरभ निषाद को धर दबोचा। सौरभ पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं, और उसकी गतिविधियों पर पुलिस की नजर थी। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस ने सौरभ को आर्म्स एक्ट के तहत विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि पुलिस का यह अभियान न केवल क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। बल्कि अराजक तत्वों में कानून और प्रशासन के प्रति खौफ भी भरने का काम करेगा।

हरियाणा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने जलेबी खिला मनाया जश्न

बीघापुर, उन्नाव। हरियाणा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने बीघापुर मण्डल अंतर्गत बीघापुर कस्बे में ढोल नगाड़ों और अतसबाजी के साथ जीत का उत्सव मनाया भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे माला पहना जलेबी खिला लोगों जश्न मना जलेबी बांटी। कार्यक्रम मुख्य रूप से जिला मीडिया प्रभारी समीर शुक्ला पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद नारायण शुक्ला मंडल अध्यक्ष अतुल पटेल कुलदीप सिंह विकास अग्निहोत्री शत्रुघ्न गुप्ता आदि उपस्थित रहे

भारतीय किसान यूनियन ने दिया धरना

औरास उन्नाव।ब्लॉक मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन (आरा) टिकैत ग्रुप के ब्लॉक अध्यक्ष राजपाल यादव के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया जंहा पर विकासखंड के विभिन्न ग्राम सभा में स्वच्छता मलेरिया कि दवा का छिड़काव नालियों की सफाई मच्छर जनित रोगों से बचाव विभिन्न ग्राम सभा में बदहाल गौशाला की व्यवस्था सुधारने कई गांवों को विकासखंड मुख्यालय से जोड़ने वाली खराब सड़कों तथा सीमउ ग्राम सभा में अमृत सरोवर में डाली गई सिंघाड़े की फसल आदि को लेकर खंड विकास अधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौप कर मांगों पर विचार करने का आग्रह किया।

मां कालरात्रि के दर्शन के लिये मंदिरों में उमड़ी भीड़

शुक्लागंज, उन्नाव।मंगलवार को नवरात्र के सातवे दिन नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिरों में भारी भीड़ रही। राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर में सुबह से देर रात तक श्रद्धालुओं की लाइनें लगी रही। वहीं मंदिर में मुंडन संस्कार भी कराया गया। नवरात्रि के सातवे स्वरूप मां कालरात्रि के दर्शन के लिये शुक्रवार सुबह से ही नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में भक्तों की भीड़ रही। मंदिरों में सुबह से लेकर देर शाम देवी भक्तों की भीड़ रही। घरों में मां की पूजन और दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। घरों में कलश स्थापित कर पूजन- अर्चना करने के साथ मंदिरों में भी भक्तों ने मत्था टेक मां से मनोकामना सिद्ध करने की प्रार्थना की। दिनभर मां के जयकारे लगते रहे। दुर्गा मंदिर के पंडित विनोद पांडे ने बताया कि मां की विधि विधान से पूजा अर्चना करने से ऐच्छिक मनोकामनाएं पूरी होती है।

जिला सहकारी बैंक की बैठक में अरुण ने रखी प्रगति आख्या

उन्नाव। जिला सहकारी बैंक लि0 मुख्यालय के बैंक सभागार में प्रबंध समिति की बैठक सभापति अरुण सिंह की अध्यक्षता में आहूत की गयी।

सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर बैठक प्रारंभ की गयी, जिसमें एजेण्डे में उल्लिखित बिन्दुवार प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया और पूर्व बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गयी। तत्पश्चात् 3 सितम्बर तक का ऋण विरतण, निक्षेप एवं बैंक के वर्तमान वित्तीय वर्ष प्रथम त्रैमास एवं द्वितीय त्रैमास के सन्तुलन पत्र, आय-व्यय एवं लाभ-हानि का अनुमोदन हेतु प्रस्तुतिकरण किया गया। बैंक में कर्मचारियों की कमी को दृष्टिगत रखते हुये रिक्त पदों का अधियाचन भेजे जाने का भी निर्णय लिया गया। इसके साथ ही नये भवन मुख्यालय एवं वी0सी0 हॉल का सौंदर्यीकरण एवं साज-सज्जा तथा नये भवन के समीप पड़ी रिक्त जमीन में हॉल के इस्टीमेट तैयार कराकर निर्माण कराये जाने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही पी0एम0 सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत सोलर प्लान्ट लगाने हेतु लॉन्ग टर्म लोन योजना को बैंक में लागू किये जाने एवं प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना बैंक में लागू किये जाने का निर्णय लिया गया।

परिनिर्माण दिवस पर दी श्रद्धांजली

संवाददाता

अमेठी। बामसेफ, डी एस फोर और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपा समर्थकों और अम्बेडकरवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ अन्य राजनीतिक दलों ने भी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। कांशीराम की 18वीं पुण्यतिथि पर बसपा के कार्यकर्ताओं में बड़ी संख्या में कांशीराम स्मारक स्थल, लखनऊ पहुंच कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मंगलवार को आधी रात के बाद से बुधवार को दिन भर लोग मान्यवर कांशीराम को नमन करने के साथ उनके संदेश शेयर करते देखे गए।मान्यवर कांशीराम के 18वें परिनिर्वाण दिवस पर बसपा और बामसेफ के पदाधिकारियों ने सुबह अपने घरों पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के बाद श्रद्धांजलि सभा और विचार गोष्ठी के अन्य कार्यक्रमों में शामिल हुए। अम्बेडकर कल्याण समिति की ओर से जनता नगर, भादर में माल्यार्पण और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी,भीम आर्मी ,एस सी/एस टी टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन और अपना दल के कार्यकर्ताओं ने भी बहुजन नायक कांशीराम को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब युग पुरुष थे। उन्होंने सुई से लेकर हवाई जहाज तक का निर्माण करने वाले 6743जातियों में बंटे हुए समाज को बहुजन समाज का नया स्वरूप प्रदान कर भारतीय राजनीति के व्याकरण को बदलने का काम किया। संविधान निर्माता बोधिसत्व बाबा साहब डॉ अम्बेडकर द्वारा दिए गए वोट के अधिकार के प्रयोग का सही तरीका सिखाया। बहुजन समाज को योग्य और कुशल नेतृत्व प्रदान करने के लिए 15दिसम्बर 2001को लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान में आयरन लेडी बहन कुमारी मायावती जी को आत्म सम्मान,स्वाभिमान और सामाजिक परिवर्तन के मानवतावादी मूवमेंट का उत्तराधिकारी घोषित किया। सामाजिक चिंतक डॉ सुनील दत्त ने कहा कि मान्यवर कांशीराम जैसा त्यागी राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक आजादी के बाद भारतीय राजनीति में और कोई नहीं और नहीं मिलता। उन्होंने श्मसान घाट से दस रुपए में कोट खरीदकर सर्दी से बचाव करते हुए बहुजन मूवमेंट को आगे बढ़ाया, कभी अपने लिए कपड़े नहीं खरीदे, सूखी रोटी पानी में भिगो कर खाई 4200रु साइकिल चलाकर बहुजन समाज पार्टी को अपने जीते जी राष्ट्रीय पार्टी बना दिया।आर डी गौतम, रामचंद्र, रमेश कोरी, शकुंतला भारती, राजेश अकेला, धर्मेंद्र भारती,, शमशेर बौद्ध, सुरेन्द्र बौद्ध, डा जयभीम, बसपा जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार, जिला प्रभारी दिनेश गौतम, विजय गौतम, इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी, त्रिभुवन दत्त, राम बली गौतम , हरिश्चंद्र कोरी, अरुण कुमार शास्त्री आदि ने सोशल मीडिया के माध्यम से कांशीराम के भाषणों के अंश और राजनीतिक संदेश लोगों को शेयर किए हैं।

बच्चों संग अभिभावकों ने किया डांडिया नृत्य

देश के अलग अलग प्रांतों की भेषभूषा नृत्य को किया प्रदर्षित

सवाददाता

अमेठी। औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर के सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल मे डांडिया नाइट मे जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की कार्यक्रम के अंत मे बच्चो संग अभिभावकों ने भी डांडिया की छडी पर हाथ आजमाया।

सेठ एम आर जयपुरिया स्कूल जगदीशपुर मे डांडिया नाइट का आयोजन हुआ जिसकी शुरुआत डी एम निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने दीप जलाकर किया ।सी एच सी जगदीशपुर अधीक्षक डॉक्टर प्रदीप तिवारी ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमो से बच्चो मे सर्वांगीण विकास होता है अन्य प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होते है डांडिया ने जन कल्याण की भावना से देवी स्तुति का अच्छा माध्यम है।छोटे छोटे बच्चे जब मंच पर सामूहिक नृत्य किये तो तालियां गूंज उठी

देश के अलग अलग राज्यो की भेष भूषा व प्रमुख नृत्य पर आधारित बच्चो ने गोवा , पंजाब, उत्तर प्रदेश, गुजरात , राजस्थान , महाराष्ट्र के प्रमुख गीतों पर अलग अलग राज्यो पर सामूहिक नृत्य किया ।

बच्चो द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का समापन डांडिया नृत्य से हुआ जिसमे बच्चो के संग अभिभावकों ने भी डांडिया नृत्य किया। कार्यक्रम मे तहसीलदार राहुल सिंह, लइक अहमद, राघवेंद्र तिवारी, महमुद, गौरव शिवराज सिंह, मान सिंह राठौर, जुबेर अहमद, फ़ारुख अहमद, थानाध्यक्ष अभिनेश कुमार, प्रिया सिंह, तौसीफ अहमद,ई संजय सिंह, शिव कुमार शुक्ला, राजीव श्रीवास्तव, डॉक्टर एम के त्रिपाठी, डॉक्टर प्रज्ञा बाजपेयी, अमरीश गुप्ता, हसीर अहमद, डॉक्टर प्रदीप तिवारी, प्रिंसपल तुहिना श्रीवास्तव ने अतिथियों का अभिवादन किया।

यातायात में बाधा बन रहे ई रिक्शा, कस्बे में संचालित हैं अवैध अड्डे

औरास, उन्नाव। कस्बा औरास के मुख्य चौराहे से लेकर नर्सरी पुलिया तथा कबरोई रोड मिर्जापुर अजिगांव रोड पर ई रिक्शा बेतरतीब तरीके से रोड के दोनों तरफ सवारी के इंतजार में खड़े रहते हैं जिससे हर समय वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है तथा जाम जैसी स्थिति उत्पन्न होती रहती है ई-रिक्शा को लेकर शासन के द्वारा कोई गाइडलाइन न होने के चलते पुलिस तथा नगर प्रशासन के द्वारा भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की जाती है जानकारी के अनुसार कस्बा औरास के मुख्य चौराहा,नर्सरी पुलिया, कबरोइ रोड,मिर्जापुर अजिगांव रोड आदि जगहों पर ई रिक्शा गलत तरीके से खड़े किए जाते हैं तथा सवारिया बिठाने के लिए रिक्शा चालकों में अक्सर गाली गलौज तथा मारपीट भी होती रहती है ।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक

संवाददाता

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी में नगरीय निकायों में विकास कार्यों को कराए जाने को लेकर प्राप्त प्रस्ताव के अनुमोदन को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता लोनिवि शैलेंद्र कुमार, समस्त उपजिलाधिकारी, चारों निकायों के अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में नगरीय निकायों में मूलभूत सुविधाओं यथा साफ-सफाई हेतु उपकरणों के क्रय करने, नाली, इंटरलॉकिंग के निर्माण, स्ट्रीट लाइट, वाटर कूलर, मोबाईल टॉयलेट, पानी का टैंकर, ट्रैक्टर सहित अन्य उपकरणों को क्रय करने के उद्देश्य से निकायों द्वारा उपलब्ध कराए गए प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त कार्य कराए जाने हेतु शासनादेश का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए किसी भी हालत में शासन के आदेश का उल्लंघन ना हो।

उन्होंने कहा कि नगर वासियों को बेहतर सुविधा देने की दिशा में प्रयास किए जाएं, नगरीय निकायों में सफाई व जलभराव की शिकायतें ज्यादा प्राप्त हो रही हैं सफाई की व्यवस्था के लिए बेहतर उपाय किए जाएं। उन्होंने सभी नगर निकायों के अध्यक्षों व अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो भी प्रस्ताव तैयार किये जांए उनमें बेहतर कार्यों का समावेश होना चाहिए। व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही दुकानदारों, के सामने डस्टबिन रखने और उसी में कूड़ा डालने के लिए प्रेरित किया जाए।

एक भी लाइसेंसी पटाखा फैक्ट्री, नहीं अमेठी में

खूब हो रहा जनपद में अवैध पटाखे का कारोबार

संवाददाता

अमेठी। जनपद के हर कोने में गोला पटाखा बिकता दिख जाएगा। परन्तु जिले में एक भी पटाखा फैक्ट्री का रजिस्ट्रेशन नहीं है। पूर्व में जिले के सिर्फ 18 लोगों को पटाखा बेंचने का लाइसेंस जारी हुआ था। जिसमें से अब तक तीन लोगों ने ही लाइसेंस का नवीनीकरण कराया है। अवैध रूप से गोला बारूद बनाने व रखने के चलते अब तक जिले में दर्जनों लोगों को जान से हाथ धोना पड़ा है और कई घर तबाह हो गए हैं। शादी ब्याह से लेकर विभिन्न प्रकार के जुलूसों, पर्वों आदि पर जमकर गोला पटाखा दगाए जाते हैं और आतिशबाजी की जाती है। लेकिन यह गोला पटाखा अधिकांश रूप से अवैध श्रोतों से ही मंगाए जाते हैं। सूत्रों की मानें तो बहुत से लोग अवैध रूप से गोला पटाखा बनाने के धंधे में लगे हुए हैं। जिसके चलते कई बार बड़े हादसे भी हो चुके हैं। बारूदी विस्फोटों में मकान ढहने के चलते ही असमय ही लोग काल के गाल में समा जा रहे हैं। वैसे तो समय-समय पर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन अवैध पटाखा कारोबारी कभी कभार ही पकड़ में आते हैं। बीते एक साल के दौरान पुलिस ने सिर्फ एक बार अवैध पटाखा पकड़ा है। संग्रामपुर पुलिस ने फरवरी में 40 किलोग्राम अवैध पटाखे के साथ ताज मोहम्मद नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

जनपद में हुए बड़े बारूदी विस्फोटः 2002 में अमेठी कस्बे में हुए बारूदी विस्फोट में तीन लोगों की जान गई थी। 2003 में जगदीशपुर के हारीमऊ में हुए बारूदी विस्फोट में दो मंजिला मकान ढह गया था और पिता-पुत्र के चीथड़े उड़ गए थे। 2004 को गौरीगंज में कस्बा निवासी कल्ले के घर हुए बारूदी धमाके में उनके पुत्र, पुत्री, पत्नी, दामाद व एक रिक्शा चालक सहित पांच की मौत हो गई थी।

आखिर कहां से आते हैं पटाखे

जिले में पूर्व में 18 लोगों को पटाखे बेंचने का लाइसेंस प्रशासन द्वारा जारी किया गया था। जिसमें अमेठी के एक व जायस के दो लोगों ने ही लाइसेंस का नवीनीकरण कराया है। जबकि विभिन्न आयोजनों में खुलेआम गोले पटाखे दगाए जाते हैं। ऐसे में यह विस्फोटक सामग्री कहां से आती है यह पुलिस प्रशासन के लिए बड़ा सवाल है। सूत्रों की मानें तो कई पुराने पटाखा कारोबारी चोरी छिपे गोले पटाखे बनाकर बेंचते हैं। लेकिन पुलिस इन तक नहीं पहुंच पाती।

डीसीएम व कंटेनर की टक्कर में युवक की मौत

संवाददाता

बाँगरमऊ, उन्नाव। आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम ढोलौवां के सामने चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रहे डीसीएम ट्रक के पीछे जा भिड़ा। हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और वाहनों में बैठे दोनों को मामूली चोटें आईं।

जबकि डीसीएम में पीछे खड़े गोवंश मालिक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस यूपीडा पेट्रोलिंग पार्टी ने गंभीर रूप से घायल दो लोगों को ट्रामा सेंटर लखनऊ भेज दिया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हाइड्रा के जरिए किनारे खड़ा कर आवागमन बहाल कराया। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान डीसीएम में पीछे खड़े एक व्यक्ति की मौत हो गई। जिला व थाना मैनपुरी अंतर्गत ग्राम हसनापुर निवासी चालक शिवकुमार दीक्षित 45 वर्ष पुत्र राममूर्ति दीक्षित डीसीएम में गोरखपुर से सात जर्सी गाय लादकर बांगरमऊ आ रहा था।

पीछे से विहार प्रांत के थाना मदनपुरा अंतर्गत कस्बा औरंगाबाद निवासी मनीष कुमार सिंह 28 वर्ष पुत्र अजय सिंह कंटेनर लेकर सिलीगुड़ी असम से दिल्ली जा रहा था। तभी मंगलवार की रात करीब 12 बजे चालक बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में पहुंचा तभी अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर आगे चल रही डीसीएम में भिड़ गई। हादसे में दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और दोनों वाहनों के चालकों सहित कंटेनर पर सवार निसारुद्दीन 30 वर्ष पुत्र जलालुद्दीन निवासी ग्राम हीरापुर बांगरमऊ गंभीर रूप से घायल हो गए।

सडक सुरक्षा नाम से छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली

संवाददाता

बांगरमऊ,उन्नाव। स्थानीय इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो सदानंद राय के संरक्षण एवं सड़क सुरक्षा प्रभारी धर्मेंद्र कुमार त्रिवेदी के नेतृत्व में बीती दिनांक 2 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत आज बुधवार को प्राचार्य द्वारा छात्र-छात्राओं व प्राध्यापकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात सड़क सुरक्षा रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा ÷सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा व दुर्घटना से देर भली और दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट बहुत जरूरी है तथा सुरक्षा के साथ समझौता, दुर्घटना को न्योता आदि नारे लगाकर आम जनमानस को जागरूक किया। रैली में डॉ सविता राजन, डॉ किरन, डॉ अभय राजपूत, डॉ दिग्विजय नारायण, डॉ अभिषेक कुमार, डॉ रविराज वर्मा, डॉ शैलजा त्रिपाठी, डॉ सुमन देवी, डॉ सुनीता निरंकारी तथा विनोद कुमार मौर्य, संदीप कुमार अवस्थी, कन्हैया लाल, बलराम, जितेंद्र आदि कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं में महक, अपूर्वा, प्रीति, पारुल, निखिल, राजकुमार, आयुष, शिव प्रकाश, दीपक, शिल्पी, अंजली, पूर्णिमा, सौरभ, सूरज, शोभित, गोविंद, आदि सैकड़ो छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

सफीपुर बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन

सफीपुर,उन्नाव। सफीपुर तहसील में बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का गठन समारोह भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बार काउंसिल के चेयरमैन शिव किशोर गौड़ ने कार्यकारिणी को बधाई दी।उन्होंनेअधिवक्ताओं को उनके कर्तव्यों का बोध कराते हुए उनके कार्यों की सराहना की। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित सफीपुर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई %राजा बेटा% ने भी अपने विचार रखे। उन्होंने कहा, ÷मेरा पिता जी अधिवक्ता थे, इसलिए मुझे तहसील से विशेष लगाव है। अधिवक्ताओं से मुझे बहुत स्नेह मिलता है। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख अधिवक्ताओं ने भाग लिया और नए कार्यकारिणी के प्रति शुभकामनाएँ व्यक्त कीं। यह कार्यक्रम अधिवक्ताओं के सामूहिक विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

फांसी के फंदे पर झूला युवक

विद्युत बिल अधिक आने के कारण आत्महत्या करने की रही चर्चा

संवाददाता

उन्नाव। युवक ने फांसी के फंदे से लटककर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। वहीं चर्चा है कि विद्युत बिल की अधिकता के चलते युवक तनाव में था, जो उसकी मौत का कारण बना। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चुरी भेज दिया हैं।

बताते चले कि थाना क्षेत्र अचलगंज के निवासी शुभम पुत्र महादेव उम्र लगभग 25 वर्ष बुधवार की सुबह, घर में बने कमरे के अंदर फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। रोज की तरह जब शुभम अपने टाइम से नही उठा तो परिजनों में पिता ने कमरे के अंदर बेटे को फंदे से लटकता पाया, तो उसके होश उड़ गए। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। चीख पुकार की आवाजे सुनकर ग्रामीणों की भीड़ कुछ ही पलों में एकत्र हो गई। घटना की सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची अचलगंज थाना पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे पिता महादेव से जानकारी के अनुसार, पिछले महीने उसके घर विद्युत के कनेक्शन का बिल 1 लाख 9 हजार रुपए तक आ गया था। जिसके सुधार हेतु संबंधित अधिकारियों के यहां कई दिनों तक चक्कर लगाए।

इसके पश्चात 16 हजार रुपए जमा की रसीद प्राप्त कर ली। अक्टूबर माह में फिर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने 8 हजार रुपए का बिल बनाकर भेज दिया। बिजली का इतना बिल फिर से देखकर बेटा परेशान हो गया और तनाव में रहने लगा। जिस कारण इस तरह का आत्मघाती कदम उठाने को विवश होकर फांसी लगाकर अपने जीवन का अंत कर दिया। पिता ने बेटे के इस तरह से आत्महत्या के पीछे बिजली विभाग के अधिकारियों को बताया जिन्होंने इतना जायदा बिल भेज दिया और सुधार को गए बेटे को किसी तरह की मदद नहीं मिली, समय रहते बिल सही हो जाता तो बेटे की जान बच सकती थीं।

क्या कहते हैं जिम्मेदार

घटना को लेकर पुलिस विभाग जांच में मुस्तैदी से काम कर रहा हैं, वही चीफ इंजीनियर सुदेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है, जांच पड़ताल की जायेगी।

बाज नहीं आ रहे ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां ढोने वाले

औरास,उन्नाव। पुलिस तथा प्रशासन के द्वारा बार-बार की जा रही अपील का आम जनमानस पर कोई खास असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है यहां वहां आयोजित कार्यक्रमों में कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक लोगों को ट्राली में सवारियां ले जाते हुए देखा जा सकता है एक पखवाड़ा पूर्व थाना स्तर पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उप जिलाधिकारी हसनगंज रामदेव निषाद नें थाना क्षेत्र में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में ट्रैक्टर ट्राली में सवारियां ढोने पर प्रतिबंध की बात कही थी इसके बावजूद पर थाना क्षेत्र के कस्बा से लेकर के ग्रामीण क्षेत्र तक में निरंतर ट्रैक्टर ट्राली से सवारियां ढोई जा रही हैं जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है इस संबंध में औरास थाना प्रभारी अश्विनी मिश्रा से बात की गई

डेनमार्क मैं 4 गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी का सांसद ने किया सम्मान

संवाददाता

बीघापुर , उन्नाव। डेनमार्क में पिछले माह हुई वर्ल्ड फायर फाइटर गेम्स में 4 गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले जंगली खेड़ा के आनंद प्रताप सिंह को उनके आवास पर पहुंचकर सांसद डॉक्टर सच्चिदानंद हरि साक्षी महाराज ने अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सांसद ने कहा कि विश्व स्तर में हुई खेल प्रतियोगिता में चार मेडल जीतकर आनंद ने जनपद का मान सम्मान प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है खेल के मिले मेडल समर्पण और लगन का परिणाम है। आनंद का प्रदर्शन आज के युवाओं को प्रेरणा देने वाला है। इसमें भाजपा जिला अध्यक्ष अवधेश कटियार, अजीत बॉबी, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह, अमितेश सिंह नंदू , धर्मेंद्र सिंह , नागेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह आदि रहे।

संक्षिप्त खबरें

हिजबुल्ला ने इस्राइल पर दागीं 135 मिसाइलें

येरूसलम/बेरूत। गाजा में इस्राइल से लड़ने वाले फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के सहयोगी और ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने हाइफा के दक्षिण में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया और फादी 1 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, हिजबुल्ला ने हाइफा से 65 किलोमीटर दूर तिबरियास शहर पर भी मिसाइल हमले किए।इस्राइली सेना ने गाजा युद्ध की पहली वर्षगांठ पर दक्षिण लेबनान में जमीनी स्तर पर हमलों का विस्तार किया, जिसके जवाब में हिजबुल्ला ने सोमवार को इस्राइल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा पर रॉकेट दागे। गाजा में इस्राइल से लड़ने वाले फलस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के सहयोगी और ईरान समर्थित हिजबुल्ला ने हाइफा के दक्षिण में एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाया और फादी 1 मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, हिजबुल्ला ने हाइफा से 65 किलोमीटर दूर तिबरियास शहर पर भी मिसाइल हमले किए। हिजबुल्ला ने कहा कि उसने इस्राइल पर कुल 135 फादी 1 मिसाइलें दागी हैं। हिजबुल्ला ने दावा किया कि सोमवार की शाम करीब 5 बजे उसने इस्राइल के शहर हाइफा पर रॉकेट और मिसाइल से हमले किए हैं। वहीं, इस्राइली सेना ने कहा कि सोमवार शाम पांच बजे तक करीब 135 मिसाइलें इस्राइली क्षेत्र में प्रवेश कर चुके थे। हिजबुल्ला के हमलों से मध्य इस्राइल के हाइफा क्षेत्र में 10 और दक्षिण में दो अन्य लोग घायल हो गए। इस्राइली सेना ने कहा कि वायु सेना दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर व्यापक बमबारी कर रही थी। सीमा-क्षेत्र की लड़ाई में दो इस्राइली सैनिक मारे गए, जिससे लेबनान के अंदर अब तक मरने वाले सैनिकों की संख्या 11 हो गई है।वहीं, लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्र के शहर बिंट जेबिल में एक नगरपालिका भवन पर इस्राइली हवाई हमले में 10 अग्निशामक मारे गए और रविवार को अन्य हवाई हमलों में दक्षिणी और पूर्वी लेबनानी शहरों में 22 लोग मारे गए।सोमवार को, सेना ने कहा कि उसके 91वें डिवीजन के सैनिक उत्तरी इस्राइल में एक साल के ऑपरेशन के बाद दक्षिणी लेबनान में चले गए हैं, जहां पिछले एक साल से इस्राइली सेना हिजबुल्ला के साथ सीमा पार से गोलीबारी में लगी हुई है।इस्राइली सेना ने सोमवार तड़के कहा कि हिजबुल्ला द्वारा दागे गए रॉकेट में से दो हाइफा पर और पांच तिबेरियास पर गिरे, जो हाइफा से 65 किलोमीटर दूर है। इस्राइली सेना के मुताबिक, हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों से कुछ इमारत और संपत्तियां क्षतिग्रस्त हुई हैं और कई लोगों को मामूली चोटें आई हैं। निगरानी कैमरे द्वारा लिए गए वीडियो में उस क्षण को दिखाया गया, जब हिजबुल्ला ने हाइफा पर रॉकेट हमला किया।

यमन ने इस्राइल पर किया मिसाइल हमला

लेबनान। इस्राइल और लेबनान के बीच जारी लड़ाई अब और तेज हो गई है। हमास हमले की बरसी पर इस्राइल के कई शहरों पर रॉकेट हमले किए गए हैं। इन हमलों में कई इस्राइली नागरिकों के घायल होने की खबर है। हिजबुल्ला के रॉकेटों ने इस्राइल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा पर हमला किया। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष लगातार गहराता जा रहा है। जानिए क्या हैं पश्चिम एशिया में सुरक्षा को लेकर जारी चिंताओं के बीच एयर फ्रांस ने पेरिस और तेल अवीव के बीच उड़ानों पर रोक बढ़ा दी है। पेरिस और तेल अवीव के बीच उड़ानें 15 अक्तूबर और पेरिस और बेरूत के बीच उड़ानें 26 अक्तूबर तक निलंबित रहेंगीं।अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन ने एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि हमास की ओर से सात अक्तूबर को इस्राइल पर किए गए आतंकवादी हमले को आज एक साल हो गया। हम इस्राइल की सुरक्षा, हमास से लड़ने और ईरान की आक्रामकता को रोकने के लिए अपनी प्रतिबद्धता से पीछे नहीं हटेंगे। हमारा उद्देश्य क्षेत्र में स्थिरता और शांति को बढ़ावा देना है।हिजबुल्ला ने दावा किया कि उसने इस्राइल के हाइफा शहर के उत्तरी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रॉकेट दागे। अलजजीरा के मुताबिक हिजबुल्ला ने कहा कि कई रॉकेट हवाई रक्षा प्रणालियों को चकमा देकर जमीन पर गिरे। इससे कम से कम 10 लोग घायल हो गए।यमन से बैलिस्टिक मिसाइल से इस्राइल पर हमला किया है। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक हमले के बीच मध्य इस्राइल में सायरन बज रहे हैं। इस्राइली रक्षा बल मामले की जांच कर रहा है। आईडीएफ ने पुष्टि की है कि मध्य इस्राइल में बजने वाले सायरन यमन से मिसाइल हमले के कारण बजाए गए थे। आईडीएफ ने कहा कि मिसाइल को इस्राइल की वायु रक्षा प्रणाली ने सफलतापूर्वक रोक दिया। मिसाइल को एरो लंबी दूरी की मिसाइल रक्षा प्रणाली से मार गिराया गया। इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इस्राइल हमास संघर्ष का एक साल पूरा होने पर विशेष कैबिनेट बैठक बुलाई। द टाइम्स ऑफ इस्राइल के मुताबिक बैठक में पीएम नेतन्याहू ने कहा कि हमास और हिजबुल्ला के खिलाफ चल रहा युद्ध अस्तित्व को बचाने और पुर्नउत्थान के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारे दुश्मनों के खिलाफ हमारा जवाबी हमला हमारे भविष्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने की आवश्यक शर्त है। हम युद्ध को तब समाप्त करेंगे जब हम अपने द्वारा निर्धारित सभी लक्ष्यों को पूरा कर लेंगे। हमास के शासन को उखाड़ फेंकना, हमारे सभी बंधकों को घर वापस लाना, गाजा से इस्राइल के लिए किसी भी भविष्य के खतरे को विफल करना और दक्षिण-उत्तर में हमारे निवासियों को सुरक्षित रूप से उनके घरों में वापस लाना, हमारा संकल्प है।

उड़ान में अचानक चलने लगी अश्लील फिल्म

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से जापान के हनेदा जा रही क्वांटास एयरवेज की उड़ान (क्यूएफ 59) में यात्रियों के सामने की स्क्रीन पर अचानक अश्लील फिल्म चलने लगी। इससे यात्री हैरान रह गए। फिल्म ने यात्रियों के लिए एक असहज स्थिति पैदा कर दी। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी से जापान के हनेदा जा रही क्वांटास एयरवेज की उड़ान (क्यूएफ 59) में यात्रियों के सामने की स्क्रीन पर अचानक अश्लील फिल्म चलने लगी। इस तकनीकी खराबी के कारण सभी यात्रियों, खासकर बच्चों के साथ सफर कर रहे परिवारों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।उड़ान के दौरान दिखाई जा रही फिल्म में स्पष्ट यौन सामग्री और नग्नता के दृश्य थे। एक यात्री ने रेडिट पर लिखा कि फिल्म को रोकना या स्क्रीन की चमक को कम करना या उसे बंद करना संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि यह फिल्म सभी को असहज करने वाली थी, खासतौर पर परिवार और बच्चों के साथ सफर रहे लोगों को। उन्होंने कहा कि इसे बदलने में करीब एक घंटा लगा।एयरलाइन के कर्मचारियों को जब पता चला कि स्क्रीन पर चल रही फिल्म ठीक नहीं है, तो उन्होंने यात्रियों की मदद करने की कोशिश की, ताकि वे उस फिल्म को न देख सकें। लेकिन तब भी स्क्रीन से यह फिल्म नहीं हट सकी।वहीं, क्वांटास एयरलाइन ने इस घटना की पुष्टि की और कहा कि उड़ान के एंटरटेनमेंट सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण यात्रियों को अपनी पसंद की फिल्मों को चुनने में असुविधा हुई। न्यूयॉर्क पोस्ट के मुताबिक, एयरलाइन के चालक दल के सदस्यों ने यात्रियों से उनकी पसंद की फिल्म का नाम पूछकर समस्या का समाधान करने की कोशिश की। जिसके बाद सभी स्क्रीन पर डैडियो फिल्म दिखाई गई।

एलेक्स कूपर के पॉडकास्ट में हैरिस के शामिल होने पर विवाद

वॉशिंगटन। एलेक्स कूपर का पॉडकास्ट कॉल हर डैडी महिलाओं के बीच लोकप्रिय है। इसमें अधिकतर महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, रिश्तों को लेकर चर्चा की जाती है। हाल ही में कमला हैरिस इस पॉडकास्ट में शामिल हुईं थी।एलेक्स कूपर के पॉडकास्ट कॉल हर डैडी में अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के शामिल होने पर विवाद शुरू हो गया। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति और रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने हैरिस के पॉडकास्ट में शामिल होने की निंदा की है। डोनाल्ड ट्रंप के वार रूम की ओर से पोस्ट किया गया कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस बेहद स्वार्थी हैं और उन्होंने घृणित कार्य किया है। एक ओर जहां अमेरिका के संघीय प्रदेश तूफान की विभीषिका झेल रहे थे, तो हैरिस को बहुत अच्छी फीलिंग आ रही थी। ट्रंप वार रूम की ओर से आए बयान पर एलेक्स कूपर ने प्रतिक्रिया दी है कि उनका भी पॉडकास्ट में स्वागत है। दरअसल एलेक्स कूपर का पॉडकास्ट कॉल हर डैडी महिलाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। इसमें अधिकतर सेक्स, महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, रिश्तों को लेकर चर्चा की जाती है। हाल ही में अमेरिका में आए हेलेन तूफान के बीच कमला हैरिस इस पॉडकास्ट में शामिल हुईं थी। इसे अब लाइव कर दिया गया। कमला हैरिस के पॉडकास्ट में शामिल होने का तमाम अमेरिकी लोगों ने समर्थन किया। इस पॉडकास्ट में हैरिस ने गर्भपात के बारे में बात की थी। इसे ट्रंप वार रूम की ओर से घृणित बताया गया।ट्रंप के बयान को लेकर एलेक्स कूपर ने कहा कि मैं राजनीति में दखल नहीं देना चाहती हूं।

बेहद रोमांचक होने वाले हैं राष्ट्रपति चुनाव

ट्रंप और कमला हैरिस को लेकर अमेरिकी प्रोफेसर की भविष्यवाणी

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैदान में हैं। वहीं डेमोक्रेट्स ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को चुनावी दौड़ में उतारा है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए होने वाले चुनाव में अब महज चार सप्ताह का समय बचा है। ऐसे में इन आखिरी हफ्तों में डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन उम्मीदवार चुनावी तैयारी में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। मुकाबला कड़ा बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है।

इलेक्टोरल कॉलेज और लोकप्रिय वोटों के संबंध में दोनों उम्मीदवारों से उनकी उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर प्रोफेसर जाचरी ने कहा, %मुझे लगता है कि चुनाव बहुत करीब होने जा रहा है। मुझे लगता है कि दो या तीन प्रतिशत अंकों के भीतर इलेक्टोरल कॉलेज भी असाधारण रूप से करीब होने जा रहा है। आप जानते हैं, यह बहुत संभव है कि एक संकीर्ण जीत होगी।पेस्कोविट्ज ने अमेरिकी चुनाव में विदेश नीति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी मतदाताओं के लिए विदेश नीति एक बहुत मामूली विचार है। मतदाताओं का एक बहुत छोटा वर्ग होगा जो 2024 में विदेश नीति के मुद्दों के आधार पर वोट देगा। उन्होंने आगे कहा कि अगर आप जनमत सर्वेक्षण और अतीत में मतदान व्यवहार को प्रभावित करने वाले कारकों को देखें, तो विदेश नीति आम तौर पर अमेरिकी मतदाताओं के लिए बहुत ही मामूली विचार है, सिवाय उन मामलों के जहां अमेरिकी सैनिक सक्रिय रूप से लड़ रहे हैं। इसलिए, वियतनाम एक बड़ा प्रमुख उदाहरण है। जबकि इराक, अफगानिस्तान में युद्ध कम उदाहरण हैं। इसलिए, पिछले चुनावों की तुलना में 2024 के चुनाव में यह एक बड़ा अंतर है। रूस के साथ चल रहे युद्ध के बीच यूक्रेन के लिए अमेरिकी समर्थन के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यह साफ तौर पर सबसे जरूरी मामला है। इसमें बड़ी संख्या में धन भी शामिल है। लेकिन, अगर आप उन मुद्दों को देखें जिनकी मतदाता परवाह करते हैं, तो विदेश नीति केवल एक बहुत ही मामूली विचार है। इसलिए, मुझे लगता है कि कुछ मतदाता ही हैं, जो 2024 में विदेश नीति के मुद्दों के आधार पर ट्रंप और हैरिस के बीच फैसला करेंगे।

विशेषज्ञ ने अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी मतदाताओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अमेरिका में मतदाताओं का एक छोटा लेकिन महत्वपूर्ण हिस्सा भारतीय-अमेरिकी हैं। दोनों पक्षों में प्रमुख भारतीय-अमेरिकी हैं। यह पूछे जाने पर कि ट्रंप और हैरिस के बीच लड़ाई में भारतीय-अमेरिकी किसका समर्थन करेंगे, उन्होंने कहा, औसतन, भारतीय-अमेरिकी आबादी डेमोक्रेट्स का अधिक समर्थन करते हैं।

मुझे लगता है कि उनकी भारतीय पृष्ठभूमि शायद इसका एक छोटा सा हिस्सा है, लेकिन भले ही यह टिकट के शीर्ष पर एक गैर-भारतीय उम्मीदवार हो, डेमोक्रेटिक उम्मीदवार को समर्थन मिलने की उम्मीद की जाएगी।

इस बार का चुनाव धड़कने बढ़ा देने वाला

एमोरी विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर जाचरी पेस्कोविट्ज ने भविष्यवाणी की है कि इस बार का चुनाव धड़कने बढ़ा देने वाला होगा क्योंकि सात स्विंग राज्यों में से किसी में भी किसी भी उम्मीदवार के पास निर्णायक बढ़त नहीं है। उनका कहना है कि अमेरिकी चुनाव में इलेक्टोरल कॉलेज असाधारण रूप से काफी पास होगा और लोकप्रिय वोट भी बहुत करीब होने जा रहा है।

गौरतलब है, अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैदान में हैं। वहीं डेमोक्रेट्स ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को चुनावी दौड़ में उतारा है। दोनों ही नेता एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं।

सातों राज्यों में किसी के पास निर्णायक बढ़त नहीं

अमेरिकी विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने आगे कहा, यहां तक कि यह भी संभावना है कि इलेक्टोरल कॉलेज में 269 के मुकाबले 269 सीटें टाई होंगी, जो अंत में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में जाएंगी। आप जानते हैं कि यह बहुत करीबी मुकाबला होगा और यह इन सात राज्यों तक सीमित रहेगा। इसलिए, हाल ही में हुए सभी मतदानों से पता चलता है कि यह बहुत करीबी मुकाबला होगा। किसी भी उम्मीदवार के पास सातों राज्यों में निर्णायक बढ़त नहीं है और यह कांटे की टक्कर वाला मुकाबला होगा।

बता दें, कमला हैरिस की मां भारतीय थीं और उनके पिता जमैका के थे। उनके माता-पिता संयुक्त राज्य अमेरिका में आकर बस गए थे। वह पहली अश्वेत महिला और पहली एशियाई अमेरिकी उपराष्ट्रपति हैं।

पालः बाढ़ पीड़ितों के लिए भारत ने भेजी राहत सामग्री की पहली खेप

काठमांडू। नेपाल में आई बाढ़ से पीड़ित जनता के लिए भारत की तरफ से राहत सामग्री भेजने का काम शुरू हो गया है। राहत सामग्री की पहली खेप भारतीय वायुसेना के विशेष विमान से नेपालगंज हवाईअड्डा पर पहुंचाई गई।

काठमांडू स्थित भारतीय राजदूतावास के प्रतिनिधि की उपस्थिति में राहत सामग्रियों की पहली खेप नेपाल सरकार तक पहुंचा दी गई है। सोमवार को आई राहत सामग्री को भारतीय दूतावास के द्वितीय सचिव नारायण सिंह ने नेपालगंज हवाईअड्डा पर बांके जिला के प्रमुख जिलाधिकारी खगेन्द्र प्रसाद रिजाल को सौंपा है।भारतीय दूतावास की तरफ से बताया गया है कि करीब 2 करोड़ रुपये की 4.20 टन सामग्री नेपाल के बाढ़ पीड़ितों के लिए दी गयी है। दूतावास की तरफ से जारी बयान के मुताबिक राहत सामग्री में टेंट, ट्रिपोलिन से लेकर स्लीपिंग बैग और अत्यावश्यक औषधियां दी गई है।

हिजबुल्ला ने इस्राइल में दागीं पांच मिसाइलें

आईडीएफ ने बेरूत में खुफिया मुख्यालय बनाया निशाना

एजेंसी

तेल अवीव। इस्राइली सेना ने कहा कि लेबनान से इस्राइल की सीमा में लगभग पांच मिसाइलें लॉन्च की गईं, जिसके बाद मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे। सेना के अनुसार, कुछ मिसाइलों को हवा में मार गिराया गया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिरीं।

हिजबुल्ला ने गाजा संघर्ष की पहली वर्षगांठ के मौके पर मध्य इस्राइल के कई शहरों को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमले किए। वहीं, सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को बेरूत के आसमान में एक और विस्फोट हुआ, जिससे आसमान में लगभग एक सेकंड के लिए रोशनी हुई और उपनगरों में नारंगी रोशनी फैल गई। दिन के दौरान, बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर कई हमलों की आवाजें भी सुनी गईं। बेरूत में यह विस्फोट इस्राइली सेना के निर्देश के बाद हुआ।

वहीं, इस्राइली सेना ने कहा कि लेबनान से इस्राइल की सीमा में लगभग पांच मिसाइलें लॉन्च की गईं, जिसके बाद मध्य इस्राइल में सायरन बजने लगे। सेना के अनुसार, कुछ मिसाइलों को हवा में मार गिराया गया और बाकी खुले क्षेत्रों में गिरीं।

बाद में हिजबुल्ला ने बयान जारी कर कहा कि उसने तेल अवीव के पास सैन्य खुफिया इकाई पर मिसाइल हमला किया।

अमेरिकी अदालत से गूगल को झटका

कंपनी को अपना एंड्रॉयड प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का निर्देश

एजेंसी

वॉशिंगटन। ज्यूरी ने माना कि गूगल द्वारा विभिन्न रणनीतिक तरीकों से एंड्रॉयड फोन्स पर इसके एप स्टोर का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। अदालत के इस फैसले के खिलाफ गूगल ने अपील की है।

अमेरिका की अदालत से दिग्गज तकनीकी कंपनी गूगल को बड़ा झटका लगा है। दरअसल अदालत ने गूगल को अपना एंड्रॉयड स्मार्टफोन ऑपरेटिंग सिस्टम प्रतिद्वंदी एप स्टोर के लिए खोलने का आदेश जारी किया है। फोर्टनाइट बनाने वाले एपिक गेम्स ने गूगल के खिलाफ अदालत में विश्वास विरोधी मामला दायर कराया था। जिस पर कैलिफोर्निया की ज्यूरी ने माना कि गूगल अपने एंड्रॉयड प्ले स्टोर के जरिए एकाधिकार स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

ज्यूरी ने माना कि गूगल द्वारा विभिन्न रणनीतिक तरीकों से एंड्रॉयड फोन्स पर इसके एप स्टोर का एकाधिकार स्थापित किया जा रहा है। अदालत के इस फैसले के खिलाफ गूगल ने अपील की है। गौरतलब है कि इससे पहले अगस्त में ही एक अन्य मामले में भी गूगल को झटका लगा था, जब एक अन्य जज ने भी ये माना था कि गूगल एकाधिकार स्थापित कर रही है। गूगल को वर्जीनिया में भी ऑनलाइन विज्ञापन मामले में एक विश्वास विरोधी मामले का सामना करना पड़ रहा है।

एपिक गेम्स वाले मामले में अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि गूगल को अगले तीन वर्षों तक उन गतिविधियों से प्रतिबंधित कर दिया गया है, जो प्रतिस्पर्धा विरोधी हों। इन प्रतिबंधों के तहत गूगल को अपने राजस्व को भी प्रतिद्वंदी के साथ साझा करना होगा। जज ने तीन सदस्यों की सदस्यता वाली एक समिति बनाने का भी आदेश दिया है, जो आदेश को लागू होने पर अपनी नजर रखेगी।

गुरेरो में मेयर का पद संभालने के छह दिन बाद एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या

पिकअप वैन में मिला कटा हुआ सिर

एजेंसी

मैक्सिको सिटी। अरकॉस की हत्या से ठीक तीन दिन पहले सरकार में नए सचिव फ्रांसिस्को टापिया की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीन दिन में दो बड़े नेताओं की हत्या से शहर में दहशत का माहौल है। पुलिस हर एक इलाकों की जांच कर रही है।मैक्सिको के हिंसाग्रस्त राज्य की राजधानी गुरेरो में मेयर का पद संभालने के एक सप्ताह से भी कम समय के बाद एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या कर दी गई। राज्य के गवर्नर ने इसकी पुष्टि की। उनका कटा हुआ सिर एक पिकअप वैन से बरामद किया गया। दक्षिण पूर्व मैक्सिको के चिलपेंसिंगो शहर के मेयर अरकॉस ने छह दिन पहले ही मेयर का पद संभाला था। गुरेरो के स्टेट अटर्नी जनरल के कार्यलय ने बताया कि उनकी हत्या की जांच की जाएगी।उनकी हत्या सरकार के सचिव फ्रांसिस्को टापिया की हत्या के ठीक तीन दिन बाद हुई।मेयर एलेजेंड्रो अरकॉस की हत्या पर गुरेरो के गवर्नर एवलीन सलगेडो ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, उनके निधन से पूरा गुरेरो समाज शोक में हैं और इसे लेकर हमारे अंदर आक्रोश है।उन्होंने यह बयान सोशल मीडिया पर दिया। व्हाट्सएप पर पिकअप वैन पर कटा हुआ सिर की तस्वीरें प्रसारित होने के बाद आधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की गई। वे एक युवा और ईमानदार अधिकारी थे जो जिन्होंने अपने समुदाय के लिए प्रगति की मांग की। बता दें कि मेक्सिको के पीआरआई राजनीतिक दल के प्रमुख हैं। उन्होंने गुरेरो की स्थिति को देखते हुए अरकॉस और तापिया की हत्याओं की जांच के लिए का नेतृत्व करने के लिए फेडरल अटर्नी जनरल को बुलाया।

जाकिर नाइक को आई अकल या...!

पाकिस्तान में अचानक करने लगा भारत की तारीफ, पीआईए को लेकर सरकार को सुनाई खरी-खोटी

एजेंसी

इस्लामाबाद। भारत में नफरत फैलाने वाले भाषण और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में वांछित जाकिर नाइक ने कहा कि जब पाकिस्तान आ रहा था, तो सामान का वजन हजार किलो था। तब मुझे रोक दिया गया।

विवादित इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक एक बार फिर चर्चाओं में आ गया है। आजकल वह पाकिस्तान पहुंचा हुआ है। यहां से पहले उसका एक लड़की को खरीखोटी सुनाने का वीडियो सामने आया। अब उसका हृदय परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उसने पाकिस्तान की एयरलाइंस पीआईए की जमकर आलोचना की। वहीं, भारत की तारीफ करता दिखाई दिया। उसने कहा कि वह राजकीय अतिथि बनकर पाकिस्तान आया था। इसके बावजूद पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस ने उसके सामानों के पैसे वसूले। उसने आगे कहा कि अगर वह भारत में यह करता तो कोई भी एयरलाइंस नाम सुनकर उसके सामानों का शुल्क माफ कर देती।

भारत में नफरत फैलाने वाले भाषण और सांप्रदायिक हिंसा भड़काने के आरोप में वांछित जाकिर नाइक एक अक्तूबर को पाकिस्तान पहुंचा था। वह यहां 28 अक्तूबर तक रहने वाला है। उसने कराची में समर्थकों से यह बात कही। जाकिर नाइक ने कहा, मैं अभी आपको एक मिसाल दूंगा। मैं जब पाकिस्तान आ रहा था, तो सामान का वजन हजार किलो था। तब मुझे रोक दिया गया। मैंने पीआईए के अधिकारियों से बात की। सीईओ, कंट्री मैनेजर, एयरपोर्ट मैनेजर सभी से बात की। उन लोगों ने कहा कि वह मेरे लिए कुछ भी करेंगे।

पाकिस्तान में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ पांच और केस दर्ज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक और जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के खिलाफ मुल्क के पुलिस थानों में पांच और केस दर्ज किए गए हैं। यह केस चार अक्टूबर को इस्लामाबाद के डी-चौक पर पीटीआई के विरोध प्रदर्शन से संबंधित हैं।जियो न्यूज की खबर के अनुसार, पीटीआई के कई अन्य नेताओं को भी नामित किया गया है। इनमें खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर और गिलगित-बाल्टिस्तान के पूर्व मुख्यमंत्री खालिद खुर्शीद शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि डी चौक पर विरोध प्रदर्शन से एक दिन पहले तीन अक्टूबर को मुल्क के आंतरिक मंत्री मोहसिन नकवी ने इमरान की पार्टी को इस्लामाबाद पर हमला÷ शुरू करने के खिलाफ चेतावनी दी थी।

हमले के सायरन बजने के बाद लोग छिपने को मजबूर

आईडीएफ ने दक्षिणी बेरूत को खाली करने को कहा

एजेंसी

यरूशलम। इस्राइली सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर लोगों से अपने-अपने घरों को छोड़ने के लिए कहा। इससे पहले, अविचाई अद्राई ने चेतावनी दी थी कि इस्राइली सेना बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में दो क्षेत्रों-बुर्ज अल-बरजनेह और हदथ में हमला करेगी।

इस्राइल और लेबनान के बीच जारी लड़ाई दिनों-दिन बढ़ती ही जा रही है। बीते दिन इस्राइल के कई शहरों पर रॉकेट हमले किए गए हैं। वहीं, हिजबुल्ला के रॉकेटों ने इस्राइल के तीसरे सबसे बड़े शहर हाइफा पर हमला किया। हिजबुल्ला ने दावा किया कि उसने इस्राइल पर कुल 135 फादी-1 मिसाइलें दागीं। वहीं, लेबनान की राजधानी बेरूत में आईडीएफ के हमलों के बाद इस्राइली सेना ने दक्षिणी बेरूत के लोगों के लिए नया अलर्ट जारी किया है। आईडीएफ ने वहां के लोगों से इलाके को खाली करने के लिए कहा है।इस्राइली सैन्य प्रवक्ता अविचाई अद्राई ने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी कर लोगों से अपने-अपने घरों को छोड़ने के लिए कहा। इससे पहले, अविचाई अद्राई ने चेतावनी दी थी कि इस्राइली सेना बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में दो क्षेत्रों-बुर्ज अल-बरजनेह और हदथ में हमला करेगी, जो हिजबुल्ला के ठिकानों और हितों के पास स्थित हैं।

आसमान में फैल गई नारंगी रोशनी

गौरतलब है कि हिजबुल्ला ने गाजा संघर्ष की पहली वर्षगांठ के मौके पर मध्य इस्राइल के कई शहरों को निशाना बनाते हुए मिसाइल हमले किए। वहीं, सोमवार शाम (स्थानीय समयानुसार) को बेरूत के आसमान में एक और विस्फोट हुआ, जिससे आसमान में लगभग एक सेकंड के लिए रोशनी हुई और उपनगरों में नारंगी रोशनी फैल गई। दिन के दौरान, बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर कई हमलों की आवाजें भी सुनी गईं। बेरूत में यह विस्फोट इस्राइली सेना के निर्देश के बाद हुआ।

एससीओ शिखर सम्मेलन से पहले बड़ा आत्मघाती हमला

कराची। अधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट रविवार की रात हुआ। जिसमें एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई। यह हमला पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी श्रमिकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का ताजा मामला है।पाकिस्तान में एक संदिग्ध आत्मघाती हमले में दो चीनी नागरिकों की मौत हो गई, जबकि 17 घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि यह हमला बलूच विद्रोही समूह की ओर से किया गया,जिसने कराची के व्यस्त जिन्ना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास चीन श्रमिकों के दल को निशाना बनाया। वहीं, बलूच लिबरेशन आर्मी ने हमले की जिम्मेदारी ली है। अधिकारियों के मुताबिक यह विस्फोट रविवार की रात हुआ। जिसमें एक संदिग्ध आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई। यह हमला पाकिस्तान में काम कर रहे चीनी श्रमिकों के खिलाफ बढ़ती हिंसा का ताजा मामला है।

ट्रंप को राष्ट्रपति बनता देखने के लिए पूरी तरह से तैयार

मस्क ने दोहराया समर्थन,कमला हैरिस को भी घेरा

एजेंसी

वॉशिंगटन। अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लगातार सार्वजनिक तौर पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं।

अमेरिका में पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। यहां रिपब्लिकन की ओर से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मैदान में हैं। वहीं डेमोक्रेट्स ने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को चुनावी दौड़ में उतारा है। दोनों ही नेता एक दूसरे को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस बीच, दिग्गज कारोबारी एलन मस्क लगातार सार्वजनिक तौर पर ट्रंप का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने सोमवार को एक बार फिर दोहराया कि वह डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका का अगला राष्ट्रपति बनाने के लिए सब कुछ करने को तैयार हैं। वे ट्रंप को राष्ट्रपति बनता देखने के लिए भी पूरी तरह से तैयार हैं।इसके अलावा, टेस्ला के सीईओ ने डेमोक्रेट्स की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस पर भी हमला बोला। कहा कि अगर वह चुनाव में जीतती हैं तो लोकतंत्र के लिए खतरा है। स्पेसएक्स के मालिक ने कहा, %मेरा विचार यह है कि अगर ट्रंप चुनाव नहीं जीतते हैं, तो इस बार होने वाला चुनाव आखिरी होगा।हाल के सालों में विवादों में घिरे एन मस्क ने कहा कि उनका मानना है कि अवैध प्रवासियों को जानबूझकर कुछ राज्यों में रखा जा रहा है। बाद में डेमोक्रेट के पक्ष में वोट डालने के लिए नागरिकता दी जा सकती है। अब यह स्विंग राज्यों में कभी-कभी 10 से 20 हजार वोट होते हैं।

नवरात्रि पर खिली-खिली दिखेगी आपकी त्वचा

क्या आप भी चाहती हैं हजारों काम के बाद भी आपका चेहरा खिला-खिला नजर आए, तो हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके चेहरे के निखार बरकरार रखेंगी।

नवरात्रि का महापर्व शुरू हो चुका है। नवरात्रि के मौके पर महिलाएं डांडिया, दुर्गा पूजा, गरबा डांस और पंडालों के अलावा घर के कई काम करती हैं। वहीं इस दौरान लोगों के साथ मिलना-जुलना भी होता है। ऐसे में हर महिला सबसे ज्यादा सुंदर और आकर्षक दिखना चाहती हैं। लेकिन हजारों काम के बीच महिलाएं अपनी त्वचा का ख्याल नहीं रख पाती हैं। हालांकि नवरात्रि के दौरान मौसम तेजी से करवट लेता है और इसी के बाद से ठंड बढ़ना तेजी से शुरू हो जाती है।

वहीं तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है और इस दौरान त्वचा संबंधी समस्याएं शुरू होने लगती हैं। लेकिन क्या आप भी चाहती हैं हजारों काम के बाद भी आपका चेहरा खिला-खिला नजर आए, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ ऐसे ब्यूटी टिप्स के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके चेहरे के निखार बरकरार रखेंगी।

बेसिक मेकअप

अगर नवरात्रि का कोई कार्यक्रम खुले में आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान मेकअप को बेसिक ही रखें और हल्का मेकअप करें। क्योंकि अधिक गर्मी या उमस के कारण मेकअप पिघलकर आपके लुक्स को खराब कर सकता है। इसलिए मेकअप को प्राइमर, फाउंडेशन, कंसीलर,आई मेकअप और नॉर्मल लिपस्टिक तक ही सीमित रखें। इससे आपका मेकअप खराब नहीं होगा।

वॉटरप्रूफ प्रोडक्ट्स

नवरात्रि के मौके पर आपको पार्टी, उत्सव या गरबा डांस नाइट के दौरान वाटरप्रूफ मेकअप पर ही फोकस रहें। क्योंकि गर्म मौसम और डांस करने से शरीर का तापमान बढ़ता है, जिससे मेकअप खराब हो सकता है। आपको इस दौरान वॉटर प्रूफ मेकअप जैसे की आई लाइनर, लिपस्टिक, फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए।

पीठ पर करें वैक्स

अगर आप ट्रेडिशनल स्कर्ट के साथ बैकलेस ब्लाउज या चोली पहन कर गरबा नाइट या डांडिया नाइट में जा रही हैं, तो अपनी पीठ पर पोलिश या वैक्स करवाना न भूलें। लेकिन पीठ पर पॉलिश या वैक्स फेस्टिवल स्टार्ट होने से कुछ दिन पहले करवा लें।

आंखों और चेहरे का रखें ध्यान

नवरात्रि के मौके पर नाच-गाना लगा रहता है। ऐसे में अगर आप भी इन कार्यक्रमों में हिस्सा लेने जा रही हैं, तो हल्के फाउंडेशन का इस्तेमाल करें। क्योंकि डांस करने के दौरान पसीना आता है और यदि चेहरे पर फाउंडेशन की भारी मात्रा होती है, तो यह पिघलने लगता है और सारा मजा किरकिरा हो जाता है।

वहीं रात में गरबा डांस करने की वजह से आपकी आंखों में सूजन और पफीनेस आ सकती है। इसलिए आंखों को रिलैक्स करने के लिए 7-9 घंटे की नींद जरूर लें।

हाथ-पैरों का भी रखें ध्यान

अपने फेस के अलावा नाखूनों और पैरों की सुंदरता पर भी जरूर ध्यान दें। ऐसे में आप मैनिक्योर और पैडीक्योर जरूर करवा लें। अगर आपके पास पार्लर जाने का समय नहीं है, तो आप घर पर नींबू के रस और चीनी के मिश्रण से हाथों-पैरों और टांगों पर रगड़ें। वहीं पर्याप्त मात्रा में पानी, जूस या फिर सूप आदि लेते रहें, जिससे आपके शरीर में पानी की कमी न होने पाएं।

सिंघम अगेन के ट्रेलर लॉन्च में नहीं पहुंचीं दीपिका

रोहित शेट्टी की कॉप यूनिवर्स फिल्म 'सिंघम अगेन' का ट्रेलर 7 अक्टूबर को मुंबई में नीता-मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में लॉन्च किया गया। जहां पर फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद थीं। लेकिन दीपिका पादुकोण इस इवेंट में शामिल नहीं हुईं। ऐसे में रणवीर सिंह ने कहा, 'दीपिका बेबी के साथ बिजी है, इसलिए नहीं आप पाई। इसके अलावा एक्टर ने अपनी बेटी को 'बेबी सिंबा' कहकर लोगों से इंटरड्यूज कराया।

रणवीर सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'दीपिका बेबी के साथ बिजी है तो आ नहीं पाई। मेरी ड्यूटी नाइट को है तो मैं आ गया। हमारी फिल्म में इतने सारे स्टार्स हैं तो आपको बता दूं कि ये मेरी बेबी का डेब्यू है, मेरी बेबी सिंबा क्योंकि दीपिका सिंघम की शूटिंग के टाइम प्रेग्नेंट थीं। तो लेडी सिंघम, सिंबा और बेबी सिंबा की तरफ से आप सभी को हैप्पी दिवाली।'

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में रणवीर सिंह काफी मस्ती भरे अंदाज में नजर आए। एक्टर जैसे ही मंच पर पहुंचे तो फिल्म के पोस्टर पर लगी दीपिका पादुकोण की तस्वीर देखकर एकटक निहारने लगे और फिर पत्नी की नजर भी उतारी।

इस दौरान रणवीर सिंह ने ब्लैक आउटफिट कैरी किया हुआ था। उनका बीयर्ड लुक और हेयरस्टाइल ने सभी का ध्यान खींच लिया। मंच पर सभी के सवालों का जवाब देने के बाद एक्टर ने फोटोग्राफर्स से भी मुलाकात की। साथ ही ट्रेलर इवेंट के दौरान रणवीर सिंह डांस करते भी नजर आए।

फिल्म सिंघम अगेन के ट्रेलर लॉन्च के दौरान रणवीर सिंह की कई वीडियोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। इन्हीं में से एक वीडियो में एक्टर भीड़ में फंसी बच्ची को गोद में लेते हुए भी दिखाई दे रहे हैं। जिसे देखकर फैंस भी रणवीर की जमकर तारीफ कर रहे हैं।

बता दें, दीपिका पादुकोण ने 8 सितंबर, 2024 को बेटी को जन्म दिया था। कपल ने एक कौलेब पोस्ट शेयर करके इसकी जानकारी अपने फैंस को दी थी। उन्होंने कैप्शन में लिखा था, नन्हीं परी का स्वागत। दीपिका और रणवीर।

नवरात्रि में साबूदाना डिशेज बनाते समय ना करें ये गलतियां

साबूदाना स्टार्च से भरपूर होता है, और इसलिए जब आप उन्हें पकाते हैं तो वे अक्सर चिपक जाते हैं। लेकिन अगर आपको लगता है कि इन्हें लगातार हिलाने से वे चिपकेंगे नहीं तो आप गलत हैं। लगातार हिलाने से साबूदाना ज़्यादा स्टार्च छोड़ेगा, और आपकी पूरी डिश साबूदाना की एक गांठ में बदल जाएगी।

नवरात्रि के पावन दिनों में देवी मां के भक्त उनकी पूरे सच्चे मन से पूजा-आराधना करते हैं और साथ ही व्रत भी रखते हैं। व्रत रखते हुए वे खाने-पीने से जुड़े नियमों का पालन भी करते हैं। नवरात्रि के दिनों में लोग अनाज का परहेज करते हैं और कुट्टू के आटे व साबूदाना आदि का सेवन करते हैं। साबूदाना की मदद से खीर से लेकर टिक्की तक कई तरह की डिशेज बनाई जाती हैं। साबूदाना ना केवल ग्लूटन फ्री है, बल्कि इसमें कई तरह के विटामिन व मिनरल पाए जाते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी अच्छे हैं। हालांकि, यह देखने में आता है कि अक्सर साबूदाना बनाते समय लोग कुछ छोटी-छोटी गलतियां कर बैठते हैं, जिनसे आपको वास्तव में बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको नवरात्रि में साबूदाना डिशेज बनाते समय की जाने वाली कुछ गलतियों के बारे में बता रहे हैं-

बहुत ज्यादा हिलाना

चूंकि, साबूदाना स्टार्च से भरपूर होता है, और इसलिए जब आप उन्हें पकाते हैं तो वे अक्सर चिपक जाते हैं। लेकिन अगर आपको लगता है कि इन्हें लगातार हिलाने से वे चिपकेंगे नहीं तो आप गलत हैं। लगातार हिलाने से साबूदाना ज़्यादा स्टार्च छोड़ेगा, और आपकी पूरी डिश साबूदाना की एक गांठ में बदल जाएगी। इसलिए खिचड़ी या खीर पकाते समय कभी-कभी हिलाना ही काफी है।

तेज़ आंच पर पकाना

साबूदाना को अक्सर लोग तेज आंच पर पकाने की गलती करते हैं, लेकिन आपको ऐसा कभी भी नहीं करना चाहिए। इससे खाना असमान रूप से पकेगा और साबूदाना भी सतह पर चिपक जाएंगे या फिर वे जल जाएंगे। इसलिए, चाहे आप खिचड़ी, खीर, पराठा या खीर बना रहे हों, आपको साबूदाना को धीमी या मध्यम आंच पर पकाना चाहिए। इससे गांठें नहीं बनेंगी और वे चिपकेंगे नहीं।

सही तरह से ना भिगोना

जब आप साबूदाना बना रहे हैं तो उसे सही तरह से भिगोना बेहद जरूरी है। मसलन, अगर आप एक कप साबूदाना से कुछ बनाने वाले हैं तो उसे 1.5 कप पानी में भिगोएँ। पर्याप्त पानी का इस्तेमाल न करने से भी साबूदाना का टेक्सचर खराब हो सकता है। इसके अलावा, आपको यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि आपने साबूदाना को कम से कम 4-6 घंटे या रात भर के लिए भिगोएं।

राजस्थान घूमने का बना रहे हैं प्लान तो एक्सप्लोर करें ये नेशनल पार्क

भारत के हर राज्य में आपको कुछ न कुछ नया देखने को मिल जाएगा। इसी लिस्ट में राजस्थान शामिल है। राजस्थान शाही राज्य के रूप में अपने राजसी महलों और जीवंत संस्कृति के लिए जानी जाती है।

भारत में घूमने व एक्सप्लोर करने के लिए काफी जगहें हैं। भारत के हर राज्य में आपको कुछ न कुछ नया देखने को मिल जाएगा। इसी लिस्ट में राजस्थान शामिल है। राजस्थान शाही राज्य के रूप में अपने राजसी महलों और जीवंत संस्कृति के लिए जानी जाती है। राजस्थान में कुछ बेहतरीन नेशनल पार्क भी स्थित है। जो आपको नेचर और वन्य जीवन के बेहद करीब ले जाएगा।

अगर आप भी वाइल्डलाइफ एडवेंचर और खूबसूरती नजारों का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो आपको राजस्थान के नेशनल पार्क को एक्सप्लोर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको राजस्थान में कुछ बेहतरीन नेशनल पार्क के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें आपको अपनी ट्रैवल बकिट लिस्ट में जरूर शामिल करना चाहिए।

रणथंभौर नेशनल पार्क

राजस्थान के नेशनल पार्क की बात करें, तो उसमें रणथंभौर नेशनल पार्क का नाम सबसे पहले लिया जाता है। यह नेशनल पार्क राजस्थान के सवाई माधोपुर में स्थित है, इस पार्क को अपने राजसी बंगाली टाइगर के लिए जाना जाता है। यह पार्क समृद्ध इतिहास और प्रचुर वन्यजीवों के लिए जाना जाता है। यहां पर आपको कई प्राचीन खंडहरों में देखने को मिलेंगे। इसमें रणथंभौर किला भी शामिल है। आप यहां पर जंगल सफारी का लुत्फ उठाते हुए इन खंडहरों को देख सकते हैं। यहां पर आपको बंगाली टाइगर तेंदुए, हिरण और कई प्रकार की पक्षी प्रजातियों को देखने का मौका मिलेगा।

केवलादेव नेशनल पार्क

अगर आप बर्ड वॉचर हैं, तो आपको केवलादेव नेशनल पार्क एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। इस नेशनल पार्क को भरतपुर बर्ड सैन्चुरी के नाम से जाना जाता था। बता दें कि यह यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज साइट है। इस पार्क में आपको पक्षियों की 370 से अधिक प्रजातियां देखने को मिलेंगी। इसमें दुर्लभ साइबेरियन क्रेन और रंगीन पेंटेड स्टॉर्क आदि भी देखने को मिलेंगे। सर्दियों में इस नेशनल पार्क में आपको माइग्रेट पक्षियों को देखने का मौका मिलेगा।

डेजर्ट नेशनल पार्क

राजस्थान में आपको डेजर्ट नेशनल पार्क को भी जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह जैसलमेर के पास थार रेगिस्तान में हैं। यह अद्भुत जगह 3000 वर्ग किलोमीटर में फैली है। यहां पर आपको थार रेगिस्तान की अद्भुत सुंदरता देखने का मौका मिलेगा। डेजर्ट नेशनल पार्क में आपको लुप्तप्राय ग्रेट इंडियन बस्टर्ड के साथ-साथ कई अन्य रेगिस्तानी प्रजातियों को देखने को मिलेंगी।

गर्दन पर गहरा कट, टपक रहा खून ही खून...

इमरान हाशमी को गहरा कट लगा है। अभिनेता इमरान हाशमी हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म गुडाचारी 2 के लिए एक एक्शन सीन करते समय घायल हो गए। इमरान की गर्दन पर गहरा घाव लगा है। उनकी गर्दन के पास गहरा कट लगा है जिसकी तस्वीर भी सामने आयी है।

इमरान हाशमी एक शानदार एक्टर हैं। वह अपनी फिल्मों में किरदार में जानें के लिए काफी प्रयास भी करते हैं। वह फिल्मों में अपने एक्शन भी खुद ही करते हैं। फिल्मों में एक्शन सीन के दौरान सितारों को चोटें लगने की खबरें आती हैं। इस बार 45 साल के इमरान हाशमी अपनी फिल्म की शूटिंग के दौरान घायल हो गये हैं। इमरान हाशमी को गहरा कट लगा है। अभिनेता इमरान हाशमी हैदराबाद में अपनी आगामी फिल्म गुडाचारी 2 के लिए एक एक्शन सीन करते समय घायल हो गए। इमरान की गर्दन पर गहरा घाव लगा है। उनकी गर्दन के पास गहरा कट लगा है जिसकी तस्वीर भी सामने आयी है। यह जानकारी उनके बिजनेस एसोसिएट सनी खन्ना ने दी। अभिनेता ने अभी तक चोट के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। गुडचारी 2 की बात करें तो इस फिल्म में अदीवी सेष भी हैं।

45 वर्षीय एक्टर इमरान हाशमी हैदराबाद में गुडाचारी 2 की शूटिंग कर रहे थे, जो 2018 की तेलुगु एक्शन स्पाई थ्रिलर की अगली कड़ी है, जिसमें साउथ के अभिनेता अदिवी शेष अहम भूमिका में मौजूद हैं। इस साल अगस्त में अदीवी सेष ने घोषणा की कि अभिनेता इमरान हाशमी गुडाचारी 2 के कलाकारों में शामिल हो गए हैं, जिससे बड़े पर्दे पर इस सहयोग को देखने के लिए उत्सुक प्रशंसकों में काफी उत्साह पैदा हो गया। घोषणा के तुरंत बाद, इमरान ने फिल्मांकन शुरू कर दिया, लेकिन दुर्भाग्य से सेट पर उन्हें गंभीर चोटें आईं। सोशल मीडिया पर शेयर की गई तस्वीरों में उनकी गर्दन पर गहरा घाव दिखाई दे रहा है, जिसमें खून भी दिखाई दे रहा है। माना जा रहा है कि यह चोट जंपिंग सीन के दौरान लगी। प्रोडक्शन के सूत्रों ने बताया, इमरान फिल्म के लिए एक एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग कर रहे थे, तभी उनकी गर्दन में चोट लग गई, संभवतः जंपिंग के दौरान। मर्डर के अभिनेता वर्तमान में हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। इमरान हाशमी ने एक बार एक इंटरव्यू में बताया था कि वह माउथ फ्रेशनर के विज्ञापन क्यों ठुकरा देते थे। उनसे पूछा गया था कि क्या कभी किसी माउथ फ्रेशनर कंपनी ने उनसे संपर्क किया है। जिस पर इमरान ने जवाब दिया, ÷मैंने बहुत से लोगों को इसलिए ठुकराया है क्योंकि वे मेरे पास तब आए थे जब मुझे अपनी छवि बदलनी थी और मैंने कहा कि अगर मैं ऐसा करूँगा, तो मैं फिर से फंस जाऊँगा। हर साल बहुत से लोग माउथ फ्रेशनर के विज्ञापन देने आते हैं। आप जानते हैं, यह आपका खुद का कैरिकेचर बन जाता है।

टॉक्सिक हेपेटाइटिस से लिवर को पहुंच सकता है नुकसान

लिवर को हेल्दी रखने के लिए हमें अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए। वहीं गलत खानपान की वजह से लिवर से जुड़ी कई बीमारियां हो सकती हैं। ऐसी ही एक बीमारी टॉक्सिक हेपेटाइटिस है। हमारे शरीर का सबसे बड़ा और महत्वपूर्ण अंग लिवर होता है। लिवर हमारे शरीर के कई कार्यों में मदद करता है। इसलिए लिवर को हेल्दी रखने के लिए हमें अपनी डाइट और लाइफस्टाइल का पूरा ध्यान रखना चाहिए। वहीं गलत खानपान की वजह से लिवर से जुड़ी कई बीमारियां हो सकती हैं। ऐसी ही एक बीमारी टॉक्सिक हेपेटाइटिस है। बता दें कि लिवर में होने वाली सूजन को टॉक्सिक हेपेटाइटिस कहा जाता है। जिससे लिवर को नुकसान पहुंचता है और लिवर का काम प्रभावित होता है।

बता दें कि टॉक्सिक हेपेटाइटिस होने की कई वजहें होती हैं। जैसे हानिकारक केमिकल के संपर्क में आना, दवाओं का अधिक सेवन करना और शराब का अधिक सेवन करना आदि। कुछ मामलों में इसके लक्षण किसी टॉक्सिक के संपर्क में आने के कुछ दिनों या कुछ घंटों के बाद विकसित होने लगते हैं। वहीं कई बार इसके लक्षणों को पता लगाने में महीने निकल जाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको टॉक्सिक हेपेटाइटिस के कारण, लक्षण और इलाज के बारे में बताने जा रहे हैं।

क्या है टॉक्सिक हेपेटाइटिस

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक हमारे शरीर में जाने वाली हर चीज को लिवर फिल्टर करता है। लिवर हमारे खून से कई तरह के केमिकल्स को साफ करता है। लिवर को नुकसान पहुंचाने वाले पदार्थों के संपर्क में आने से टॉक्सिक हेपेटाइटिस की समस्या होती है। जब कभी-कभी लिवर ब्लड को प्रोसेस करता है, तो विषाक्त पदार्थ का निर्माण होता है। जिसकी वजह से लिवर में सूजन आ जाती है। कुछ मामलों में टॉक्सिक हेपेटाइटिस माइल्ड हो सकता है। हालांकि कुछ मामलों में यह बेहद गंभीर हो सकता है। टॉक्सिक हेपेटाइटिस लिवर को स्थाई नुकसान भी पहुंचा सकता है। ऐसे में सिरोसिस या लिवर फेलियर का भी खतरा होता है।

लक्षण

स्किन और आंखों का पीला पड़ना(पीलिया)
पेट के ऊपरी दाहिने हिस्से में दर्द
जोड़ों में दर्द (जो कभी कभी होता है)
जी मिचलाना और उल्टी
पेशाब का रंग गाढ़ा होना
भूख कम लगना
स्किन पर रैश
वजन घटना
डायरिया
खुजली
थकान
बुखार

टॉक्सिक हेपेटाइटिस के कारण

दवाओं का अधिक सेवन

अगर आप बिना डॉक्टर की सलाह के दवाओं का सेवन करते हैं, तो यह आपके लिवर को नुकसान पहुंचा सकता है। बता दें कि कई ओवर द काउंटर दवाओं का सेवन करने से भी आपको टॉक्सिक हेपेटाइटिस हो सकता है।

इंडस्ट्रियल केमिकल

वहीं कुछ खास तरह के केमिकल या सॉल्वेंट के संपर्क में आने से भी टॉक्सिक हेपेटाइटिस हो सकता है। अगर सांस के जरिए शरीर के अंदर यह केमिकल जाते हैं, या त्वचा के स्पर्श होते हैं, तो आपको टॉक्सिक हेपेटाइटिस की समस्या हो सकती है।

कीमोथेरेपी

कैंसर होने पर व्यक्ति को कीमोथेरेपी दी जाती है। जिससे लिवर प्रभावित होता है। क्योंकि कीमोथेरेपी में इस्तेमाल होने वाली दवाएं लिवर को नुकसान पहुंचा सकती हैं। जिससे टॉक्सिक हेपेटाइटिस हो सकता है।

हर्बल सप्लीमेंट

कुछ हर्बल सप्लीमेंट जैसे- ब्लैक कोहोश, कॉम्फ्रे, एलोवेरा, इफेड्रा, कावा आदि के सेवन से टॉक्सिक हेपेटाइटिस होने की संभावना हो सकती है। अगर बच्चे गलती से विटामिन की खुराक कम या ज्यादा लेते हैं, तो यह भी लिवर को नुकसान पहुंचा सकती है।शराब आदि के सेवन से लिवर पर भी बुरा असर पड़ता है। खासतौर पर शराब के साथ ड्रग्स लेने पर यह लिवर के लिए बेहद खतरनाक हो सकता है।